# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 24 अगस्त 2026, वर्ष : 17, अंक : 190, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,540.83 | 3.11 (0.00%) |
| निफ्टी | 24,252.00 | 20.15 (0.08%) |

**सर्राफा बाजार** (प्रति 10 ग्राम)

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 1,58,550.00 |
| चांदी | 2700.00 |

## एक झलक

### उपराष्ट्रपति आज आंध्र प्रदेश का करेंगे दौरा

**नयी दिल्ली** : उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन सोमवार को आंध्र प्रदेश के एलुरु जिले के मुसुनुरु का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान, उपराष्ट्रपति मुसुनुरु स्थित गौमेंट पॉपकॉर्निका फैक्ट्री में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वह भारत के पहले गैर-जीएमओ उच्च-विस्तार पॉपकॉर्न मक्का संकर बीज का शुभारम्भ करेंगे, किसानों को सम्मानित करेंगे तथा कृषि हितधारकों और अन्य प्रतिभागियों को सम्बोधित करेंगे।

### राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में शामिल होंगे शाह

**नयी दिल्ली** : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 24 और 25 अगस्त को नयी दिल्ली में आयोजित होनेवाले नौवें राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन में शामिल होंगे। दो दिवसीय सम्मेलन में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े समकालीन मुद्दों और चुनौतियों पर सुरक्षा एवं पुलिस बलों के 850 से अधिक अधिकारी विचार-विमर्श करेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति सम्मेलन का आयोजन इस वर्ष हाइब्रिड प्रारूप में किया जायेगा। इसमें अधिकारी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन, दोनों माध्यमों से भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान देशभर के विभिन्न सुरक्षा बलों और पुलिस संगठनों के अधिकारी राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।

### गोयल की चार दिवसीय जापान यात्रा आज से

**नयी दिल्ली** : वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 24 से 27 अगस्त तक जापान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे टोक्यो, नागोया और ओसाका जायेंगे और भारत का अबतक का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल जापान लेकर जायेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में 200 से अधिक कारोबारी शामिल हैं, जो विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, इस्पात, ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य और स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि टोक्यो में मंत्री शीर्ष जापानी औद्योगिक घरानों और कंपनियों के नेतृत्व से मुलाकात करेंगे।

## अंदर के पन्नों पर


3 चंद्रवंशियों को आर्थिक, शैक्षणिक व राजनीतिक...

5 सूर्या हाइलैंड सिटी में किया गया सावन मिलन...

7 गुमला के सभी 12 प्रखंडों में विधिक सेवा सह...

9 पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती पर राजकीय...

10 शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किये 3000 रन...


## कार्टून कोना




## अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ने लगा है राजकीय श्रावणी मेला

# आज अंतिम सोमवार को जलार्पण के लिए उमड़े शिवभक्त

**एजेंसी**

**देवघर** : राजकीय श्रावणी मेला अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ने लगा है; बावजूद इसके यहां आस्था और भक्ति चरम पर है। सावन के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक के लिए रविवार देर शाम से ही देवघर में कांवरियों की भीड़ बढ़ने लगी। इस वर्ष सावन में चार सोमवार पड़ने के कारण प्रत्येक सोमवार को बाबाधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। तीन सोमवार के बाद अब अंतिम सोमवार को जलार्पण के लिए बड़ी संख्या में कांवरिये देवघर पहुंच चुके हैं। देर रात तक शहर के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ बीएड कॉलेज परिसर में भी कांवड़ियों की अच्छी-खासी संख्या जमा हो गयी।

अंतिम सोमवार को लेकर जिला प्रशासन पहले से ही पूरी तरह मुस्तैद रहा। रविवार देर रात जिला स्तर के अधिकारियों ने स्वयं कांवरिया रूट का निरीक्षण किया और भीड़ की स्थिति के



अनुसार व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया। सुरक्षा व्यवस्था से लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा तक हर पहलू पर विशेष नजर रखी गयी।

इससे पहले श्रावणी मेले के 25वें दिन रविवार तड़के बाबा बैद्यनाथ मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिये गये। कपाट खुलते ही कतारबद्ध कांवरियों ने बाबा बैद्यनाथ पर पवित्र गंगाजल अर्पित कर पूजा-अर्चना शुरू कर दी। मंदिर में जलार्पण का सिलसिला लगातार जारी रहा।

सुल्तानगंज से उत्तरवाहिनी गंगा का जल लेकर देवघर पहुंच रहे शिवभक्तों के उत्साह के आगे थकान और नींद भी बेअसर नजर आयी। भोर की पहली किरण के साथ ही पूरा रूट लाइन गेरुआ वस्त्रधारी कांवरियों से पट गया। कतार में आगे बढ़ते कांवरियों के जयघोष से बाबाधाम और पूरा मेला क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो, ● शेष पृष्ठ 11 पर

# बिना अनुमति रांची में अब नहीं होंगे धरना-प्रदर्शन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : राज्य की राजधानी रांची में लगातार हो रहे धरना-प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली और आमसभाओं को लेकर जिला प्रशासन ने महत्त्वपूर्ण सूचना जारी की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने से पहले सक्षम प्राधिकारी, रांची सदर या बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी से निर्धारित प्रक्रिया के तहत पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

जिला प्रशासन के अनुसार, रांची के विभिन्न इलाकों में समय-समय पर बड़ी संख्या में लोग धरना-प्रदर्शन, जुलूस, रैली और आमसभाओं में शामिल होते हैं। कई बार आयोजकों की ओर से कार्यक्रम की पूर्व सूचना प्रशासन को नहीं दी जाती। अचानक भीड़ जुटने या जुलूस निकलने से यातायात प्रभावित होने के साथ विधि-व्यवस्था और आम नागरिकों की सुरक्षा के सामने भी चुनौती पैदा होती है।

प्रशासन ने कहा कि कार्यक्रम से पहले आयोजकों को आयोजन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करानी होगी, ताकि सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात नियंत्रण के लिए पर्याप्त इंतजाम किये जा सकें। विशेष रूप से जुलूस और रैली के आयोजकों को प्रस्तावित मार्ग, कार्यक्रम की



- जुलूस और रैली के लिए भी अनुमति आवश्यक
- सक्षम प्राधिकारी, रांची सदर या बुंडू के अनुमंडल पदाधिकारी से लेनी होगी इजाजत
- आयोजन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी भी करानी होगी उपलब्ध

तिथि, प्रारम्भ और समाप्ति का समय तथा सम्भावित प्रतिभागियों की संख्या की जानकारी देनी होगी। आवश्यकता के अनुसार कार्यक्रम में शामिल होनेवाले प्रमुख व्यक्तियों का विवरण भी प्रशासन को देना होगा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शांतिपूर्ण तरीके से धरना और विरोध-प्रदर्शन करना नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हिस्सा है। हालांकि, इस अधिकार का प्रयोग सार्वजनिक व्यवस्था, जन-सुरक्षा, यातायात और अन्य नागरिकों के अधिकारों को ध्यान में रखते हुए लागू कानूनों तथा सक्षम प्राधिकारी के वैध निर्देशों के तहत किया जाना चाहिए।

प्रशासन ने कहा कि अनुमति की प्रक्रिया का उद्देश्य लोकतांत्रिक तरीके से होनेवाले शांतिपूर्ण कार्यक्रमों को रोकना नहीं है। इसका उद्देश्य कार्यक्रम में शामिल लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ शहर की कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाये रखना है।

प्रशासन के मुताबिक, ऐसे आयोजनों के कारण कई बार आम लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। एम्बुलेंस, स्कूल वाहनों, सार्वजनिक परिवहन और अन्य आवश्यक सेवाओं के आवागमन पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए आयोजकों से कार्यक्रम की पूर्व सूचना देने और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की अपील की गयी है।

साथ ही, सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ऐसा कोई कार्य नहीं करने को कहा गया है, जिससे सार्वजनिक मार्ग या स्थान ● शेष पृष्ठ 11 पर

# भारत में तेजी से उभर रहा निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र : मोदी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कहा, "भारत का तेजी से उभरता निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र है। वहीं, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने चंद्रयान-3 की दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग, उससे मिले वैज्ञानिक डेटा और 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित करने को बड़ी उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का बढ़ता वैश्विक प्रभाव, खासकर निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की तेजी से बढ़ती भूमिका ने देश को दुनियाभर के ● शेष पृष्ठ 11 पर



### स्टार्टअप को भरोसा दिलाते हुए प्रधानमंत्री बोले...'कोई मेरा हाथ नहीं छोड़ देगा, यह विश्वास पैदा कर रहे'

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों अंतरिक्ष के क्षेत्र में काम करनेवाले स्टार्टअप से जुड़े युवा नेतृत्वकर्ताओं से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार इस प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है कि उन्हें लगे की कोई उनका हाथ नहीं छोड़ देगा। प्रधानमंत्री के आवास पर शुक्रवार को हुए इस संवाद का रविवार को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वीडियो जारी किया गया। इसमें प्रधानमंत्री ने युवा स्टार्टअप नेतृत्वकर्ताओं से कहा कि आपने एक नये क्षेत्र में साहस दिखाया है। सबसे बड़ी बात है कि आपने सरकार की बात पर भरोसा किया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## नेस्ले-पेप्सिको समेत कई कम्पनियों को 150 नोटिस

**नयी दिल्ली** : सरकार ने नियमों का पालन न करने पर कई प्रमुख फूड ब्रांड्स और रिटेल चेन के खिलाफ हाल के महीनों में करीब 150 नोटिस जारी किये हैं। भारत की खाद्य सुरक्षा नियामक संस्था एफएसएसएआई ने ये नोटिस भ्रामक विज्ञापनों, झूठे दावों और लेबल से जुड़े नियमों का पालन नहीं करने पर दिये हैं। जिन कंपनियों को नोटिस जारी किये गये हैं। उनमें नेस्ले इंडिया, पेप्सिको, कोका-कोला इंडिया जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इसके अलावा अमेजन और फ्लिपकार्ट समेत ई-कॉमर्स कंपनियों को भी नोटिस जारी किये गये हैं।

## ब्रिक्स समिट से पहले आज चीन दौरे पर जायेंगे एनएसए डोभाल



- वांग यी के साथ सीमा विवाद पर होगी वार्ता

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल सोमवार को चीन के दौरे पर जायेंगे। इस दौरान वह अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच मंगलवार को विशेष प्रतिनिधि तंत्र की 25वें दौर की बैठक होगी। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है, जब नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन प्रस्तावित है। भारत और चीन के बीच करीब 3,488 किलोमीटर लम्बी सीमा को लेकर लम्बे समय से विवाद है। सीमा विवाद के समाधान के लिए दोनों देशों ने वर्ष 2003 में विशेष प्रतिनिधि वार्ता तंत्र बनाया था। हालांकि, अब तक इसके जरिए सीमा विवाद का अंतिम समाधान नहीं हो सका है, लेकिन दोनों ● शेष पृष्ठ 11 पर

## बंगाल में 3400 करोड़ की पांच रक्षा परियोजनाएं शुरू

**एजेंसी**

**कोलकाता** : गार्डेनरीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स में युद्धपोत निर्माण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को 3400 करोड़ की पांच नयी रक्षा परियोजनाओं का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि राज्य में अब उद्योग बंद होने की नहीं, बल्कि निवेश की खबरें सामने आ रही हैं।



भूमिपूजन की गयीं पांच परियोजनाओं में रायचक शिपयार्ड, टिंबर पोंड शिप बिल्डिंग सुविधा, दामोदर शिप बिल्डिंग सुविधा, रेडियल फोर्जिंग संयंत्र और तीन हजार टन क्षमता वाला ओपन डाई फोर्जिंग प्रेस शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं भारत के भविष्य के संकल्प को मजबूत करेंगी और 'मेक इन इंडिया' तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को आगे बढ़ायेंगी।

राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य भारत को रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाना है। इन परियोजनाओं के माध्यम से इसी दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम उठाया गया है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा की राष्ट्रीय संगठनात्मक बैठक में संगठन विस्तार और जनसेवा पर जोर

**नयी दिल्ली** : भारतीय जनता पार्टी की नयी राष्ट्रीय टीम की पहली बड़ी संगठनात्मक बैठक के दूसरे दिन भी रविवार को चुनावी राज्यों की तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी के विस्तार और देश भर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गयीं। पार्टी मुख्यालय में रविवार को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने की। बैठक में महामंत्री बी एल संतोष, तरुण चुग, विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, सहित कई पदाधिकारियों के साथ राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी भी मौजूद रहे।

## जयराम रमेश ने लोकसभा स्थगन के 10 दिन बाद भी सत्रावसान नहीं होने पर उठाये सवाल

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने लोकसभा के मॉनसून सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के 10 दिन बाद भी सदन का सत्रावसान नहीं किये जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्या केन्द्रीय गृहमंत्री परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को विशेष सत्र में पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने रविवार को 'एक्स' पोस्ट में कहा कि आम तौर पर लोकसभा



के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने और उसके सत्रावसान के बीच दो से चार दिन का अंतर होता है। हालांकि, कई मौकों पर दोनों प्रक्रिया एक ही दिन हुई हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इसके सत्रावसान की कोई जानकारी नहीं है। रमेश ने इस देरी को असामान्य बताते हुए सरकार से इसके कारण स्पष्ट करने की मांग की।

कांग्रेस नेता ने कहा कि यह जरूर है कि 2015 में मानसून सत्र के स्थगन और सत्रावसान के बीच 28 दिन तथा 2021 में 20 दिन का अंतर रहा , लेकिन उन दोनों मौकों पर कोई 'गम्भीर साजिश' नहीं चल रही थी।

# 2027 में दुनिया के फूड सिस्टम सप्लाई को लग सकता है झटका, भारत में भी चुनौती

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली** : जियोपॉलिटिकल तनाव, फर्टिलाइजर की कमी और तेजी से बढ़ते क्लाइमेट जोखिम एक साथ सामने आ रहे हैं तो 2027 में दुनिया के फूड सिस्टम को सप्लाई से जुड़े एक नये झटके का सामना करना पड़ सकता है। जेपी मॉर्गन ने हाल ही में चेतावनी दी है कि 2027 की पहली छमाही में ग्लोबल फूड महंगाई दर बढ़ कर करीब 05 फीसदी हो सकती है, जबकि 2026 की पहली छमाही में यह 2.8फीसदी थी। ऐसा खेती की बढ़ती लागत और सम्भावित रूप से घटती फसल पैदावार के कारण हो सकता है।

यह चेतावनी इस बात को लेकर नहीं है कि दुनिया में अचानक खाने की चीजें खत्म हो जायेंगी, बल्कि यह एक ऐसी मुश्किल स्थिति की ओर इशारा करती है, जिसमें किसानों को खेती के लिए जरूरी इनपुट महंगे दामों पर मिल सकते हैं और उनकी सप्लाई भी कम भरोसेमंद हो सकती है। इसी दौरान खराब मौसम और जलवायु परिवर्तन के कारण फसल की पैदावार पर भी दबाव बढ़ सकता है। इन सभी परिस्थितियों का असर खाद्य कीमतों पर पड़ सकता है, खासकर उन उभरती अर्थव्यवस्थाओं में जहां परिवार अपनी आय का बड़ा हिस्सा खाने-पीने की चीजों पर खर्च करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खाद ऊर्जा बाजार और खाद्य बाजार के बीच सबसे अहम कड़ियों में से एक



- पहली छमाही में ग्लोबल फूड महंगाई दर बढ़ कर हो सकती है करीब 05 फीसदी

है। जेपी मॉर्गन के मुताबिक मध्य पूर्व दुनिया के यूरिया निर्यात का करीब 42फीसदी और अमोनिया निर्यात का लगभग 27 फीसदी हिस्सा रखता है। इस वजह से यह क्षेत्र नाइट्रोजन आधारित खाद के लिए एक अहम वैश्विक स्रोत है। होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास किसी भी तरह की रुकावट इन सप्लाई चेन के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक गैस की ऊंची कीमतें भी दबाव बढ़ा सकती हैं, क्योंकि प्राकृतिक गैस सिंथेटिक नाइट्रोजन खाद के उत्पादन में इस्तेमाल होने वाला एक प्रमुख कच्चा माल है।

जेपी मॉर्गन का अनुमान है कि बाधित फर्टिलाइजर उत्पादन को दोबारा पूरी क्षमता पर लाने में एक से चार साल लग सकते हैं। वहीं, कुछ प्राकृतिक गैस सुविधाओं की मरम्मत में तीन से पांच साल तक का समय लग सकता है। युद्ध/तनाव से ऊर्जा सप्लाई में रुकावट, उससे खाद की कमी, उससे खेती की लागत में बढ़ोतरी और उससे खाद का कम इस्तेमाल यानी कम पैदावार और खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी।

भारत दुनिया के सबसे बड़े यूरिया खरीदारों में से एक है। देश में किसानों को 45 किलोग्राम यूरिया की बोरी के लिए करीब 266.50 रुपये देने पड़ते हैं। यह कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार की कीमतों की तुलना में काफी कम है। इस अंतर की भरपाई सरकार फर्टिलाइजर सब्सिडी के जरिये करती है, लेकिन बढ़ती वैश्विक कीमतों के बीच यह सब्सिडी सरकार पर बड़ा वित्तीय बोझ डाल सकती है। एक रिपोर्ट में एक सरकारी अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष में भारत का फर्टिलाइजर सब्सिडी बिल 31 अरब डॉलर ; यानी करीब 3 ट्रिलियन से ज्यादा हो सकता है। अगर मध्य पूर्व में तनाव लंबे समय तक जारी रहता है, तो यह बोझ और बढ़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अल नीनो से सूखा, बाढ़ और मौसम की दूसरी चरम घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## एक झलक

### बेड़ो से कांवरियों का दल हरिद्वार रवाना



**बेड़ो** : कांवरिया संघ बेड़ो के बैनर तले कांवरियों का दल रविवार की दोपहर हरिद्वार के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना किया। इस दौरान बोल बम व महादानी बाबा के जयघोषों से मंदिर का परिसर आह्लादित व गुंजित रहा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे जितेंद्र पाठक ने बताया कि पूरा जत्था एक साथ यहां से सीधे हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमनोत्री में जलाभिषेक करेंगे। इसके बाद वापसी करेंगे। वहीं महादानी सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप ने सभी श्रद्धालुओं को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं। कांवरियों में देवानंद सिंह, सूरज सिंह,राजू भगत, राजू महतो, रमेश महतो, कुलदीप गोप, रितेश्वर गोप, किशुन गोप, पारस गोप,शंकर गोप सहित अन्य शामिल है।

### बेड़ो में आज होगा शिवसेना का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन

**बेड़ो** : शिवसेना बेड़ो प्रखंड के तत्वावधान में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक महादानी मंदिर परिसर में शिवसेना का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में बेड़ो प्रखंड कमेटी का गठन के साथ-साथ शिवसेना की सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में शिवसेना के झारखंड राज्य प्रमुख दीपक सिंह एवं उपप्रमुख संदीप मुखर्जी का आगमन होगा। सम्मेलन में जिले के सभी पदाधिकारी एवं हजारों की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। रविवार को दिनभर कार्यकताओं ने कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था को अंतिम रूप देने में जुटे रहे। वहीं सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवसेना के राज्य प्रमुख दीपक सिंह के द्वारा महादानी बाबा का भव्य श्रृंगार पूजा किया जाएगा, जिसके बाद प्रसाद व भंडारे का वितरण किया जाएगा।

### कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन



**अनगड़ा** : शिव मंदिर गेतलसूद का रविवार से दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन सह धार्मिक अनुष्ठान शुरू हुआ। पहले दिन कलशयात्रा निकाला गया। इसमें 301 महिलाएं शामिल हुई। स्वर्णरेखा नदी गेतलसूद से जल का उठाव कर जलाभिषेक किया गया। 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन, रामायाण पाठ व महायज्ञ शुरू हुआ। सोमवार को पूर्णाहूति व भंडारा के साथ अनुष्ठान का समापन होगा। मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता जैलेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुंडा, प्रमुख दीपा उरांव, गेतलसूद मुखिया शांति मुंडा, उपमुखिया शंकर बैठा, शिवदास गोस्वामी ने सभी श्रद्धालुओं को कलश व नारियल देकर रवाना किया। पं. ईश्वरचन्द्र गोस्वामी वैदिक विधि विधान से पूजन करा रहे है। मुख्य यजमान में आयोजन समिति के अध्यक्ष हर्ष राज व मनोज कुमार सिंह सपत्नीक शामिल हुए। इस मौके पर सचिव राज बैठा, कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, विशू गोस्वामी, रवि चौधरी, अनंत चौधरी, मंतोष महतो, प्रशांत सिंह,हर्ष राज सिंह आदि उपस्थित थे।

### वृद्धाश्रम और बाल देखरेख संस्थानों का पीडीजे ने किया निरीक्षण

**खूंटी** : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर रविवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष रसिकेश कुमार ने जिले के वृद्धाश्रम और विभिन्न बाल देखरेख संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थानों में रह रहे वृद्धजनों और बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत सुबह नौ बजे पिपरटोली स्थित वृद्धाश्रम से हुई। यहां वर्तमान में 27 वरिष्ठ नागरिक आवासित हैं, जिनमें 19 महिलाएं और आठ पुरुष शामिल हैं। वृद्धजनों को वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। आधार कार्ड में सुधार और नए आधार कार्ड बनाने के लिए जल्द ही वृद्धाश्रम परिसर में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।

## किसान सभा ने सांसद कालीचरण मुंडा को सौंपा ज्ञापन

# संसद में किसानों के मुद्दे को उठाने की रखी मांग




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बुंडू/तमाड़** : संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आव्हान के तहत झारखंड राज्य किसान सभा द्वारा खूंटी लोकसभा सदस्य कालीचरण मुंडा को वन आई,बी,तमाड़ में किसानों के फसलों के लिए 2+ 50 प्रतिशत के दर पर एम एस पी की कानूनी गारंटी, किसान विरोधी भारत अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करने, खनिज विधेयक रद्द करने, कर्ज माफी, बढ़ती किसान आत्महत्याएं, आत्महत्या में मृतक किसानों के आश्रितों को 25 लाख रुपए मुआवजा देने,बीज और बिजली विधेयक, 4 लेबर कोड रद्द करने, मनरेगा की वापसी,200 दिन काम 700 रू मजदूरी, खाद्य सुरक्षा विधेयक वापस लेने, जबरन जमीन अधिग्रहण पर रोक लगाने, जमीन अधिग्रहण कानून 2013, आदिवासी-गैस आदिवासी वनवासियों के लिए ऋफ्र्य एफआर ए 2006 तथा स्वशासन और आदिवासी स्वशासन संबंधी पेशा 1996 के आधार पर भूमि अधिकारों की रक्षा, खाद, पेट्रोल - डीजल की कमी और कालाबाजारी समाप्त कर सब्सिडी बहाली किसानो के लिए नियमित करने, फसल बीमा/ पशुबीमा योजना बनाने, 10 हजार रुपए मासिक पैंशन देने, सहकारी समिति को कारपोरेट कब्जे से बचाने, सभी खेतों तक सिंचाई सुविधाएं देने, हाथियों के आतंक से किसानों को निजात दिलाने आदि किसान मुद्दों को भारतीय संसद में अन्नदाता किसानों के पक्ष में उठाने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर सांसद कालीचरण मुंडा ने कहा कि मैं भी किसान का बेटा हूं, अन्नदाता किसानों के मुद्दों को संसद में जोरदार ढंग से उठाऊंगा। मौके पर झारखंड राज्य किसान सभा के महासचिव सुफल महतो ने कहा 17 से 25 अगस्त तक देश भर में सांसद/ विधायक को ज्ञापन सौंप कर अन्नदाता किसानों को देश के कृषि संकट से बचाने के लिए गुहार लगाया जाएगा। तत्पश्चात मांगे पूरी नहीं होने से 26 नवंबर से देशभर में बड़े किसान आन्दोलन का आगाज होगा, देश के हर लोगों के लिए भात - रोटी, दाल - सब्जी, मांस - मछली, फल- दूध पैदा करने वाले अन्नदाता किसान की आत्महत्याएं देश के लिए चिंता का विषय है, 10 अगस्त के एतिहासिक देशव्यापी जेलभरो आन्दोलन जिसमें लाखों किसानो की गिरफ्तारी ने अन्नदाता किसानों के जन असंतोष को उजागर करता है, मोदी सरकार इससे सबक ले। 13 माह चली किसान आन्दोलन 750 किसानों की शहादत के पश्चात तीनों कृषि कानून रद्द करते हुए 10 दिसम्बर 2021 को मोदी सरकार एवं किसान आन्दोलन के साथ लिखित समझौता लागू नहीं होना मोदी सरकार के घोर किसान विरोधी चरित्र को उजागर करता है, सर्वाधिक महंगाई, बेरोजगरी, नीजिकरण, पेपर लीक का दंश पूरा देश झेल रहा है।

## चार व पांच सितम्बर को श्री कृष्णमय होगी रांची : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति,रांची के सानिध्य में अलबर्ट एक्का चौक, मेन रोड में 4 व 5 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। वर्तमान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति, रांची के संरक्षक व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीपी सिंह व अजय मारू वही समिति के अध्यक्ष मुकेश काबरा है। आज की प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के संरक्षक व रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ विधायक सीपी सिंह, अजय मारू व अध्यक्ष मुकेश काबरा ने बताया कि 4 व 5 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव समिति ,रांची की ओर से अलबर्ट एक्का चौक ,मेन रोड मै श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा समिति द्वारा 16 वर्षों से यह उत्सव हम मनाते आ रहे हैं। प्रथम दिवस 4 सितंबर को संध्या 3:00 बजे श्री कृष्ण के बाल रूप की झांकी यानि बाल गोपाल सजाओ प्रतियोगिता व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है।जिसमें 10 वर्ष तक के श्री कृष्ण के विभिन्न रूपों के साथ बच्चे, बच्चियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे।वही दुतीय दिवस 5 सितंबर को संध्या 3:00 बजे से नमो दही-हांडी फोड़ प्रतियोगिता सह-भजन संध्या सहित नृत्य नाटिका का भव्य व विशाल आयोजन रखा गया है। नमो दही हांडी प्रतियोगिता में पुरुष गोविंदा टीम व महिला गोविंदा टीम भाग ले सकेंगे।

## टाटा डीएवी भुइयांडीह में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर वैज्ञानिक उपलब्धियों का किया अभिनन्दन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल भुइयांडीह में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर भारत की अंतरिक्ष यात्रा, वैज्ञानिक उपलब्धियों और भावी पीढ़ी के अंतरिक्ष स्वप्नों को समर्पित विशेष संदेश प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वैज्ञानिकों एवं भारत के गौरवपूर्ण अंतरिक्ष अभियानों को नमन करते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा को दशार्ते हुए कई मॉडल और चार्ट पेपर बनाकर इस वैज्ञानिक उपलब्धियों का प्रदर्शनी भी लगाई। जिसे उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों एवं अन्य बच्चों ने इसकी सराहना भी की। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस भारत के चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सफल सॉफ्ट लैंडिंग की उपलब्धि की स्मृति में मनाया जाता है। विद्यालय ने इस अवसर को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और खोज की भावना विकसित करने के संकल्प के रूप में रेखांकित किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सोनिया तिवारी ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों की कहानी नहीं, बल्कि सपनों को संकल्प और संकल्प को उपलब्धि में बदलने की प्रेरणा है। उन्होंने विद्यार्थियों से बड़े सपने देखने, निरंतर सीखने और राष्ट्र के वैज्ञानिक विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

## नाबालिग छात्र ने घर में फंदे से लटक कर की आत्महत्या



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिल्ली** : मुरी ओपी क्षेत्र के सुलूमजुड़ी में शनिवार शाम एक नाबालिग छात्र ने घर में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान गाड़ीहालमद झाबरी निवासी राजीव रंजन महतो के रूप में हुई है। वह सिल्ली डीएवी स्कूल में कक्षा 10वीं का छात्र था। जानकारी के अनुसार, प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका विनीता महतो अपने परिवार के साथ सुलूमजुड़ी में किराए के मकान में रहती हैं। शनिवार को वह अपने दोनों पुत्रों राजीव रंजन महतो और छोटे पुत्र संजीव कुमार महतो को घर पर छोड़कर सिल्ली में कंप्यूटर क्लास जाने की बात कहकर निकली थीं। शाम करीब सात बजे घर लौटने पर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को बुलाया गया। इसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। अंदर राजीव फंदे से लटका मिला। परिजनों और आसपास के लोगों ने आनन-फानन में उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर मुरी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक के पिता अशोक कुमार महतो ने बताया कि शनिवार शाम दोनों भाइयों के बीच खेल-खेल में किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद छोटा पुत्र संजीव साइकिल चलाने के लिए घर से बाहर चला गया, जबकि राजीव अपने कमरे में चला गया था। घटना के बाद से परिवार में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मुरी ओपी प्रभारी विकास कुमार पासवान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि नाबालिगों में आत्महत्या एक अत्यंत संवेदनशील और गंभीर विषय है। मानसिक तनाव, पारिवारिक परिस्थितियां, पढ़ाई का दबाव, ऑनलाइन गतिविधियां अथवा अकेलापन जैसे विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुलिस जांच कर रही है।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने 'श्याम अखंड ज्योति पाठ' का किया आयोजन



**रांची** : मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा श्री श्याम प्रभु की असीम कृपा से 23 अगस्त 2026, रविवार को मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, रांची में श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य एवं दिव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में विधि-विधान के साथ श्री श्याम बाबा की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर किया गया। बाबा के दरबार को सुंदर एवं आकर्षक फूलों से सजाया गया था, जिसने सभी भक्तों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 500 से अधिक सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही। इस भव्य आयोजन में प्रसिद्ध पाठ वाचक श्याम रतन श्री श्याम अग्रवाल और ग्रुप द्वारा भव्य नृत्य नाटिका के साथ श्याम कथा और अखंड ज्योति पाठ का सजीव मंचन किया गया। भजन-कीर्तन, झूले का अलौकिक श्रृंगार, मनमोहक झांकियां, इत्र एवं पुष्प वर्षा और छप्पन भोग से पूरा पंडाल श्याममय हो गया। हारे का सहारा, श्याम हमारा के जयकारों और झूल रहे हैं लखदातार...की मधुर पंक्तियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पाठ के पश्चात सभी भक्तों के लिए विशाल प्रसाद का वितरण किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने प्रेम और श्रद्धा भाव से बाबा के प्रसाद को ग्रहण किया। इस आयोजन की संयोजिका सुमिता लाठ, विनीता बिहानी, ज्योति अग्रवाल, विनीता सिंघानिया और निर्मला बागड़िया रहीं। सह-संयोजिका के रूप में हेमा पोद्दार, कोमल पोद्दार, वेदिका सिंघानिया, रंजू मालपानी और नेहा बगड़िया ने सराहनीय सहयोग दिया।

## घघारी धाम से पवित्र जल उठा कर श्रद्धालुओं ने महादानी बाबा का किया जलाभिषेक



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में रविवार, को धार्मिक उत्साह और अगाध श्रद्धा का माहौल रहा। बेड़ो के कटहल टोली, पुरियो व फादिल मरचा के हजारों श्रद्धालुओं ने लापुंग प्रखंड स्थित घघारी धाम के घघारी नदी से जल कलश उठाकर भव्य पदयात्रा निकाली। साथ ही महादानी मंदिर बेड़ो पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से महादानी बाबा का जलाभिषेक किया। वहीं चार घंटे की पदयात्रा में श्रद्धालुओं के आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। वहीं गाजे-बाजे और डीजे की धुनों पर थिरकते हुए श्रद्धालुओं की यह पदयात्रा घघारी धाम से शुरू होकर महादानी मंदिर बेड़ो पहुंची। रास्ते भर श्रद्धालु महादानी बाबा और घघारी बाबा के जयकारे लगाते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने शिवरस की बहती गंगा में डुबकी लगाते हुए भक्तिरस का पान किया। करीब चार घंटे की इस कठिन पदयात्रा के बाद श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महादानी बाबा का जलाभिषेक कर सुख, समृद्धि और शांति की कामना की। वहीं जलाभिषेक के बाद प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन किया गया। इधर लगातार गत तीसरे वर्ष से हो रहे इस आयोजन को सफल बनाने में शिवचर्चा ग्रुप और ग्रामीणों में रमेश महतो, कैलाश कुमार, सुकुल महतो, सरिता देवी, सावित्री देवी, पुष्पा देवी, वासुदेव महतो, अरुण महतो, लक्ष्मण महतो, बसंत महतो, दशरथ, मुकेश महतो, उमेश महतो, परना महतो व अनुज विश्वकर्मा समेत सैकड़ों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

## 16 टीमों के साथ रांची क्रिकेट चैम्पियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट का शुभारम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कांके** : भामाशाह नगर, होचर में सात दिनों तक चलने वाले रांची क्रिकेट चैंपियंस ट्रॉफी टूनार्मेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें बुके देकर किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने ग्रामीण क्षेत्र में नियमों के अनुरूप एवं अनुशासित तरीके से क्रिकेट टूनार्मेंट के आयोजन के लिए आयोजन समिति के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिलता है। टूनार्मेंट के अध्यक्ष रवि लोहरा ने बताया कि सात दिनों तक लगातार चलने वाले इस टूनार्मेंट में झारखंड सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। प्रत्येक टीम के लिए 11,000 रुपये प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार के रूप में 61,000 रुपये तथा द्वितीय पुरस्कार के रूप में 41,000 रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे। टूनार्मेंट के आयोजकों के अनुसार, माय माटी और खबर आज तक यूट्यूब चैनल के माध्यम से प्रतियोगिता के मैचों का लाइव प्रसारण किया जाएगा, जिससे देशभर के दर्शक टूनार्मेंट के खेल प्रदर्शन को देख सकेंगे। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश वरिष्ठ नेता कपिल साहू, कला, संस्कृति एवं खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार गौतम, दीपक लोहरा, पवन साहू, अनूप लोहरा, दानेश्वर साहू, रोहित कुमार, संजय साहू एवं शंकर प्रसाद सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान खेल कोच एवं खिलाड़ियों ने मुख्य अतिथि हरिनाथ साहू को बुके देकर सम्मानित भी किया।

## नौकरी खरीद-बिक्री करनेवालों पर हो कठोर कार्रवाई : कफीलूर रहमान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने JPSC, JSSC-CGL एवं CDPO नियुक्ति मामलों में कथित अनियमितताओं की उड़क अथवा न्यायिक जांच कराने की मांग की है। पार्टी के केंद्रीय संयोजक अधिवक्ता कफीलूर रहमान ने कहा कि योग्य छात्रों पर कार्रवाई करने के बजाय नौकरी की खरीद-बिक्री और भ्रष्टाचार में शामिल लोगों की जांच कर दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। कफीलूर रहमान ने कहा कि जब तक नियुक्ति मामलों की उड़क अथवा न्यायिक जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक छात्र जेन-जी को अपना संघर्ष जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष जांच से ही नियुक्तियों में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जड़ों तक पहुंचा जा सकता है तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सकती है। उन्होंने नौकरशाही में कथित वंशवाद की भी उड़क जांच कराने की मांग की। कहा कि नियुक्तियों में यदि किसी प्रकार की अनियमितता या प्रभाव का इस्तेमाल हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच कर संबंधित दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इससे छात्रों और आम नागरिकों का लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था पर विश्वास मजबूत होगा। अन्नावादी इंसाफ पार्टी ने जेन-जी छात्रों के आंदोलन और उनके संघर्षों का पूर्ण समर्थन करने की बात कही।

## युवा कांग्रेस की बैठक में संगठन मजबूती और महाजुटान रैली की रणनीति पर चर्चा



- 30 अगस्त की महाजुटान रैली में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी का लिया संकल्प

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बेड़ो** : महिला कॉलेज, बेड़ो में रविवार को युवा कांग्रेस की प्रखंड कार्यकारिणी एवं आगामी 30 अगस्त को आयोजित महाजुटान रैली को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। अध्यक्षता युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष हसीबुल अंसारी ने की। बैठक में संगठन को बूथ व प्रखंड स्तर पर मजबूत करने के साथ कार्यकताओं को सक्रिय करने की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष अमित खलखो, विधानसभा अध्यक्ष हुसैन अंसारी, प्रखंड उप प्रमुख मुद्दसिर हक, विधानसभा उपाध्यक्ष जावेद अली, जिला महासचिव अल्ताफ अंसारी, विधायक प्रतिनिधि रेयाज अंसारी समेत युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर हसीबुल अंसारी ने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। वहीं, 30 अगस्त को होने वाली महाजुटान रैली को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए अधिक से अधिक कार्यकताओं व आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। बैठक में कार्यकताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और महाजुटान रैली को सफल बनाने के लिए पूरी सक्रियता से काम करने का संकल्प लिया।

## रामगढ़ में पुलिस ने 22 किलोग्राम गांजा के साथ गुमटी संचालक को पकड़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने 22.2 किलोग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही गांजा की तस्करी में प्रयुक्त दो कार भी जब्त किया गया है। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि शहर के सुभाष चौक के निकट एक गुमटी में अवैध रूप से गांजा की बिक्री की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) अकरम फैज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर निर्देशित किया गया। टीम ने दुर्गा मंदिर के सामने स्थित गुमटी पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस को देख गुमटी में मौजूद युवक ने भागने का प्रयास किया। जिसपर पुलिस कर्मियों ने उसे खदेड़कर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपनी पहचान रितेश कुमार (20 वर्ष) पिता पुरुषोतम कुमार सिंह, निवासी न्यू कॉलोनी बगीचा, थाना रामगढ़ बताया। गुमटी की तलाशी में 960 ग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं युवक की निशानदेही पर उसके घर से 16 अलग-अलग पैकेट में रखा कुल 21.300 किलो गांजा बरामद किया गया। अभियान में गांजे की कुल बरामदगी 22.2 किलोग्राम हुई। इसके साथ ही तस्करी में प्रयुक्त ऑल्टो और अर्टिगा कार को जब्त किया गया है। मामले के संबंध में रामगढ़ थाना कांड दर्ज कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है। गांजे के अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। छापामारी दल में पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय मो. अकरम रजा, रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडेय, पुलिस अवर निरीक्षक जॉनी कुमार रोशन बाड़ा, बिरबल हेम्ब्रम, मंजेश कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, आरक्षी-584 गुलाम खान, आरक्षी-472 अजय कुमार दास, आरक्षी-52 सुकुल विश्वकर्मा और आरक्षी-44 रविशंकर कुमार शामिल थे।

## विहिप के तीन दिवसीय प्रांत मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रामगढ़** : विश्व हिंदू परिषद झारखंड की महिला इकाई मातृशक्ति के तत्वावधान में रामगढ़ के बिंझार स्थित मान्या बैंक्वेट हॉल एंड रिजॉर्ट में आयोजित तीन दिवसीय प्रांत मातृशक्ति प्रशिक्षण वर्ग का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह में विहिप झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार, प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत मातृशक्ति प्रमुख अनिमा पांडेय, सह प्रमुख शशि शर्मा तथा प्रांत बाल संस्कार केंद्र प्रमुख सबिता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान श्रीराम, मां दुर्गा और भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वर्ग में झारखंड के विभिन्न जिलों से सैकड़ों माताओं-बहनों ने भाग लिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विहिप झारखंड के प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन कुमार ने 'राष्ट्रीय चिंतन में महिलाओं की सहभागिता' विषय पर मातृशक्ति को संबोधित किया। उन्होंने लव जिहाद, धर्मांतरण, जातिवाद और घर वापसी जैसे सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इन चुनौतियों के प्रति समाज को जागरूक करने में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाओं को परिवार के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को भी समझना होगा। उन्होंने मातृशक्ति से अपने घर और आसपास बाल संस्कार केंद्र संचालित करने का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को छोटी उम्र से ही भारतीय संस्कृति, सनातन धर्म, परंपराओं और जीवन-मूल्यों से परिचित कराया जाना चाहिए। संस्कारवान पीढ़ी का निर्माण ही मजबूत समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव है। वहीं विहिप झारखंड के प्रांत सह मंत्री मनोज पोद्दार ने कहा कि मातृशक्ति को मां दुर्गा के साहस, शक्ति और आत्मसम्मान को अपना आदर्श बनाना चाहिए। जब समाज की मातृशक्ति जागरूक, संगठित और संस्कारित होगी, तब समाज की बहन-बेटियों के सम्मान की रक्षा और अधिक मजबूती से होगी। उन्होंने कहा कि मातृशक्ति केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि संस्कारवान और सशक्त समाज के निर्माण की प्रमुख शक्ति है। तीन दिनों तक चले प्रशिक्षण वर्ग में विभिन्न सत्रों के माध्यम से कार्यकताओं को संगठनात्मक गतिविधियों, सामाजिक दायित्वों, सेवा कार्यों, योग, व्यायाम, खेलकूद तथा शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का प्रशिक्षण दिया गया। समापन के बाद अतिथि भोजन का आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के लोगों को भी आमंत्रित किया गया। सभी ने सामूहिक रूप से भोजन किया।

## झारखंड जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन का दो दिवसीय राज्य स्तरीय जजेज कोर्स व वार्षिक आमसभा सम्पन्न



**रांची** : झारखंड जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय जजेज कोर्स का सफलतापूर्वक आयोजन 22 एवं 23 अगस्त 2026 को किया गया। इसके साथ ही 23 अगस्त को एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा (AGM) भी संपन्न हुई, जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। राज्य जजेज कोर्स का उद्देश्य जिम्नास्टिक्स के विभिन्न खेल विधाओं में तकनीकी ज्ञान, निर्णयन की गुणवत्ता तथा नियमों की अद्यतन जानकारी को मजबूत करना था। कोर्स में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से कुल 29 खिलाड़ियों/जजों ने भाग लिया। प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन महाराष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय जज अनुश्री वेद पाठक एवं शुभम गिरी की देखरेख में हुआ। दोनों विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को जिम्नास्टिक्स के नवीनतम नियमों, स्कोरिंग प्रणाली, तकनीकी मानकों तथा निर्णयन की बारीकियों की जानकारी दी। इस अवसर पर झारखंड जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन की सचिव तुलिका श्रीवास्तव, डॉ. दीपक कुमार साहु,जीतेन्द्र कुमार, दीप कुमारी मांझी, राजेश कुमार एवं शुभ्रा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## रौनियार वैश्य सभा ने पहाड़ी मंदिर में लगाया भव्य भंडारा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : सावन की अंतिम रविवार को रांची जिला रौनियार वैश्य सभा एवं विभिन्न इकाइयों के सहयोग से पहाड़ी मंदिर सेवा शिविर में विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 7 बजे से दोपहर 2 बजे तक पहाड़ी मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच हलवा-पूरी, सब्जी, चाय एवं शुद्ध पेयजल का वितरण किया गया। पहाड़ी बाबा का जलाभिषेक कर लौट रहे श्रद्धालुओं ने शिविर में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। रौनियार वैश्य सभा पिछले 10 वर्षों से सावन की अंतिम रविवार को पहाड़ी मंदिर में भंडारे का आयोजन करती आ रही है। वहीं प्रत्येक सोमवार को सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक श्रद्धालुओं के लिए चाय, बिस्किट एवं शुद्ध पेयजल की सेवा उपलब्ध कराई जाती है। यह सेवा सोमवार को भी जारी रहेगी। शिविर में सभा अध्यक्ष शंभू प्रसाद गुप्ता, संयोजक मनीष कुमार साहू, महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिहारी लाल गुप्ता, हरमू इकाई के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, सचिव संजय प्रसाद गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारी व सदस्य सक्रिय रहे। अखिल भारतीय रौनियार वैश्य सभा के उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता एवं सहायक मंत्री अजय कुमार गुप्ता ने भी विशेष रूप से उपस्थित होकर सेवा कार्य में सहयोग किया।

## एक झलक

### श्री श्याम मन्दिर में पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यन्त भक्तिमय वातावरण में आयोजित



रांची : अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में दिनांक 23 अगस्त 2026 को पुत्रदा एकादशी उत्सव अत्यन्त भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः काल से भक्तों की भीड़ श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहन कर एव विभिन्न ताजे खुशबू दार फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। वरदानी शीशा का भव्य दर्शन कर भक्तगण अत्यन्त भाव विभोर हो रहे थे। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ पावन ज्योत प्रज्वलित की गई। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वन्दना के साथ संगीतमय संकीर्तन की शुरुआत की गयी।

### पंजाबी हिन्दू बिरादरी ने संसाधनों को सुदृढ़ करने पर दिया जोर

रांची : पंजाबी हिंदू बिरादरी एवं स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी की बैठक शनिवार को पंजाबी भवन, लाल लाजपत राय पथ, ओवरब्रिज के निकट आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिरादरी के अध्यक्ष राजेश मेहरा ने की। बैठक में बिरादरी से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ पूर्व बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पंजाबी हिंदू बिरादरी के महासचिव राजेश मेहरा ने पिछली बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाया। कार्यकारिणी के सदस्यों ने चर्चा के बाद इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया। महासचिव की ओर से लाल लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुंदाग तथा लाल लाजपत राय मिडिल स्कूल, कडरू, रांची में चल रहे कार्यों की जानकारी भी बैठक में दी गई। सदस्यों ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया। बैठक में बिरादरी की बढ़ती सदस्य संख्या और उपलब्ध इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए तत्काल प्रभाव से नए सदस्यों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### मेगा रक्तदान शिविर में 51 लोगों ने किया रक्तदान रक्तवीर की दी गयी उपाधि



रांची : मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण शाखा द्वारा श्री राम भरत मिलाप कार्यालय डोरण्डा बाजार में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन स्वर्गीय बंसीलाल जी गोठी की पुण्यतिथि में आयोजित की गई। जिसका विधिवत उद्घाटन मंच के संरक्षक रोहित शारदा, बालवीर जैन, आनंद गोठी अर्चना गोठी, संपत लाल रामपुरिया मंच के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया एवं लायंस क्लब ऑफ रांची एकलव्य ग्रेटर के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन रामचंद्र अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संरक्षक रोहित शारदा ने कहा कि जिस तरह देश में सीमा में सैनिक अपना कर्तव्य निभा रहे हैं उसी तरह एक आदर्श नागरिक को अपना कर्तव्य निभाते हुए रक्तदान समय समय पर अवश्य करना चाहिए जिससे लोगों की जान बच सके। स्वर्गीय बंसीलाल गोठी के सुपुत्र आनंद गोठी एवं उनकी धर्मपत्नी अर्चना गोठी ने कहा कि इस तरह के सार्वजनिक एवं नेक कार्य के लिए जब भी उनकी आवश्यकता पड़ेगी वह संस्था के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। कार्यक्रम में रांची के विभिन्न स्थानों से आकर रक्तवीरों ने रक्तदान किया एवं शुभ संख्या 51 रक्त संग्रह किया गया। रक्त संग्रह मधुसूदन ट्रस्ट हेल्थ प्वाइंट रांची के द्वारा किया गया इसके संचालक विवेक गौरव अपने साथियों के साथ सुबह से शाम रक्त संग्रह करने में योगदान दिया।

# चंद्रवंशियों को आर्थिक, शैक्षणिक व राजनीतिक रूप से सशक्त बनना होगा : डॉ. प्रेम कुमार

**चंद्रवंशी समाज को आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने पर मंथन**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा की राष्ट्रीय एवं झारखंड प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को विधायक क्लब, विधानसभा सभागार, रांची में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने किया। बैठक में बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से महासभा के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान चंद्रवंशी समाज की सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। समाज को संगठित और सशक्त बनाने को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए महासभा लगातार काम करेगी। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चों को बेहतर शिक्षा, युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर और जरूरतमंद लोगों को हरसंभव सहयोग दिलाने के लिए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से आपसी एकता और संगठन के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने कहा कि राजनीतिक दलों और सरकारों को चंद्रवंशी समाज के हित, अधिकार और सम्मान की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए युवाओं को आगे लाने और उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक नेतृत्व के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। बैठक में संगठन के विस्तार, सदस्यता अभियान, प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन, युवाओं को रोजगार से जोड़ने, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और विभिन्न राज्यों में महासभा की गतिविधियों को मजबूत करने पर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने समाज में एकजुटता बनाए रखने और सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में महामंत्री मुख्यालय रणविजय चंद्रवंशी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रंजीत चंद्रवंशी, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ राम चंद्रवंशी, दक्षिण बिहार के अध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, उत्तर बिहार के अध्यक्ष रंजीत चंद्रवंशी, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष महेश्वर चंद्रवंशी, दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता राज सिंह चंद्रवंशी, झारखंड के प्रदेश महामंत्री वासुदेव राम चंद्रवंशी एवं वीरेंद्र राम चंद्रवंशी सहित विभिन्न राज्यों के प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा हजारीबाग जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, छोटू वर्मा, बबलू चंद्रवंशी, डॉ. गणेश चंद्रवंशी, दुर्गा राम चंद्रवंशी, इंद्र राज आनंद, विनय वर्मा, जितेंद्र सिंह चंद्रवंशी, प्रवीण चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी, मोनू रमानी, शैलेश चंद्रवंशी और राजन वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## हरियाली एकादशी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में श्रावण शुक्ल हरियाली एकादशी के अवसर पर प्रातः काल 5 बजे जब मंदिर के पट खुले तब से ही नियमित रूप से दर्शन करने वालों भक्तों के अतिरिक्त एकादशी में दर्शन करने वालों की भारी भीड़ देखने को मिली प्रातः 5:30 बजे मंगला आरती की गई। कुछ देर बाद मंड के पर्दे लगाकर मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका कोषाध्यक्ष मनोज खेतान एवं वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य श्याम सुंदर शर्मा के सानिध्य में बाबा श्री श्याम का प्रातः कालीन अनुपम श्रृंगार किया गया । सुबह से हरमू रोड हारे के सहारे की जय श्याम प्यारे की जय के जयकारो से हरमू रोड गुंजयमान था। भक्त अपने आराध्य देव के आगे अपनी अर्जी लेकर लाइन में लगे हुए थे। मण्डल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने बताया कि हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी इस दरबार में अर्जी लगाते हैं उनकी अर्जियां बाबा जरूर पूर्ण करते हैं । बाबा के दरबार से कभी भी कोई भक्त खाली नहीं लौटा और बाबा श्री श्याम हर एक भक्त की मनोकामना जरूर पूर्ण करते हैं जो बाबा को सच्चे और निस्वार्थ भाव से ध्याते है। प्रातः कालीन श्रृंगार आरती के बाद जय जय बाबा श्याम के जयकारा के भजनों से मंदिर परिसर गुंजायमान था। मंडल के मंत्री विष्णु चौधरी पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया प्रचार मंत्री रोहित अग्रवाल के सानिध्य में भक्तों के लिए प्रसाद फल इत्यादि वितरण किया जा रहा था।

# इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची का आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची द्वारा शनिवार को डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियाका कुमार के आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरूआत चिरौंदी स्थित ओल्ड एज होम के भ्रमण से हुई। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियाका कुमार के साथ इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची की सदस्याएं वहां पहुंचीं। क्लब द्वारा वहां रह रहे बुजुर्गों के बीच विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्री का वितरण किया गया तथा सभी वृद्धजनों को नाश्ते के पैकेट भी प्रदान किये गये। इस सेवा कार्य से बुजुर्गों के चेहरे पर प्रसन्नता देखने को मिली। इसके पश्चात पार्क प्राइम में डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन के आधिकारिक विजिट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियाका कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब ऑफ पलाश की अध्यक्ष निशी चंद्रा एवं सचिव सरिता, इनर व्हील क्लब ऑफ रेखा की अध्यक्ष शालिनी सिन्हा एवं सचिव नीता शेखर, सीजीआर माला श्रीवास्तव तथा डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण की गरिमामयी उपस्थिति रही। डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन प्रियाका कुमार ने इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची की एक्जीक्यूटिव टीम एवं पदाधिकारियों के कार्यों की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने क्लब की विभिन्न फाइलों एवं अभिलेखों का गहनता से अवलोकन किया और उनके सुव्यवस्थित, उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली रखरखाव की प्रशंसा की। क्लब द्वारा किये जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भी उन्होंने सराहना करते हुए पूरी टीम को आगे भी इसी उत्साह, समर्पण और टीम भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन के उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादायक शब्दों से क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची का यह आधिकारिक डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन विजिट कार्यक्रम सेवा, सौहार्द और प्रेरणा के वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

## गंगा यात्री पीयूष पाठक सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुंआ से निकाली कावड़ यात्रा, पहाड़ी मंदिर में किया जलार्पण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सावन माह के पवित्र अवसर पर गंगायात्री पीयूष पाठक सहित सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुंआ से जल उठाकर कावड़ यात्रा निकाला और पहाड़ी मंदिर में भगवान शिव को जलार्पण किया, इस अवसर पर सरकार से मांग किया गया कि स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल को तीर्थ क्षेत्र घोषित किया जाय, क्योंकि इस क्षेत्र का इतिहास महाभारत काल से भी जुड़ा हुआ है और वनवास के क्रम में पांडव इस क्षेत्र में निवास किए थे, और आज भी यहां पर पांडू नामक गांव अवस्थित है और यह क्षेत्र आम जन समुदाय हेतु एक बड़ा आस्था का केंद्र है। इस अवसर पर रोटी बैंक के विजय पाठक, रांची सिटीजन फोरम के दीपेश निराला, जोहार पार्टी के विजय कुशवाहा, प्रमुख नगड़ी मधुआ कच्छप, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मधुबाला देवी, वार्ड 31 के पूर्व पार्षद अशोक यादव, तपेश्वर केशरी, धरम महतो, राजमोहन महतो, कमलेश केशरी, अनाम संगठन के सदस्य प्रमोद जायसवाल, रितिक, विवेक हर्ष तिर्की विशेष रूप से उपस्थित हुए तथा इस कावड़ यात्रा का स्वागत सापारोम चौक में आदित्य केशरी, साहु नर्सरी परिवार द्वारा किया गया एवं कटहल मोड़ में लाल प्रमोद सिंह शाहदेव के टीम द्वारा स्वागत किया गया और फल एवं शीतल जल का वितरण किया गया।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में श्रीवैष्णवजन आज करेंगे पुत्रदा एकादशी व्रत



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** नगर के प्रसिद्ध दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में श्रीवैष्णव मतावलम्बी श्रद्धालुगण 24 अगस्त सोमवार को श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा नामावली एकादशी का व्रत करेंगे। यह द्वादशी युक्त एकादशी बड़े ही पुण्यदायिनी है ।इस अवसर पर श्रद्धा,भक्ति और उल्लास के साथ निष्ठापूर्वक विभिन्न अनुष्ठानों सहित उद्यास्तमन सेवा और महाभिषेक का आयोजन किया गया है। यह एकादशी व्रत देवताओं के लिए भी दुर्लभ है। यह भगवान् की प्रीति का जनक तथा तपस्वियों का श्रेष्ठ तप है। यह व्रत चारों वर्णों के लिए सदा ही पालनीय व्रत है। एकादशी के दिन सभी पाप चावल (भात) का आश्रय लेकर रहते हैं। इसलिए एकादशी के दिन भात नहीं खाना चाहिए। यदि कला मात्र भी दशमी तिथि एकादशी में पड़ जाती हो, तो उस तिथि का त्याग करना चाहिए। द्वादशी युक्त एकादशी का व्रत उत्तम माना गया है। यदि एक पल भी एकादशी तिथि द्वादशी में पड़ जाए, तो उसी तिथि का व्रत करना उचित है।

### डीएवी स्पोर्ट्स-2026 क्लस्टर III स्टेट लेवल प्रतियोगिता का समापन

# स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का विकास होता है : प्राचार्य




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** 21.08.2026 से दिनांक 23.08.206 इस तीन दिवसीय खेल स्पर्धा का शानदार समापन आज हुआ। इस स्पर्धा की मेजवानी डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल ने किया। अंडर - 14,17,एवं अंडर -19 (बॉयज एवं गर्ल्स) के लगभग 1500 खिलाडियों ने शूटिंग, कबड्डी, फुटबॉल, स्विमिंग, एस्केटिंग एवं बिलियर्ड जैसे प्रतिस्पर्धाओं में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। विद्यालय के प्राचार्य सह एआरओ एवं क्लस्टर इंचार्ज विपिन राय ने सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में पढ़ाई के साथ -साथ खेल को भी बराबर का स्थान दिया गया है। उन्होंने खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम अर्थात सबसे पहले शरीर तभी हम किसी कार्य को कर सकते हैं। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि डीएवी संस्था ज्ञान, विज्ञान के साथ - साथ सुसंस्कृत संस्कार देने के लिए भी कृतसंकल्प है। उन्होंने सभी वर्गों के विजेता खिलाड़ियों को मेडल प्रदान करते हुए बताया कि सभी खेलों के विजेता टीम नेशनल खेल में अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन करेंगे।

## प्रदूषण और विस्थापन झारखंड के लोग झेलें और फैसले केन्द्र दे, यह स्वीकार्य नहीं है : उज्ज्वल तिवारी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संसद से पारित खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन संशोधन विधेयक 2026 (एमएमडीआर) को लेकर कांग्रेस ने तीखा विरोध जताया है। पार्टी प्रवक्ता उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने कहा कि खनिजों पर सेस लगाने के राज्यों के अधिकार को समाप्त करने का यह निर्णय केंद्र सरकार की तानाशाही मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण और विस्थापन की पीड़ा झारखंड के लोग झेलें और नीति-निर्देश केंद्र सरकार से आएं, यह स्थिति किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। तिवारी ने आगे कहा कि केंद्रीय कोल कंपनियों पर पहले से ही झारखंड का करीब 1.32 लाख करोड़ रुपए बकाया है, जो वर्तमान में बढ़कर लगभग 1.60 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है, परंतु मोदी सरकार इस राशि के भुगतान को लगातार रोके हुए है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित प्रदेश कांग्रेस के तमाम वरिष्ठ नेता इस बकाया राशि की मांग बार-बार उठाते रहे हैं, बावजूद इसके केंद्र सरकार पर इसका कोई असर नहीं पड़ा है।

# लायंस क्लब रांची ग्लोबल का चतुर्थ स्थापना समारोह सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** लायंस क्लब रांची ग्लोबल का चतुर्थ स्थापना समारोह शनिवार को रामाडा बाय विन्धम, बरियातू, राँची में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन समारोह संचालक लायन पूनम आनंद ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला गवर्नर पीएमजेएफ लायन शुभ्रा मजूमदार, स्थापना अधिकारी एवं पूर्व जिला गवर्नर पीएमजेएफ लायन कमल जैन, दीक्षा अधिकारी एवं प्रथम उप जिला गवर्नर एमजेएफ लायन कंचन साहू तथा विशिष्ट अतिथि एवं द्वितीय उप जिला गवर्नर पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व जिला गवर्नर पीएमजेएफ लायन माधव लखोटिया की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में लायन अरुण कुमार भारतीया ने अध्यक्ष, लायन डॉ. खुशबू अग्रवाल ने सचिव, लायन मोनिका गोयनका ने कोषाध्यक्ष तथा लायन अल्तमाश आलम एवं लायन संतोष अग्रवाल ने उपाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। लायन आलोक सिंह को संयुक्त सचिव तथा लायन सुमित अग्रवाल को संयुक्त कोषाध्यक्ष बनाया गया। तत्काल पूर्व अध्यक्ष लायन मनोज कुमार मिश्रा ने कहा कि क्लब ने सेवा के क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है और नई टीम इसे नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी। चार्टर अध्यक्ष लायन शैलेश अग्रवाल ने कहा कि क्लब की स्थापना सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी के उद्देश्य से हुई थी और नई टीम इस परंपरा को और मजबूत करेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष लायन अरुण कुमार भारतीया ने सेवा कार्यों को और व्यापक बनाने का संकल्प लिया। सचिव लायन डॉ. खुशबू अग्रवाल ने बेहतर समन्वय एवं व्यवस्थित कार्यप्रणाली पर जोर दिया, जबकि कोषाध्यक्ष लायन मोनिका गोयनका ने पारदर्शी एवं जिम्मेदार वित्तीय व्यवस्था का आश्वासन दिया।

## अग्रसेन जयन्ती महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रथम चरण की प्रतियोगिताएं आयोजित



**रांची :** अग्रवाल सभा रांची के 50 वें श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर आज दिनांक 23 अगस्त 2026, रविवार को प्रतियोगिताओं के पहले चरण में चित्रकला, सुलेख, मेहंदी, गणित दौड़, एवं कविता पाठ प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं का उद्घाटन शहर के प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट राजेंद्र कुमार गाड़ोदिया ने दीप प्रज्वलित करके किया। प्रतियोगिताओं में लगभग 150 बच्चों एवं महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सभा के अध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने आए हुए सभी अभिभावकों एवं बच्चों का स्वागत किया व मंत्री निर्मल बुधिया ने कार्यक्रम की जानकारी दी एवं सभी अग्रवंशियों से आग्रह किया कि रजत जयंती वर्ष व अग्रसेन जयंती के अवसर पर आयोजित सभी कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले।

## पंडित राजकुमार शुक्ल को भारत रत्न देने की मांग, 151वीं जयन्ती पर रांची में हुआ भव्य समारोह



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** हिंदी साहित्य भारती, झारखंड एवं पंडित राजकुमार शुक्ल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में चंपारण सत्याग्रह के प्रणेता, महान स्वतंत्रता सेनानी एवं किसान चेतना के अग्रदूत पंडित राजकुमार शुक्ल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर रांची प्रेस क्लब में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने पंडित राजकुमार शुक्ल के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करते हुए केंद्र सरकार से उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री श्री सी.पी. सिंह ने पंडित राजकुमार शुक्ल के जीवन, संघर्ष और चंपारण सत्याग्रह में उनकी निर्णायक भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजकुमार शुक्ल केवल एक किसान नहीं, बल्कि किसानों की पीड़ा को राष्ट्रीय आंदोलन का विषय बनाने वाले महान जननायक थे। उन्होंने अपने अदम्य संकल्प और निरंतर प्रयास से महात्मा गांधी को चंपारण आने के लिए प्रेरित किया, जिसके परिणामस्वरूप देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा मिली। विशिष्ट अतिथि साहित्यकार डॉ. मयंक मुरारी ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल का व्यक्तित्व भारतीय किसान की संघर्षशील चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इतिहास में अक्सर बड़े आंदोलनों के नेतृत्वकताओं को याद किया जाता है, लेकिन उन आंदोलनों की पृष्ठभूमि तैयार करने वाले व्यक्तित्वों को अपेक्षित स्थान नहीं मिल पाता।

# नन्हे कांवड़ियों ने निकाली भव्य बाल कांवड़ यात्रा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** श्री शिव बारात आयोजन महासमिति, पहाड़ी मंदिर के तत्वावधान में रविवार को बाल कांवड़ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ निकाली गई। गेरुआ वस्त्र धारण किए सैकड़ों नन्हे कांवड़ियों के 'बोल बम' के जयघोष से नक्षत्र वन से पहाड़ी मंदिर तक पूरा मार्ग भक्तिमय हो उठा। हाथों में कांवड़ लिए बच्चों ने नक्षत्र वन से पैदल यात्रा शुरू की और रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल का जलाभिषेक किया। यात्रा की जानकारी महासमिति के प्रवक्ता बादल सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि यात्रा शुरू होने से पहले नक्षत्र वन में बाल कांवड़ियों और शिव-पार्वती के बाल स्वरूपों की आरती की गई। रांची विधायक सीपी सिंह, विजय पाठक, दिव्यानंद स्वामी, राजेश साहू और बादल सिंह ने आरती कर कांवड़ियों को पहाड़ी मंदिर के लिए रवाना किया। आरती के बाद बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। वे पूरे रास्ते ह्वबोल बमह्व और भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए श्रद्धा और उमंग के साथ आगे बढ़ते रहे। यात्रा के दौरान शहरवासियों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह नन्हे कांवड़ियों का स्वागत किया। लोगों ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उनके साथ भगवान शिव के जयकारे लगाए। ढोल-ताशे की थाप, 'बोल बम' के जयघोष और धार्मिक नारों से पूरा यात्रा मार्ग शिवमय नजर आया। बाल कांवड़ यात्रा में शिव-पार्वती के बाल स्वरूप विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा। ढोल-ताशे की थाप पर श्रद्धालु और आयोजन से जुड़े लोग भी झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान बच्चों की भक्ति और उत्साह ने माहौल को और खास बना दिया। नक्षत्र वन से शुरू हुई यात्रा रातू रोड चौक होते हुए पहाड़ी मंदिर पहुंची। मंदिर पहुंचने के बाद सभी बाल कांवड़ियों ने श्रद्धा और विधि-विधान के साथ बाबा महाकाल को जल अर्पित किया।

## स्वर्णकार सावन महोत्सव-26 : झारखंड की धरती पर पहली बार भव्य आयोजन



**रांची :** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन, रजि. झारखंड की ओर से रविवार को होटल बिशु पैलेस, हटिया में स्वर्णकार सावन महोत्सव-2026 का भव्य आयोजन किया गया। झारखंड की धरती पर पहली बार आयोजित इस भव्य पारिवारिक एवं सांस्कृतिक समारोह में समाज की महिलाओं, पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं और अपनी प्रतिभा व उमंग से समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी दिव्यानंद जी महाराज, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी, धर्मेंद्र सोनी एवं संगठन के अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही रंगारंग सावन महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। सावन के रंग में रंगे इस समारोह में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सावन गीतों सहित विभिन्न लोकप्रिय गानों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पूरे समारोह में उत्साह एवं उमंग का माहौल बना दिया।

## सावन पुत्रदा एकादशी पर भक्ति और सेवा का अद्भुत संगम, 280वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद सम्पन्न



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची :** सावन पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर रांची के पुंदाग स्थित एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर में ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज जी के पावन सानिध्य में 280वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद, श्री राधा रानी जी का दिव्य-अलौकिक श्रृंगार एवं भव्य भजन संध्या का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवा, साधना और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में विराजमान श्री राधा रानी जी के दिव्य एवं अलौकिक श्रृंगार से हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। मंदिर के पुजारी अरविंद पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न कर भगवान श्री राधा-कृष्ण को महाप्रसाद अर्पित किया। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का वितरण शुरू हुआ।ट्रस्ट की ओर से आयोजित अन्नपूर्णा सेवा में तीन हजार से अधिक श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक मसालेदार वेजिटेबल खिचड़ी, मैंगो जूस एवं आलू चिप्स के पैकेट वितरित किए गए। महाप्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य की सराहना की और इसे भगवान की कृपा का प्रसाद बताया। सेवा के दौरान पूरे मंदिर परिसर में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक ऊर्जा का वातावरण बना रहा।

## एक झलक

### मृतक का शव लेकर लौट रही विधायक द्वारा प्रदत्त एम्बुलेंस पेड़ से टकरायी, कई घायल

**चौपारण** : चौपारण प्रखंड के चतरा चौपारण रोड पर एक दर्दनाक दुर्घटना हो गई, सुबह लगभग 4:20 बजे सामुदायिक अस्पताल चौपारण को प्रदत बरही विधायक मनोज कुमार यादव द्वारा उपलब्ध कराई गई एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस हजारीबाग से हथिंदर दैहर निवासी ईश्वर राणा का शव को लेकर दैहर वापस लौट रही थी कि बिशनपुर पेट्रोल पंप के आगे चालक को नींद आने के कारण एंबुलेंस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में प्रवेश राणा के सर में चोट लगने से गम्भीर रूप घायल हो गया सुभाष राणा के बाएं हाथ फ्रैक्चर हो गया और रविशंकर राणा घायल होने के कारण से उनकी आवाज बंद हो गया था। जिन्हें उपचार के लिए सामुदायिक अस्पताल चौपारण भेजा गया। वहीं, एंबुलेंस चालक जगदीश यादव के छाती में चोट लगने से घायल हो गया। एम्बुलेंस में सवार बाकी सबलोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। दुर्घटना के बाद घटना सथल पर अफरा-तफरी का मच गया।

### शेख तैयब ने करगालो में एक सौ केबीए विद्युत ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन

**विष्णुगढ़** : प्रखंड अन्तर्गत करगालो पंचायत कारीपहरी टोला में मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने अपने कार्यक्षेत्र में 100 केबीए के नए विद्युत ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया। ग्रामीणों ने नए ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के मौके पर कहा कि जिस कार्य के लिए हमसब ने शेख तैयब का चुनाव किया उसमें वे खरे उतरे है। शेख तैयब उत्पन्न समस्याओं के समाधान के लिए सदैव आसानी से उपलब्ध रहते है। हमसबों ने दो दिन पूर्व ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना जिप सदस्य को दी उन्होंने तत्काल पहल करते हुए शनिवार को नया विद्युत ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इसके लिए हमसब ग्रामीण हृदय से जिप सदस्य शेख तैयब का आभार व्यक्त करते है। मौके पर ग्रामीणों ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। इस मौके पर तिलक महतो, गेंदों महतो, सहदेव साव, गिरधारी साव, मोहन कुमार, चेतलाल महतो, झलिया देवी, कुंती देवी, रीता देवी, रानी कुमारी, महावीर मिर्धा, चंद्रिका महतो, लोकी साव, मनोज यादव, दीपक महतो समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

### ईको-फ्रेंडली राखी प्रतियोगिता में सृष्टि गोराई बनीं विजेता



**झरिया (धनबाद)** : रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर झरिया आमलापाड़ा स्थित स्टेप टू स्टेप डांस एकेडमी की ओर से रविवार को ईको-फ्रेंडली राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाम चार बजे आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों और महिलाओं ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता सभी के लिए खुली थी और इसमें आयु सीमा निर्धारित नहीं की गई थी। प्रतियोगिता की थीम ईको-फ्रेंडली राखी रखी गई थी। प्रतिभागियों ने जूट, सूत, कागज, सूखे फूल-पत्तों समेत पर्यावरण अनुकूल सामग्री का इस्तेमाल कर आकर्षक राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता में मारवाड़ी महिला समिति, झरिया की सदस्यों ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उन्होंने राखियों की रचनात्मकता, सुंदरता और पर्यावरण-अनुकूल सामग्री के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। निर्णायक मंडल में समिति की अध्यक्ष शीला चौखानी, सचिव शिल्पा कार्यवाल, कोषाध्यक्ष सीमा सपरिया, पूर्व अध्यक्ष किरण खड़किया, सदस्य सीमा अग्रवाल, रूपा सुल्तानिया और अनीता तायल समेत अन्य सदस्य शामिल रहीं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद सर्वसम्मति से कुमारी सृष्टि गोराई को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। विजेता को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जबकि सभी बच्चों के बीच चॉकलेट वितरित की गई। कार्यक्रम के आयोजन के लिए मारवाड़ी महिला समिति की ओर से स्टेप टू स्टेप डांस एकेडमी की निदेशक दीपक अग्रवाल को पौधा देकर सम्मानित किया गया।

# मेगा लीगल इंपायरमेंट कैम्प में एक करोड़ की परिसम्पति का वितरण



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार हजारीबाग सचिव कुमाए बिपुल के निर्देशन में प्रखंड मुख्यालय सभागार में मेगा लीगल इंपायरमेंट कैंप का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर का उद्घाटन चीफ एलएडीसी मुरली राणा, असिस्टेंट एलएडीसी सौरभ कुणाल, बीडीओ नितेश भास्कर, सीओ संजय कुमार यादव एवं डॉ रामानुज कुमार ने संयुक्त रूप से दीप जला कर किया। शिविर मंच से चीफ एलएडीसी, असिस्टेंट एलएडीसी, बीडीओ, सीओ, मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र कुमार, बिनोद सिंह सहित अन्य ने बारी-बारी से कानूनी जागरूकता से संबंधित जानकारी दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में अधिकांश लोग कानून के बारे में जानकारी नही होने के कारण सामाजिक न्याय से वंचित रह जाते हैं। जिसमे सबसे बड़ा क्षति महिलाओ को सहना पड़ता है। न्यायालय में शीघ्र एवं सस्ता न्याय मिलना अभी के समय में बहुत कठिन हो गया है। बीडीओ भास्कर ने संविधान में हर नागरिक को सामाजिक न्याय प्रदान करने की बात की गई है। जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति आर्थिक या किसी अन्य कारण से न्याय से वंचित नहीं रह सकता। हर नागरिक को समान अवसर के साथ-साथ आसानी से न्याय उपलब्ध होना चाहिए। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत केंद्र, राज्य एवं जिला स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, उप समिति एवं तहसील विधिक सेवा समिति का गठन किया गया। जिसके अंतर्गत लोगों को सरकारी खर्च पर वकील, कोर्ट फीस के लिए खर्च, अभिलेख कागजातों की सुविधाएं लोगों को प्राप्त करवाना है। साथ ही लोगों को निशुल्क विधिक सेवा पाने का हकदार हैं। वहीं चीफ एवं असिस्टेंट एलएडीसी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति एवं सभी महिला सदस्य अनैतिक अत्याचार के शिकार लोग या ऐसे लोग जिन से सामाजिक शोषण की जाती है। वैसे महिलाएं एवं बच्चे मानसिक रोगी एवं विकलांग व्यक्ति, जातीय हिंसा, बाढ़, सूखा, भूकंप में पीड़ित व्यक्ति औद्योगिक श्रमिक, कारागृह, किशोर मनोचिकित्सक अस्पताल मनोचिकित्सीय परिचर्या अभिरक्षा में रखे गए व्यक्ति ऐसे सभी लोग जिनकी वार्षिक आमदनी तीन लाख से कम है। वह विधिक सेवा पाने का हकदार है। विधिक सेवा प्राप्त करने का हकदार व्यक्ति अपने संबंधित जिले के सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अथवा झारखंड उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति सचिव को प्रखंड में नियुक्त पीएलवी व अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन पत्र दिए गए प्रारूप पर अपने मुकदमे का संक्षिप्त विवरण के साथ दे सकते हैं। जिससे उन्हें निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जा सके। साथ ही उन्होंने अपने प्रखंड में संचालित सारी योजनाओं को बारे में बताया गया और लाभांवित लोगो को सीधा लाभ दिया गया। बीडीओ भास्कर ने पीएम आवास, महिला समूह को 30 लाख का चेक सहित एक करोड़ का परिसंपति का वितरण के लाभुकों को लाभांवित किये। वही सीओ ने राजस्व से संबंधित अधिकार के बारे में जानकारी दिए। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अभिषेक ओझा ने किया। विधिक सशक्तिकरण शिविर में मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु प्रसाद भगत, पंसस प्रतिनिधि अनिल वर्णवाल, पूर्व मुखिया सह प्रतिनिधि बिनोद सिंह, पेंशन विभाग धनंजय तिवारी, गौरव पांडेय, पीएलवी स्मिता कुमारी, नवीन कुमार, हरेंद्र राणा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जिला विधिक प्राधिकार के एकदिवसीय शिविर का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**विष्णुगढ़** : प्रखण्ड सभागार में रविवार को जिला विधिक प्राधिकार द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस झालसा द्वारा आयोजित कार्यक्रम शिविर का उद्धघाटन अनुष्का जैन सिविल जज (जूनियर डिवीजन), सुमित दीक्षित सिविल जज (जूनियर डिवीजन), अधिवक्ता पंकज सिन्हा, विष्णुगढ़ बीडीओ मधुश्री मिश्रा, सीओ नित्यानंद दास, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, रामदेव यादव ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलन कर किया। शिविर कार्यक्रम का संचालन बीपीओ राजमोहन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कानूनविदों द्वारा सभागार में उपस्थित आमजनों को कानून की बारीकियों एवं उत्पन्न समस्याओं से निपटने के लिए महत्त्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सिविल जज अनुष्का जैन ने कहा कि आप सभी सर्वप्रथम अपने अधिकार को जाने, ताकि आगे जाकर किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। यदि आप सभी को किसी तरह की समस्या हो तो आप बेझिझक जिला विधिक से सम्पर्क करें आपको मुफ्त में कानूनी सलाह दी जायेगी। जरूरत पड़ी तो आपके लिए मुफ्त में वकील भी मुहैया कराई जायेगी। जिले में हमलोगों के द्वारा लगातार लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। लोक अदालत में दोनो पक्षो की उपस्थिति में तत्काल मामले का निपटारा किया जाता है। महिलाएं आत्मनिर्भर बने और हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करें और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाये। अपनी बेटियों को अच्छी शिक्षा दे और उनको आगे बढ़ने में मदद करें ताकि उनका भविष्य संवर सके और अपना एवं अपने परिवार का नाम रौशन कर सके। इस विधिक सेवा शिविर के मौके पर जिला विधिक प्राधिकार द्वारा परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया।

## गृह मंत्रालय संचालित राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के कम्प्यूटर विज्ञान व साइबर सुरक्षा पाठ्यक्रम में बीटेक/एमटेक के लिए संजीवनी का चयन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण, हजारीबाग** : बड़े शहरों और महंगे शिक्षण संस्थानों से दूर रहकर भी राष्ट्रीय स्तर की सफलता हासिल की जा सकती है, इसे चौपारण की छात्रा संजीवनी शेखर पिता शशि शेखर ने साबित किया है। वर्षों की मेहनत और निरंतर अध्ययन के बल पर संजीवनी का चयन भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान एवं साइबर सुरक्षा के एकीकृत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में बीटेक एमटेक के लिए हुआ है। उसका चयन इस वर्ष की संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई-मेन ) में प्राप्त अंकों के आधार पर हुआ है। मेरिट सूची में नाम आने के बाद विश्वविद्यालय की ओर से नामांकन की अनुमति भी प्राप्त हो गई है। संजीवनी ने दसवीं तक की पढ़ाई बरही स्थित डीएवी विद्यालय से की। इसके बाद उसने चौपारण के केबीएसएस प्लस टू उच्च विद्यालय से बारहवीं की पढ़ाई पूरी की। स्थानीय स्तर पर उसने बारहवीं तक श्रीधरम क्लासेज के शिक्षक सतीश सिंह से पढ़ाई की। इसके बाद उसने ऑनलाइन माध्यम से अपनी तैयारी जारी रखी। संजीवनी की खासियत यह रही कि उसने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बड़े शहर का रुख नहीं किया। चौपारण में रह कर ही उसने नियमित अध्ययन और आत्मअनुशासन के साथ अपनी तैयारी की और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया। साइबर सुरक्षा को अपना अध्ययन क्षेत्र चुन कर संजीवनी ने भविष्य की एक महत्वपूर्ण चुनौती से जुड़ने का लक्ष्य तय किया है। राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों में विद्यार्थियों को फोरेंसिक विज्ञान, साइबर सुरक्षा और आधुनिक तकनीकी विषयों की विशेषज्ञ शिक्षा दी जाती है। संजीवनी की सफलता ग्रामीण क्षेत्र के उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जिन्हें लगता है कि बड़े सपनों के लिए बड़े शहर जाना जरूरी है। उसकी उपलब्धि यह संदेश देती है कि संसाधन सीमित हो सकते हैं, लेकिन प्रतिभा और मेहनत की कोई सीमा नहीं होती।

## गश्त के दौरान मिले मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**दारू/हजारीबाग** : दारू थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान पुलिस ने एक भटक रहे व्यक्ति को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाकर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की। गश्ती के दौरान पुलिस को एक व्यक्ति अकेले घूमता हुआ मिला। पुलिसकर्मियों ने उससे पूछताछ कर उसका नाम-पता जाना। पूछताछ में उसने अपना नाम विजय जयसवाल, पिता रामकिशोर भगत, निवासी मिशन चौक, लोहरदगा बताया। उसने पुलिस को बताया कि वह रास्ता भटककर दारू क्षेत्र में आ गया है। पुलिस के अनुसार उसकी मानसिक स्थिति भी कुछ कमजोर प्रतीत हुई। इसके बाद दारू थाना पुलिस ने तत्काल सहायता करते हुए लोहरदगा टाउन थाना से संपर्क किया। वहां से जानकारी मिली कि विजय जयसवाल के लापता होने की सूचना उनके परिजनों द्वारा थाना में दी गई है।

## कटकमसांडी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार का विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कटकमसांडी** : जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में रविवार को कटकमसांडी प्रखंड में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके कानूनी अधिकारों, न्यायिक प्रक्रिया एवं जरूरतमंद लोगों के लिए उपलब्ध निःशुल्क विधिक सहायता के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में सिविल जज-7 आलोक कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को कानून से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी होनी चाहिए। आर्थिक या सामाजिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी न्याय से वंचित न रहे, इसके लिए विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, अंचलाधिकारी अनिल कुमार गुप्ता एवं सीडीपीओ सावित्री कुमारी समेत अन्य अधिकारियों ने भी ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं जनहित से जुड़े विषयों की जानकारी दी। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर जानकारी के अभाव में परेशान न हों, बल्कि संबंधित विभाग एवं विधिक सेवा प्राधिकार से संपर्क कर उचित मार्गदर्शन प्राप्त करें। कार्यक्रम में शौकत सरवर, अनिराम महतो, रामचंद्र यादव, गोपाल कुमार सहित प्रखंड एवं अंचल के पदाधिकारी-कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया और अधिकारियों की बातों को गंभीरता से सुना। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं कानूनी जिज्ञासाओं को अधिकारियों के समक्ष रखा, जिस पर उन्हें आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। विधिक जागरूकता कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में भी उत्साह देखा गया। अधिकारियों ने कहा कि जागरूक नागरिक ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है और न्यायपूर्ण समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

## माउंट आबू से आयी राखी से ब्रह्माकुमारी संस्था ने मनाया रक्षाबंधन उत्सव



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण** : ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से रविवार को रक्षाबंधन उत्सव श्रद्धा और भाई-बहन के पवित्र प्रेम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में माता प्रमिला ने दर्जनों बहनों एवं भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संस्था परिसर में आध्यात्मिक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि रक्षाबंधन के लिए राखियां राजस्थान के माउंट आबू स्थित ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्यालय से विशेष रूप से भेजी गई थीं। मुख्यालय से आई राखियों को बाँध कर रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। इससे कार्यक्रम में शामिल लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बीके राजेंद्र भाई ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते का पर्व नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धता, प्रेम, विश्वास और सकारात्मक संकल्प का प्रतीक है। यह पर्व मनुष्य को अपने जीवन में बुराइयों का त्याग कर सद्गुणों को अपनाने की प्रेरणा देता है। माता प्रमिला ने उपस्थित लोगों को राखी बांधते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव बनाये रखने का संकल्प लिया।

### देवी मंडप में 68वां सालाना गांव गुलजारी पूजन समारोह सम्पन्न

## क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना को लेकर हुआ पूजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण, हजारीबाग** : चतरा मोड़ स्थित प्रसिद्ध देवी मंडप में रविवार को 68वां सालाना गांव गुलजारी पूजन समारोह श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना को लेकर आयोजित पूजा में बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं और पुरुष श्रद्धालुओं ने देवी मंडप में माथा टेककर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। पूजन समारोह के दौरान यज्ञ एवं हवन का आयोजन किया गया। हवन के बाद श्रद्धालुओं के बीच भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम के बाद मंदिर परिसर में दिनेश सिंह म्यूजिकल जागरण का आयोजन किया गया। रात्रि जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। भक्ति गीतों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। विधायक मनोज कुमार यादव विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, रामस्वरूप पासवान ने भी देवी मंडप में माथा टेककर पूजा-अर्चना की और क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर उन्होंने कहा कि चौपारण आध्यात्मिक आयोजनों का बड़ा केंद्र है और चतरा मोड़ स्थित देवी मंडप क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां पहुंचने मात्र से श्रद्धालुओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि 68 वर्षों से लगातार इस परंपरा का निर्वहन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। विधायक ने कहा कि गांव के गुलजार रहने, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना से आयोजित होने वाली यह पूजा अपनी तरह की अनूठी परंपरा है। लगातार 68 वर्षों से मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा इस परंपरा को आगे बढ़ाना पूरे क्षेत्र के लिए मिसाल है। ऐसी धार्मिक और सामाजिक परंपराओं का संरक्षण तथा आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। समारोह में पूजा समिति के अध्यक्ष घनश्याम यादव, सचिव विष्णु साहू, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गुप्ता, मीडिया प्रभारी दिलीप राणा, उपसचिव ब्रह्मदेव यादव, संयोजक सुजीत यादव, हेमराज साहू, प्रशांत राणा, विनोद केसरी, उदय केसरी सहित समिति के दर्जनों सदस्य और बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे। पूजा और जागरण के दौरान मंदिर परिसर में पूरे समय श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

## वार्ड पार्षद अनामिका पासवान के नेतृत्व में नयी पंचायत समिति का गठन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : क्षेत्र के विकास, जनसमस्याओं के समाधान और सामाजिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से वार्ड पार्षद अनामिका पासवान के नेतृत्व में नई पंचायत समिति का गठन किया गया। समिति गठन को लेकर आयोजित बैठक में नीरज कुमार को अध्यक्ष एवं करू गोप, दिगंबर कुमार शर्मा, मुंशी राम, देवकी राम, दीपक पासवान, दिलीप साहू, सुंदर ठाकुर, भुवनेश्वर पासवान, कलीम अंसारी एवं बजरंगी पासवान को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं गोविंद राम को सचिव, जय कुमार पांडे को उप सचिव, दिलीप कुमार मिनी को कोषाध्यक्ष तथा शंकर यादव को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद अनामिका पासवान ने कहा कि पंचायत समिति का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए सामूहिक रूप से काम करना है। समिति के सभी पदाधिकारी और सदस्य मिलकर क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा कि जनता और समिति के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। समिति के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की समस्याओं को संबंधित विभाग और प्रशासन तक पहुंचाया जाएगा तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में भी सहयोग किया जायेगा।

## राजनैतिक मामलें की समिति की बैठक में लिये गये कई महत्त्वपूर्ण निर्णय



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में राजनैतिक मामले के समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में विभिन्न मुद्दे को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। आयोजित बैठक की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल नें की। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि आगामी 27 अगस्त को प्रदेश द्वारा कार्यक्रम अयोध्या मंदिर किए गए चंदा की चोरी से जुड़े प्रदर्शित एवं जवाबदेही के प्रश्न तथा खान एवं खनिज विधेयक 2026 से संबंधित झारखंड के हितों, खनिज संपदा एवं राज्यों के अधिकारों से जुड़े विषयों को प्रमुखता से उठाया जायेगा। जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल नें कहा कि इको सेंसेटिव जोन केन्द्र सरकार द्वारा पारित किया गया है। उससे हजारीबाग जिले के 218 चयनित गांवों में विकास की योजनाओं को लेकर केन्द्र सरकार, राज्य सरकार या प्रसाशिक स्तर पर गंभीरता नही दिखाई देती इसके लिए कांग्रेस मांग करती है उक्त क्षेत्र के अधिकारी संवेदनशील रवैया अपनाएं अन्यथा बाध्य होकर कांग्रेस पार्टी आंदोलन करेगी। उन्होंने छात्रों पर किये गये फर्जी मुकदमा को भी अविलंब वापस लेने की मांग की है। मौके पर राष्ट्रीय सचिव अम्बा प्रसाद पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, नवीन कुमार, रेणू कुशवाहा, बिनोद कुशवाहा, शैलेन्द्र कुमार यादव, अरूण साव, विजय यादव, अवधेश कुमार सिंह, आबिद अंसारी, देवराज कुशवाहा, रजी अहमद, दिगम्बर प्रसाद मेहता, मोहम्मद जाविर, अभिषेक राज कुशवाहा, साजिद अली खान, परवेज अहमद जिला मीडिया के अध्यक्ष निसार खान मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## महिलाओं की आत्मनिर्भरता ही विकसित भारत की मजबूत नींव : जयंत सिन्हा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग** : श्री राम जानकी मठ, बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी परिसर में आयोजित आठ दिवसीय जनजातीय गौरव उत्सव-2026 के छठे दिन जनजातीय संस्कृति के साथ महिला उद्यमिता भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। उत्सव में विभिन्न राज्यों से पहुंचीं महिला उद्यमियों एवं महिला समूहों की ओर से करीब 70 स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों पर महिलाओं द्वारा तैयार कपड़े, अचार, हस्तशिल्प, सजावटी सामान, घरेलू उपयोग की वस्तुएं और पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। छठे दिन पूर्व वित्त राज्य मंत्री सह पूर्व हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा उत्सव स्थल पहुंचे। आयोजन समिति की ओर से उनका स्वागत किया गया। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर महिला उद्यमियों से उनके उत्पाद, काम और व्यवसाय से जुड़ी जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग के दर्शन भी किए। जयंत सिन्हा ने कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने हुनर और उत्पादों को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करने वाले ऐसे आयोजन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। हजारीबाग में आयोजित जनजातीय गौरव उत्सव महिला सशक्तीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सराहनीय पहल है। ऐसे प्रयास हजारीबाग के लिए मील का पत्थर साबित होंगे और महिलाओं का हौसला बढ़ाने के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में योगदान देंगे। कार्यक्रम के दौरान जयंत सिन्हा का बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना प्रचार अभियान के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत के द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर विशेष स्वागत किया गया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गुप्ता, प्रसन्न मिश्रा, पुरुषोत्तम उपाध्याय, रितेश खंडेलवाल, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ पत्रकारों का भी मोमेंटो देकर स्वागत किया गया। भाजपा के प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, पंकज मेहता, लालकिशोर साहू, दशरथ साहू और राजेश गुप्ता को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छठे दिन की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण गुप्ता, प्रसन्न मिश्रा, पुरुषोत्तम उपाध्याय, रितेश खंडेलवाल, सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, बिरसा मुंडा जनकल्याण योजना के प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर सावंत, सुबोध सिन्हा, हजारीबाग सदर विधायक के सांस्कृतिक कला विभाग प्रतिनिधि, उत्सव प्रभारी पूनम मिश्रा, मरियम टुडू, ज्योतिष्ण देवी, मंजू मिश्रा एवं सीमा गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# नशामुक्ति के संदेश के साथ युवाओं ने निकाली बाइक रैली



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**


**हजारीबाग** : पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के निर्देश पर रविवार को जिले में नशा मुक्ति अभियान के तहत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में कटकमदाग थाना और बरही थाना क्षेत्र में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान करीब सैकड़ो युवक-युवतियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस दौरान 'रन फॉर नशामुक्ति' कार्यक्रम के साथ बाइक रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। पुलिस पदाधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर दुष्प्रभाव पड़ता है। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए जागरूकता अभियान को और व्यापक रूप दिया जायेगा। कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी को पुलिस ने अभियान की सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। बरही में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बरही, पुलिस निरीक्षक बरही अंचल सहित पुलिस पदाधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## 76 स्कूलों में गूंजा साइबर सुरक्षा का संदेश, थाना प्रभारियों ने सम्भाली जागरूकता की कमान



**धनबाद** : जिले में बढ़ते साइबर अपराध के बीच पुलिस ने स्कूली बच्चों से लेकर आम लोगों को डिजिटल ठगी के प्रति जागरूक करने के लिए अभियान तेज कर दिया है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में शनिवार को जिले के 76 सरकारी एवं निजी विद्यालयों में विशेष साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। संबंधित थाना प्रभारियों ने अभियान की कमान संभालते हुए विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों और आम लोगों को साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताये। गुरुनानक स्कूल गोमो, करकेंद उच्च विद्यालय, कतरास डीएवी उच्च विद्यालय, लोदना उच्च विद्यालय, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय गोविंदपुर और किरण मोंटेसरी स्कूल महुदा समेत विभिन्न थाना क्षेत्रों के शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम हुए। पंचायत सचिवालय महुदा में भी ग्रामीणों को साइबर अपराध के प्रति सजग किया गया। केंदुआडीह थाना क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ आयोजित कार्यक्रम में साइबर अपराध के बदलते तरीकों पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी, एटीएम पिन, सीवीवी और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने की अपील की। सोशल मीडिया के इस्तेमाल में भी सतर्कता बरतने की सलाह दी गई।

## सावन महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरी प्रतिभा की छटा, गीत-संगीत, नृत्य व मनोरंजक प्रतियोगिताओं से सजा समारोह



**हजारीबाग** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई हजारीबाग की ओर से वैभवी बैंक्वेट हॉल प्रधान कैफेटेरिया में सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर विशेष आमंत्रित अतिथि महिला थाना प्रभारी विंध्यवासिनी सिन्हा एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सुधा प्रधान शामिल हुई। सावन की हरियाली, उमंग और उत्साह के बीच आयोजित इस समारोह में कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा से कार्यक्रम को यादगार बना दिया। महोत्सव के दौरान महिलाओं ने सावन के पारंपरिक गीत, नृत्य, संगीत, झूला और विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियां पेश कीं। पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। सावन गीतों और मनमोहक नृत्य की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं में खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला। संस्कृति और परंपरा को जीवंत रखने का प्रयास आयोजकों ने कहा कि सावन महोत्सव जैसे आयोजन समाज की महिलाओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ एक-दूसरे से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे आपसी भाईचारा, सामाजिक एकजुटता और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। साथ ही भारतीय संस्कृति और पारंपरिक त्योहारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने में भी ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## एक झलक

### दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या का आरोप, पति समेत चार नामजद

**बाघमारा (धनबाद) :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर नवविवाहिता की कथित रूप से हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के भरकट्टा ओपी अंतर्गत बरॉय निवासी छटू तूरी ने अपनी पुत्री सुलेखा देवी (32) की ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कतरास थाना में शिकायत दर्ज कराई है। मामले में मृतका के पति विजय तूरी समेत चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। शिकायत में मृतका के पिता ने बताया कि सुलेखा की शादी वर्ष 2019 में सोनारडीह निवासी स्व. सामा तूरी के पुत्र विजय तूरी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा छोटी-छोटी बातों को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था और उसके साथ मारपीट की जाती थी। पिता का आरोप है कि पति विजय तूरी, जेठ पप्पू तूरी, पिंटू तूरी और सास द्वारा लगातार दो लाख रुपये नकद तथा पल्सर मोटरसाइकिल की मांग की जा रही थी। 22 अगस्त की शाम करीब आठ बजे ससुराल पक्ष से फोन कर सुलेखा के घायल होने और अस्पताल में भर्ती होने की सूचना दी गयी। परिजन अस्पताल पहुंचे तो उसे मृत पाया। छटू तूरी ने आरोप लगाया कि कांको चौक के समीप चारों आरोपियों ने सुलेखा के साथ मारपीट की और बाद में उसे निचितपुर अस्पताल ले गये। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### डोमगढ़, मनोहरटांड़ और एसएल-2 के लोगों के लिए आवास आवंटन के रास्ते बंद

**सिन्दरी (धनबाद) :** सिन्दरी बचाओ सामूहिक मोर्चा की ओर से रविवार को मनोहरटांड़ स्थित शहीद मैदान में बैठक आयोजित कर आवास आवंटन के मुद्दे पर परिचर्चा की गई। बैठक में डोमगढ़, मनोहरटांड़ और एसएल-2 के आवासों को एमनेस्टी स्कीम तथा मासिक किराया योजना से अलग किए जाने पर चिंता जतायी गयी। मोर्चा के संयोजक एवं सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोग एमनेस्टी स्कीम के तहत आवास आवंटित कराना चाहते हैं, लेकिन एफसीआई प्रबंधन ने डोमगढ़, मनोहरटांड़ और एसएल-2 के आवासों को एमनेस्टी स्कीम के साथ-साथ मासिक किराया योजना से भी बाहर कर दिया है। इससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के समक्ष आवास को लेकर अनिश्चितता उत्पन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि एक ओर आवास आवंटन के रास्ते बंद कर दिए गए हैं, वहीं दूसरी ओर मनोहरटांड़ और एसएल-2 स्थित आवासों को तोड़ने के लिए एफसीआई प्रबंधन ने निविदा जारी की है। इससे स्थानीय लोगों में बेघर होने का भय बढ़ गया है। मोर्चा ने कहा कि मामले के समाधान के लिए राजनीतिक स्तर पर पहल के साथ कानूनी लड़ाई की तैयारी भी की जा रही है। बैठक में उम्मीद जताई गई कि सामूहिक प्रयासों से प्रभावित लोगों के आवास का स्थायी समाधान निकाला जा सकेगा।

### कॉमरेड आरएन सिंह के संघर्ष और जनपक्षधर विचार समाज को नयी दिशा देते रहेंगे : दीपंकर भट्टाचार्य

**धनबाद :** पलामू जिले के पांकी क्षेत्र में भाकपा (माले) के अग्रणी संस्थापकों में से एक स्वर्गीय आरएन सिंह की प्रतिमा का अनावरण एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में भाकपा (माले) के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड दीपंकर भट्टाचार्य मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कॉमरेड चंद्रदेव महतो विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीपंकर भट्टाचार्य और चंद्रदेव महतो द्वारा स्वर्गीय आरएन सिंह की प्रतिमा के अनावरण से हुई। इसके बाद दोनों नेताओं सहित उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा को संबोधित करते हुए दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि कॉमरेड आरएन सिंह का जीवन संघर्ष, त्याग और जनपक्षधर विचारों की मिसाल रहा है। उन्होंने गरीबों, मजदूरों और वंचित तबकों के अधिकारों के लिए लगातार आवाज उठाई। उनके संघर्ष और विचार आज भी समाज को नई दिशा देने का काम करते हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आरएन सिंह के सिद्धांतों और विचारों को आगे बढ़ाने तथा जनहित के सवालों पर मजबूती से संघर्ष करने का आह्वान किया। वहीं विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि आरएन सिंह ने अपना पूरा जीवन गरीबों, मजदूरों, किसानों और शोषित-वंचितों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। उनका संघर्ष आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि आरएन सिंह के विचार लोगों को एकजुट होकर हक और अधिकार की लड़ाई लड़ने की दिशा प्रदान करते रहेंगे।

# सूर्या हाइलैंड सिटी में किया गया सावन मिलन समारोह का भव्य आयोजन

**सावन मिलन समारोह से महिलाओं में एक भावनात्मक जुड़ाव लगा रहता है : ज्योति शर्मा**



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद के बलियापुर रोड स्थित धांगी मोड़ के समीप स्थित सूर्या हाइलैंड सिटी में ज्योति शर्मा के नेतृत्व में एक भव्य सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सावन मिलन समारोह में सूर्या हाइलैंड सिटी की महिलाएं हरी-हरी साड़ियों एवं हरी-हरी चूड़ियों में सज - धज कर सभी ने अपने हाथों में मेहंदी रचा कर, सावन मिलन समारोह के आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिलाओं द्वारा सावन के झूले एवं नृत्य व संगीत का भी जबरदस्त आयोजन किया गया। सावन मिलन समारोह में महिलाओं ने एक से बढ़ कर एक नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी। इस दौरान सावन मिलन समारोह की आयोजनकर्ता ज्योति शर्मा ने बताया कि यह सावन मिलन समारोह महिलाओं के सौभाग्य का प्रतीक है। सावन महीने में महिलाएं पूरे सावन मास बाबा भोले एवं माता पर्वती का व्रत रखती हैं। श्रावण मास का समापन होने जा रहा है। 28 अगस्त पूर्णिमा को रक्षाबंधन के दिन इस वर्ष के सावन माह की समाप्ति हो जायेगी। सभी महिलाएं भोले बाबा से अपने सौभाग्य की कामना करती हैं। सावन मिलन समारोह इसी का प्रतीक है। इसके अलावा इसी बहाने सभी महिलाओं का एक-दूसरे से मिलना-जुलना भी हो जाता है। आज की जिन्दगी की भाग-दौड़ में सभी के पास समय की बहुत कमी होती है, जिसके कारण लोगों का आपस में मिलना-जुलना कम हो गया है। इस सावन मिलन समारोह में सभी महिलाएं उत्साहपूर्वक एक-दूसरे से मिल-जुल रही हैं। इससे एक भावनात्मक जुड़ाव भी लगा रहता है। इस सावन मिलन समारोह में सूर्या हाइलैंड सिटी की सैकड़ों महलाओं ने भाग लिया। इनमें ज्योति शर्मा के अलावा बिभा पसाद, सुलक्षणा सिंह, ममता सिन्हा, ज्योति विशकर्मा, अनीता शर्मा, प्रीति गुप्ता, मधु बंसल, बबली श्रीवास्तव, रानी शर्मा, बिन्दु सिंह, अनीता, सुषमा सिंह, सारिका श्रीवास्तव, रीना कुमार, सरिता सिन्हा, रश्मि शर्मा, आरती श्रीवास्तव, प्रिया सिन्हा एवं सुजाता मुख्य रूप से शामिल हुईं।

## सनीज फिटनेस में धूमधाम से मना सावन उत्सव

### महिलाओं ने बिखेरे उत्साह के रंग



**धनबाद :** शहर के प्रसिद्ध फिटनेस सेंटर सन्नी फिटनेस में एक विशेष एवं भव्य कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। सनीज फिटनेस में धूमधाम से सावन उत्सव मनाया गया। इसमें महिलाओं ने खूब उत्साह के रंग बिखेरे। सनीज फिटनेस में सावन के पावन अवसर पर महिला सदस्यों द्वारा भव्य 'सावन उत्सव' का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस दौरान जिम की सभी महिला मित्र पारम्परिक परिधानों और हरे रंग की खूबसूरत वेशभूषा में सज-धज कर पहुंचीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सनीज फिटनेस की मालकिन सुधा पांडेय एवं जनता मजदूर संघ की प्रमुख मिनी सिद्धार्थ गौतम उपस्थित रहीं। अतिथियों का स्वागत पारम्परिक रीति-रिवाजों और पुष्पगुच्छ देकर किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं**

**उत्सव** के दौरान महिलाओं ने सावन के पारम्परिक गीतों और संगीत पर जम कर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कई तरह के मनोरंजक खेल, मेहंदी और सावन क्वीन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिला सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया।

**अतिथियों ने दीं शुभकामनाएं**

**मुख्य** अतिथि सुधा पांडेय ने सभी महिला सदस्यों को सावन की बधाई देते हुए फिटनेस के साथ-साथ ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों के महत्त्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्सव आपसी सौहार्द और सकारात्मकता को बढ़ते हैं।

## धनबाद में मैथिलानी सखी सावन मिलन समारोह

### सावन गीतों पर झूमीं महिलाएं



**धनबाद :** यूआईटी प्रोडक्शन की ओर से रविवार को पुलिस लाइन स्थित होटल बोनफायर में धनबाद मैथिलानी सखी सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। हरे रंग की साड़ियों में सजी महिलाओं ने सावन गीतों पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान आकर्षक गेम्स और विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन हुआ। मैथिलानी सखी की अध्यक्ष रीता चौधरी ने कहा कि एकता हमारी पहचान, सहयोग हमारी शक्ति, सम्मान हमारा संस्कार और विकास हमारा लक्ष्य है। उन्होंने सफल सावन मिलन समारोह के आयोजन के लिए यूआईटी प्रोडक्शन का आभार जताया। यूआईटी प्रोडक्शन के क्रिएटिव डायरेक्टर रामप्रवेश ने कहा कि यह उनका पहला सावन इवेंट था, जो बेहद शानदार रहा। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में नेहा, खुशबू, सोनम और अभिनव के महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। मौके पर रीता चौधरी, सरिता मिश्रा, नीलम मिश्रा, खुशबू कुमारी, मीनू मिश्रा, कबीता पाठक, सुनीलम मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने 'हर-हर महादेव' के जयघोष के साथ सावन माह की शुभकामनाएं दीं।

## संकल्प एजुकेशन अंगारपथरा में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन

# दर्जनों बच्चों ने जाना अंतरिक्ष यात्रियों का जीवन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बाघमारा (धनबाद):** संकल्प एजुकेशन अगारपथरा में रविवार को जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दर्जनों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान भारत के महान वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष यात्रियों के योगदान को याद करते हुए बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की उपलब्धियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में राकेश शर्मा, शुभांशु शुक्ला, कल्पना चावला, सुनीता विलियम्स, राजीव चारी, प्रशांत बालकृष्णन नायर, अजीत कृष्णा और अंगद प्रताप समेत अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के जीवन एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। छात्रों ने अंतरिक्ष यात्रियों के संघर्ष, प्रशिक्षण और अंतरिक्ष अभियानों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि 23 अगस्त 2023 को भारत के चंद्रयान-3 मिशन ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में सफल सॉफ्ट लैंडिंग कर देश की अंतरिक्ष क्षमता का दुनिया के सामने लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस युवाओं में विज्ञान, अनुसंधान और अंतरिक्ष क्षेत्र के प्रति रुचि बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बच्चों से वैज्ञानिक सोच विकसित करने और देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंध निदेशक मनोरमा देवी, शिक्षक कुणाल कुमार शर्मा, जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रवि कुमार निषाद, सह-संस्थापक रंजीत कुमार, जनजातीय कल्याण पदाधिकारी सुधीर हेंब्रम और कार्यक्रम पदाधिकारी शमशेर अली का सराहनीय योगदान रहा।

## हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित हो : राज सिन्हा



**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने रविवार को नावाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोवाडीह में बूथ संख्या 47, 48, 49 एवं 50 पर चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पदाधिकारियों, बीएलओ एवं कार्यकताओं से पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा स्थानीय नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। राज सिन्हा ने कहा कि मतदाता सूची लोकतंत्र की बुनियाद है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, मनमानी या त्रुटि स्वीकार नहीं की जाएगी। एसआईआर का उद्देश्य किसी पात्र नागरिक को मताधिकार से वंचित करना नहीं, बल्कि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने बीएलओ एवं संबंधित अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वर्षों से मताधिकार का प्रयोग कर रहे नागरिकों के नाम और विवरण की जांच पूरी पारदर्शिता से होनी चाहिए।

# नेरो में वृहद पौधरोपण, ग्रामीणों ने लिया प्रकृति संरक्षण का संकल्प




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** 'एक पौधा-एक संकल्प-एक बेहतर भविष्य' के संदेश के साथ तोपचांची प्रखंड के स्वावलंबी ग्राम नेरो में रविवार को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान सैकड़ों फलदार और औषधीय गुणों वाले पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण और गांव को स्वच्छ-सुंदर बनाने का संकल्प लिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण जरूरी है। झारखंड प्राकृतिक संपदा से समृद्ध राज्य है और पर्याप्त वर्षा का लाभ उठाकर अधिक से अधिक पौधे लगाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीणों की आजीविका मजबूत करने के उद्देश्य से फलदार पौधों को प्राथमिकता दी गई है। इससे ग्रामीण पौधों के संरक्षण के लिए भी प्रेरित होंगे। उन्होंने नई पीढ़ी को पर्यावरण का वास्तविक संरक्षक बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति से जीवन में कम से कम 20 से 30 पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने 'वन रक्षाबंधन' और 'वन देवी' जैसी पारंपरिक अवधारणाओं की सराहना की। नेरो पहुंचने पर ग्रामीणों ने उपायुक्त का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। महिलाओं ने उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। पौधरोपण के बाद उपायुक्त ने गांव की सबसे छोटी बच्ची को अपने साथ बैठाकर ग्रामीणों को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। मौके पर टुंडी विधायक के प्रतिनिधि, तोपचांची अंचल अधिकारी, प्रखंड प्रमुख समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रखितपुर में छठी इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, विभिन्न गांवों से पहुंचे प्रतिभागी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/बलियापुर :** रखितपुर में रविवार को आला हजरत एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से छठी इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बलियापुर के अलावा आसपास के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान इस्लामिक ज्ञान से जुड़े सवालों के जवाब देकर प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और ज्ञान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में तंजीम इत्तहादे मिल्लत कमेटी के सदर सह भालबेड़ निवासी मौलाना अब्दुल मोबिन अजीजी ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से बच्चों और युवाओं में ज्ञान अर्जित करने की रुचि बढ़ती है। साथ ही धार्मिक एवं नैतिक शिक्षा को बेहतर तरीके से समझने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रश्नों के उत्तर दिये। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को इस्लामिक शिक्षा से जोड़ने के साथ उनमें अध्ययन, अनुशासन और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम में मो. आसिफ रजा, खातिब इमाम, मौलाना मोहर्रम अली, अल्हाज मास्टर, मोहम्मद मोईन, मोहम्मद हकीमुद्दीन अंसारी, मौलाना हाशिम रजवी, मौलाना मुस्तकीम, मौलाना तस्लीम रजा, हाफिज मजहर, हाफिज गुलाम सरवर समेत अन्य लोग मौजूद थे। आयोजन को सफल बनाने में फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों और स्थानीय लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## डिगवाडीह में टोटो व छोटा हाथी की टक्कर, दो घायल

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के डिगवाडीह दस नंबर मस्जिद के समीप रविवार दोपहर टोटो और पानी ढोने वाले छोटा हाथी वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दुर्घटना में टोटो चालक नंदू यादव और उस पर सवार महिला चिंता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद छोटा हाथी का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जोड़ापोखर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को चासनाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच, धनबाद रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि चिंता देवी की हालत नाजुक बनी हुई है। नंदू यादव डिगवाडीह का रहने वाला है, जबकि चिंता देवी चासनाला की निवासी बताई जा रही हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त टोटो और छोटा हाथी वाहन को जब्त कर थाना ले आयी है।

## केन्द्र की खान व खनिज नीति पर कांग्रेस का हमला, संगठन को मजबूत करने पर जोर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/तोपचांची :** तोपचांची होटल आश्रय में रविवार को तोपचांची प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड प्रभारी राजेश राम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक मजबूती के साथ-साथ केंद्र सरकार की खान एवं खनिज नीति पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने केन्द्र सरकार की खान एवं खनिज नीति पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र की नीतियों का सीधा असर खनन क्षेत्रों के मजदूरों, स्थानीय लोगों और विस्थापित परिवारों पर पड़ रहा है। खनिज संपदा से समृद्ध झारखंड को उसका उचित अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के हितों और स्थानीय अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, आम लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क बढ़ाने और पार्टी की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने की अपील की।

### खनिज सम्पदा पर राज्यों का हक छीनना संघीय ढांचे पर हमला : आनंद महतो



**धनबाद/बलियापुर :** भाकपा माले बलियापुर प्रखंड कमेटी की विस्तारित बैठक रविवार को केंदुआटांड़ स्थित पार्टी कार्यालय में प्रखंड सचिव गणेश चंद्र महतो की अध्यक्षता में हुई। संचालन देवाशीष पांडे ने किया। बैठक में पार्टी के पोलित ब्यूरो सदस्य सह पूर्व विधायक आनंद महतो मुख्य वक्ता के रूप में शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए आनंद महतो ने केंद्र सरकार पर राज्यों के संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद से पारित खनिज एवं खान विकास विनियमन संशोधन विधेयक, 2026 राज्यों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उनके अनुसार, सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने राज्यों को खनिजयुक्त भूमि पर टैक्स और रॉयल्टी लगाने का अधिकार स्पष्ट किया था, लेकिन केंद्र सरकार ने नये प्रावधान के जरिए उस फैसले के प्रभाव को बदलने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे खनिज संपदा से समृद्ध राज्य को इससे भारी राजस्व नुकसान हो सकता है। इससे विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार राज्यों का अधिकार छीनकर बड़े पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश कर रही है। जिला सचिव बिंदा पासवान और प्रखंड सचिव गणेश चंद्र महतो ने कहा कि पार्टी गांव-गांव जाकर लोगों को इस मुद्दे पर जागरूक करेगी और जल, जंगल, जमीन व खनिज संपदा के अधिकार को लेकर जन आंदोलन तेज किया जायेगा। बैठक में 24 अगस्त को धनबाद टाउन हॉल में आयोजित राज्य स्तरीय 'छात्र-युवा संसद' में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

## शिक्षा के विकास को नयी गति, विधायक राज सिन्हा ने विद्यालय भवन निर्माण का किया शिलान्यास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने रविवार को नावाडीह पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लोवाडीह तथा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित एस.एस.एल.एन.टी. सी.एम. स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर गर्ल्स में भवन निर्माण विभाग की ओर से बनने वाले विद्यालय भवनों का नारियल फोड़ कर विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि नए विद्यालय भवनों के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, आधुनिक सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि धनबाद के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उनके आसपास ही उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत आधारभूत संरचना बच्चों के उज्वल भविष्य की नींव तैयार करती है। भवन निर्माण पूरा होने के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण और सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम में भूली मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सन्नी रवानी, अमरेंद्र सिंह, मुखिया तपन दत्ता, सतेंद्र ओझा, संजय गोस्वामी, पप्पू शर्मा, सदानंद पाल, संजय मंडल, जितेंद्र कुमार, पप्पू सिंह, शंकर तिवारी, धर्मेंद्र सोनकर, सपन कश्यप, प्रदीप विश्वकर्मा, टिंकू खत्री, मनोज मालाकार सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता, स्थानीय ग्रामीण और विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे। विद्यालय भवन निर्माण की यह पहल क्षेत्र में शिक्षा के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के साथ विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## आयुर्वेद अपनाने और स्वास्थ्य जागरूकता का दिया संदेश



**बाघमारा (धनबाद) :** कतरास बाजार के श्यामडीह स्थित स्वागत भवन में 'एस्क्लेपियस वेलनेस प्राइवेट लिमिटेड' के बैनर तले 'फाइटर परिवार सुरक्षा योजना' के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस दौरान लोगों को दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रतिनिधियों ने आयुर्वेद के महत्व के साथ-साथ संस्था से जुड़कर स्वरोजगार के अवसर प्राप्त करने और आर्थिक रूप से सशक्त बनने की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

राजस्थान से पहुंचे कंपनी के रॉयल डायमंड सुरेंद्र राणा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आधुनिक जीवनशैली में स्वस्थ और निरोग रहने के लिए पारंपरिक आयुर्वेदिक पद्धतियों को अपनाना उपयोगी हो सकता है। उन्होंने लोगों से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन बोकारो की रुक्मिणी देवी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कतरास के निरंजन महतो, त्रिलोचन दे सहित कई गणमान्य लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## झरिया जलागार के समीप मकानों में दरार से आक्रोश, महाप्रबंधक का पुतला फूंका



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** झरिया जलागार से महज 100 मीटर की दूरी पर दर्जनों मकानों में दरार पड़ने से स्थानीय नागरिकों और व्यवसायियों में आक्रोश है। इसके विरोध में रविवार को झरिया बाटा मोड़ स्थित गणेश चौक के समीप क्षेत्र संख्या-9 के महाप्रबंधक एसके गायकवाड का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने राजापुर परियोजना बंद करने, झरिया जलागार को सुरक्षित करने और बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पूर्व पार्षद अनूप कुमार साव ने आरोप लगाया कि राजापुर परियोजना में अनियमित उत्खनन के कारण झरिया जलागार खतरे में आ गया है। उन्होंने कहा कि यदि मकानों में आई दरार जलागार तक पहुंचती तो झरिया की हजारों आबादी की जलापूर्ति प्रभावित हो सकती थी। उन्होंने प्रभावित परिवारों को अब तक उचित व्यवस्था नहीं मिलने पर भी नाराजगी जताई। उनके अनुसार प्रभावित लोगों ने पिछली रात माइंस रेस्क्यू कार्यालय में किसी तरह रात गुजारी। उन्होंने परियोजना में कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ओवरबर्डन हटाने के फर्जी बिल के जरिए करोड़ों रुपये के अनियमितता की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि सांसद ढुल्लू महतो के लौटने के बाद उन्हें पूरे मामले की जानकारी देकर कोल इंडिया से जांच कराने की मांग की जायेगी। प्रदर्शन में ओम अग्रवाल, कृष्णा साव, महेश शर्मा, भगवान दास केसरी, सत्यनारायण भोजगढ़िया, राजू वर्मा, राजेश साव, रवि आडवाणी, उज्ज्वल मंडल, श्रीराम गोराई, विजय साव, पप्पू केसरी, अनिल साव, रूपेश पासवान, सूरज भुइयां, टुन्नू गुप्ता, अरुण भुइयां, पिंटू बर्मन, संतोष रवानी, बंटी बर्मन, सुजीत साव, मोहम्मद इम्तियाज और त्रिलोकी प्रमाणिक समेत अन्य मौजूद थे।

# आधा दर्जन संदिग्ध हथियार समेत गिरफ्तार, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** धनसार थाना क्षेत्र में देर रात चोरी की वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे छह युवकों को पुलिस ने हथियार और चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की सतर्कता से संभावित चोरी की घटना टल गई। गिरफ्तार आरोपितों के पास से एक देशी कट्टा, 3.15 एमएम की जिंदा गोली और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने के आरोप में जग्गू पासवान को भी गिरफ्तार किया है। रविवार को धनबाद थाना परिसर स्थित पुलिस उपाधीक्षक विधि व्यवस्था कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 22 अगस्त की रात करीब 3:30 बजे कला संगम, मनईटांड़ के समीप रात्रि गश्ती दल की नजर दो मोटरसाइकिलों पर सवार छह युवकों पर पड़ी। पुलिस वाहन को देखते ही सभी बाइक मोड़कर भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा किया और सीटी हाक्स के सहयोग से गांधी नगर शिव मंदिर के पास घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मुकेश कुमार, मो. साकित हुसैन, किशन बास्फोड़, बबलू यादव, नितीश कुमार और आजाद आलम के रूप में हुई। तलाशी में आजाद की कमर से देशी कट्टा और मुकेश की जेब से जिंदा गोली मिली। बरामद हीरो ग्लैमर बाइक मटकुरिया से पिछली रात चोरी होने की बात सामने आई है। दूसरी बाइक सीडी डिलक्स को नितीश ने अपना बताया है। पुलिस ने बरामद वाहनों के संबंध में भी जांच शुरू कर दी है। पूछताछ में आजाद ने हथियार जग्गू पासवान से लेने की जानकारी दी, जिसके बाद पुलिस ने उसे भी दबोच लिया। पुलिस आरोपितों के आपराधिक इतिहास और अन्य चोरी की घटनाओं में संलिप्तता की जांच कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी गिरोह के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

## नशे में वाहन चलानेवालों पर ट्रैफिक पुलिस का शिकंजा, 10 वाहन जब्त

**धनबाद :** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने के लिए धनबाद ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार की देर रात सरायढेला थाना मोड़ के पास विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर चलाए गए अभियान में पुलिस ने विशेष रूप से नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों पर नजर रखी। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने देर रात तक आने-जाने वाले वाहनों को रोककर चालकों की जांच की। जांच में यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 10 वाहनों को जब्त कर थाना लाया गया। पुलिस की अचानक कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। अधिकारियों ने कहा कि नशे में वाहन चलाने से चालक का नियंत्रण कम हो जाता है और दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि सड़क पर वाहन चलाते समय लापरवाही न केवल चालक बल्कि राहगीरों और दूसरे वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि शराब या किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन करने के बाद वाहन न चलाएं। यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति में वाहन चलाएं और अपनी तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## पुटकी थाना कांड में अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

**धनबाद :** पुटकी थाना कांड संख्या 106/21 में सुनवाई पूरी करते हुए माननीय व्यवहार न्यायालय ने अभियुक्त बेनु गोराई को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। अभियुक्त के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323, 341, 324, 307, 504 एवं 34 के तहत मामला दर्ज था। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी अवधेश कुमार ने प्रभावी ढंग से पक्ष रखा और न्यायालय के समक्ष उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों को प्रस्तुत किया। अभियोजन की ओर से की गयी प्रभावी पैरवी के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी मानते हुए सजा सुनाई। वहीं, मामले के अनुसंधानकर्ता पुलिस अवर निरीक्षक रोशन बाड़ा ने घटना की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अनुसंधान के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों को संकलित कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। पुलिस और अभियोजन की ओर से की गई कार्रवाई के बाद मामले में दोषसिद्धि संभव हुई। न्यायालय के इस फैसले को गम्भीर आपराधिक मामलों में प्रभावी अनुसंधान और मजबूत अभियोजन पैरवी की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। पुलिस की ओर से ऐसे मामलों में दोषियों को सजा दिलाने के लिए साक्ष्य आधारित अनुसंधान और न्यायालय में प्रभावी पैरवी पर जोर दिया जा रहा है।

## सम्पादकीय.....

# तब खिल उठेंगे नयी पौध के चेहरे


**जयपुर** में जर्जर सरकारी विद्यालय के निरीक्षण को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और भाजपा के बीच राजनैतिक विवाद गहरा गया है। जयपुर की घटना के उपरान्त कॉकरोच जनता पार्टी और भाजपा के बीच टकराव और तीखा होने की ओर अग्रसर है। सरकारी स्कूलों के ऑडिट को लेकर शुरू हुआ अभियान यदि यहां से राजनैतिक रंग ले लेता है, तो इसमें आश्चर्य नहीं होना चाहिए। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के वक्तव्य सामने आ ही चुके हैं। वहीं, सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने कहा है कि यदि 48 घंटे में सम्बन्धित विद्यालय की मरम्मत का काम शुरू नहीं हुआ और दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वह जयपुर जायेंगे। अर्थात, यह मामला और बढ़ सकता है। भाजपा शासित दूसरे राज्यों में भी सीजेपी अपने अभियान को तेज करने की कोशिश कर सकती है। लेकिन, इस घटनाक्रम के शोर में यह मूल प्रश्न तो रह ही जाता है कि देश के सरकारी विद्यालयों की स्थिति सुधरती क्यों नहीं? जिस विद्यालय में निरीक्षण करने सीजेपी की टीम पहुंची थी, वह स्वयं अस्थायी व्यवस्था के तहत संचालित हो रहा है, क्योंकि मुख्य इमारत अत्यन्त जर्जर है। इससे पूर्व दूसरे विद्यालयों की जो तस्वीरें आयी थीं, उनको भी संतोषजनक नहीं कहा जा सकता। सरकारी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था का हाल तो नीति आयोग के हाल के आंकड़े ही बता देते हैं। इनकी मानें, तो पिछले एक दशक में देशभर में 94 हजार सरकारी विद्यालय बंद हुए हैं। इसी दौरान सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय भी 83 हजार से घट कर 79 हजार रह गये हैं। इस दरम्यान स्टूडेंट्स की संख्या में भी गिरावट आयी है। यदि कुछ बढ़ा है, तो निजी विद्यालयों का ग्राफ, जो 2.88 लाख से 3.39 लाख हो गये। आज पूरे देश में निजी विद्यालयों का नेटवर्क तेजी से फैल रहा है, जबकि पहले से मौजूद सरकारी विद्यालय बिजली, पानी, टेबल-मेज जैसी बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहे हैं। यह सच बच्चों के हाल के विरोध-प्रदर्शनों से भी उजागर होता है। लखनऊ, उन्नाव, कन्नौज, जयपुर समेत कई स्थानों पर हाल के दिनों में सरकारी विद्यालयों के छात्र सड़कों पर उतरे हैं। ये बच्चे वही मांग रहे हैं, जो कायदे से इन्हें मिलना चाहिए ; विद्यालयों में अच्छी व्यवस्था। बच्चों की आवाज असर भी डाल रही है। तभी तो उत्तर प्रदेश सरकार ने सर्वोदय विद्यालयों के बेहतर संचालन के लिए व्यवस्था में व्यापक बदलाव के निर्देश दिये हैं। जो कदम अब उठाये जा रहे हैं, वे बिलकुल ठीक हैं। लेकिन, सवाल यह उठता है कि क्या इसके लिए छात्रों के सड़कों पर उतरने का इंतजार किया जा रहा था? यदि बेसिक शिक्षा की बुनियाद इतनी कमजोर होगी, तो भविष्य भला कैसे मजबूत बनेगा? इन सवालों के जवाब आवश्यक हैं। देश की बड़ी आबादी निजी विद्यालयों की महंगी पढ़ाई का खर्च नहीं उठा सकती। लेकिन, इससे शिक्षा का उनका अधिकार कमजोर नहीं हो जाता। तात्पर्य यह है कि यदि शिक्षा की मूल बुनियाद ही कमजोर होने लगेगी, तो स्वाभाविक ही आन्दोलनों को शक्ति मिलने लगेगी। वह शक्ति कभी सीजेपी के आन्दोलन के रूप में दिखेगी, तो कभी अन्य किसी दल अथवा संगठन के आन्दोलन के रूप में। निरन्तर लचर होती शिक्षा व्यवस्था ने ही जेन जी और जेन अल्फा को भी सड़क पर उतरने को विवश किया। अतः, अभी भी वक्त है, केन्द्र की सरकार हो अथवा राज्य सरकारें; सभी चेत जायें, क्योंकि नयी पौध अब अंगड़ाई लेने लगी है। दायित्व के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ सरकारें शिक्षा व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन करें...छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करें, तभी सकारात्मक परिणाम हाथ लग सकेंगे। जेन जी और जेन अल्फा के चेहरे भी खिल उठेंगे।

## ● किसने क्या कहा



भारत में तेजी से उभर रहा निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



रक्षा के क्षेत्र में अब किसी पर निर्भर नहीं रहेगा भारत

राजनाथ सिंह
रक्षामंत्री

# ड्रोन युद्ध और भविष्य के युद्धक्षेत्र के लिए भारत की तैयारी

विशेष | डॉ. प्रियंका सौरभ



ड्रोनों में सैन्य अभियानों की प्रकृति और अर्थव्यवस्था को बदलने की क्षमता भी है, जैसा कि हाल के युद्धों से स्पष्ट है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अपेक्षाकृत सस्ते ड्रोनों से महंगे टैंकों, तोपखाने, युद्धपोतों और अन्य पारम्परिक सैन्य उपकरणों को होनेवाले खतरे का प्रदर्शन किया गया है। सैन्य श्रेष्ठता की बात करें, तो यह अब केवल महंगे प्लेटफॉर्म रखने के बारे में नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में सस्ते, लचीले और बुद्धिमान सिस्टम तैनात करने की क्षमता के बारे में है। ड्रोन के उपयोग के लाभ व्यापक हैं और सबसे महत्त्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि ये खतरनाक अभियानों में मानव जीवन बचाते हैं। आईएसआर ड्रोन का उपयोग दुश्मन के क्षेत्र की जासूसी करने के लिए किया जा सकता है, जिससे पायलट और सैनिक खतरे से सुरक्षित रहते हैं।

**स्वदेशी** रूप से विकसित दिव्यास्त्र एमके3 की पहली उड़ान एक सकारात्मक कदम है, क्योंकि भारतीय सेना युद्ध में यूएएस तकनीक पर तेजी से निर्भर हो रही है। आज के युद्ध में एक मौलिक बदलाव आने वाला है: युद्ध का आकलन अब केवल टैंकों, लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और सैनिकों की संख्या से नहीं किया जाता। निगरानी, ??लक्ष्यीकरण, सटीक हमले और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के लिए यूएएस तेजी से पसंदीदा उपकरण बनते जा रहे हैं। इसलिए, अगस्त 2026 में स्वदेशी दिव्यास्त्र एमके3 जेट की सफलता न केवल एक तकनीकी सफलता है, बल्कि एक अधिक नेटवर्कयुक्त, प्रौद्योगिकी-संचालित और स्वतंत्र युद्धक्षेत्र के अनुकूल होने के भारत के प्रयासों का संकेत भी है। ड्रोन युद्ध में मानवरहित हवाई प्रणालियों का उपयोग खुफिया जानकारी, निगरानी और टोही (आईएसआर) जुटाने, लक्ष्यों का पता लगाने, सटीक हमले करने, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और संचार सहायता प्रदान करने के लिए किया जाता है। हाल के युद्धों ने दिखाया है कि ड्रोनों का उपयोग युद्ध लड़ने के तरीके और आर्थिक संचालन में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। ड्रोनों में सैन्य अभियानों की प्रकृति और अर्थव्यवस्था को बदलने की क्षमता भी है, जैसा कि हाल के युद्धों से स्पष्ट है। रूस-यूक्रेन युद्ध में अपेक्षाकृत सस्ते ड्रोनों से महंगे टैंकों, तोपखाने, युद्धपोतों और अन्य पारंपरिक सैन्य उपकरणों को होने वाले खतरे का प्रदर्शन किया गया है। सैन्य श्रेष्ठता की बात करें तो, यह अब केवल महंगे प्लेटफॉर्म रखने के बारे में नहीं है, बल्कि बड़ी संख्या में सस्ते, लचीले और बुद्धिमान सिस्टम तैनात करने की क्षमता के बारे में है। ड्रोन के उपयोग के लाभ व्यापक हैं और सबसे महत्वपूर्ण लाभों में से एक यह है कि ये खतरनाक अभियानों में मानव जीवन बचाते हैं। आईएसआर ड्रोन का उपयोग दुश्मन के क्षेत्र की जासूसी करने के लिए किया जा सकता है, जिससे पायलट और सैनिक खतरे से सुरक्षित रहते हैं। ये कमांडरों को दुश्मन के स्थान, सैनिकों की संख्या और युद्धक्षेत्र की स्थिति के बारे में पल-पल की जानकारी प्रदान कर सकते हैं। इससे स्थिति की बेहतर समझ विकसित होती है और अधिक जानकारी के साथ त्वरित निर्णय लेने में मदद मिलती है। भारत जैसे देश के लिए यह एक अत्यंत मूल्यवान रणनीतिक क्षमता है, जहाँ सीमाएँ जटिल हैं, पर्वतीय भूभाग मौजूद है और परिचालन परिस्थितियाँ भिन्न-भिन्न हैं। लोइटर मुनिशन्स (लाइवेटरी मुनिशन्स) सेंसर-टू-शूटर पद्धति की आवश्यकता को समाप्त करके युद्ध में क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। पारंपरिक हथियारों का उपयोग करते समय, लक्ष्य का पता लगाने, उसके बारे में जानकारी भेजने, उपयुक्त हथियार चुनने और हमला शुरू करने में काफी समय लग सकता है। लोइटरी मुनिशन्स लक्ष्य की खोज, पहचान और हमले को बहुत कम समय में अंजाम दे सकते हैं। यह विशेष रूप से उन लक्ष्यों के लिए उपयोगी है जिन पर समय का प्रभाव रहता है और जो दुश्मन की गतिशील टुकड़ियों के लिए भी। इस प्रकार, दिव्यास्त्र एमके3 भारत की स्वदेशी सटीक-स्ट्राइक क्षमता के निर्माण और लक्ष्य का पता लगाने से लेकर हमले तक के समय को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण विकास है।

ड्रोन युद्ध की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। कम लागत वाला मानवरहित प्लेटफॉर्म कई गुना अधिक लागत वाली संपत्ति को नुकसान पहुंचा सकता है या नष्ट कर सकता है। यह पारंपरिक सेनाओं के लिए एक गंभीर चुनौती है। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान व्यावसायिक रूप से उपलब्ध तकनीकों को तेजी से सैन्य उपयोग में लाया गया, जैसा कि फर्स्ट-पर्सन व्यू (एफपीवी) ड्रोन के उपयोग से देखा जा सकता है। लेकिन कैमरे और विस्फोटक ले जाने वाले छोटे ड्रोन सटीक निर्देशित हथियारों की तुलना में बहुत कम लागत पर टैंकों और अन्य बख्तरबंद वाहनों के कमजोर बिंदुओं को निशाना बना सकते हैं। इसलिए, युद्ध के संदर्भ में भविष्य में नागरिक प्रौद्योगिकी को सैन्य आवश्यकताओं के अनुरूप ढालने और नए विचारों को तेजी से विकसित करने की क्षमता और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। दूसरा बड़ा बदलाव ड्रोन झुंडों के रूप में सामने आया है। बड़ी संख्या में समन्वित ड्रोन पारंपरिक वायु रक्षा प्रणालियों को ओवरलोड या ₹अतिभारित₹ कर सकते हैं। पारंपरिक वायु रक्षा मिसाइलें एक विमान या मिसाइल को मार गिराने में बहुत कारगर होती हैं, लेकिन महंगी मिसाइलों से सौ या उससे अधिक सस्ते ड्रोनों को मार गिराना आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं है। बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले होने पर रक्षा करने वालों को लागत के लिहाज से काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि भविष्य का युद्धक्षेत्र ड्रोन बेड़ों और बहुस्तरीय ड्रोन-रोधी (सीडी) क्षमताओं के बीच संघर्ष बन सकता है, जो एक साथ कई खतरों का पता लगाने, उनका पीछा करने और उन्हें निष्क्रिय करने में सक्षम हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (अक) के प्रभाव से इस बदलाव में और भी तेजी आने की उम्मीद है। अक में नेविगेशन, ऑब्जेक्ट रिकग्निशन और टारगेट आइडेंटिफिकेशन को बेहतर बनाने के साथ-साथ कई मानवरहित प्रणालियों के बीच समन्वय स्थापित करने की क्षमता है। यह बढ़ी हुई स्वतंत्रता इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के कारण संचार विफलता की स्थिति में ड्रोन को संचालन में मदद कर सकती है।

# तपते शहर, जलता भविष्य

गौरतलब | डॉ. सत्यवान सौरभ



अमीर लोग वातानुकूलित इमारतों में शरण ले सकते हैं, जबकि लाखों शहरी गरीबों को काम, स्कूल और घर जाने के लिए दिन की भीषण गर्मी सहनी पड़ती है। दिल्ली में हाल ही में दर्ज की गयी भीषण गर्मी, जिसमें सुन्दर नगरी का सतही तापमान 54 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया, यह असमान वास्तविकता को दर्शाता है।


**भारतीय** शहरों में पड़ रही भीषण गर्मी अब महज एक मौसम संबंधी घटना नहीं बल्कि जलवायु न्याय का मुद्दा बन गई है। लू को अक्सर एक क्षणिक जलवायु घटना माना जाता है, लेकिन लू के असमान प्रभाव आवास, आय, रोजगार, पानी और बिजली की उपलब्धता और भीषण गर्मी से बचने की क्षमता में व्याप्त असमानताओं से गहराई से जुड़े हुए हैं। अमीर लोग वातानुकूलित इमारतों में शरण ले सकते हैं, जबकि लाखों शहरी गरीबों को काम, स्कूल और घर जाने के लिए दिन की भीषण गर्मी सहनी पड़ती है। दिल्ली में हाल ही में दर्ज की गई भीषण गर्मी, जिसमें सुंदर नगरी का सतही तापमान 54 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया, इस असमान वास्तविकता को दर्शाती है। दुनिया के अन्य हिस्सों के विपरीत, जलवायु परिवर्तन शहरी डिजाइन और विकास प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है, जिससे भारतीय शहर अधिक गर्म हो रहे हैं। वैश्विक तापमान वृद्धि के कारण भीषण गर्मी की घटनाएं बढ़ रही हैं, इनकी अवधि लंबी हो रही है और तीव्रता भी बढ़ रही है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर, शहरीकरण शहरी ऊष्मा द्वीप (यूएचआई) प्रभाव के माध्यम से तापमान को और बढ़ा सकता है। दिन के दौरान, कंक्रीट, डामर और अन्य निर्मित सतहें सूर्य से ऊष्मा अवशोषित करती हैं और धीरे-धीरे इसे छोड़ती हैं, जिससे रात के बाद आस-पड़ोस गर्म हो जाते हैं। शहरों के अनियोजित और तीव्र विकास ने प्राकृतिक शीतलन क्षेत्रों को ऊष्मा धारण करने वाले बुनियादी ढांचे से प्रतिस्थापित कर दिया है। वनस्पति की कमी से स्थिति और भी बिगड़ जाती है। पेड़ और हरे-भरे स्थान तापमान को नियंत्रित करते हैं और वाष्पोत्सर्जन द्वारा वातावरण को छाया प्रदान करते हैं। ये गर्मी से बचाव के सबसे प्रभावी प्राकृतिक अवरोधों में से एक हैं, जो धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, खासकर ऊंची इमारतों वाले और गरीब इलाकों में। इमारतों की घनी आबादी भी वायु प्रवाह को बाधित कर सकती है, जिससे इमारतों के बीच गर्म हवा जमा हो सकती है। शहरी गर्मी का अन्याय असमान रूप से प्रभावित होता है, और इसके अनुकूलन की क्षमता भी असमान होती है। गरीब लोग अक्सर अनौपचारिक बस्तियों में या खराब ढंग से बने घरों में रहते हैं, जिनमें हवा का आवागमन कम होता है, इन्सुलेशन सीमित होता है और छत टिन की होती है। दिन के सबसे गर्म समय में ये घर बाहर के तापमान से कहीं अधिक गर्म हो सकते हैं।

## आज का इतिहास

- गुटेनबर्ग बाइबिल की छपाई का कार्य 1456 में पूरा किया गया।
- ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' 1600 में सूरत के तट पर पहुंचा।
- जॉब चारनॉक 1690 को कलकत्ता में आकर बसे।
- ब्रिटिश कर्मियों ने 1814 में आज ही के दिन व्हाइट हाउस को आग के हवाले कर दिया था।
- थॉमस एडिसन ने 1891 में काइनेटोग्राफिक कैमरा और कइनेटोस्कोप के लिए पेटेंट आवेदन दाखिल कराया। यही तकनीक आगे चल कर चलचित्र में तब्दील हुई।
- प्रथम विश्व युद्ध : जर्मन सेना ने 1914 में नैमूर पर कब्जा किया।
- 1954 में आज ही के दिन गहराते हुए राजनीतिक समीकरणों के बीच इस्तीफा देने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति गेटुलियो वर्गास ने आत्महत्या कर ली थी।
- वी वी गिरि 1969 में भारत के चौथे राष्ट्रपति बने।
- फखरूद्दीन अली अहमद 1974 में भारत के पांचवे राष्ट्रपति बने।
- यूक्रेन 1991 में सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।
- आज ही के दिन पॉप स्टार माइकल जैक्सन के खिलाफ लॉस एंजेल्स पुलिस ने 1993 में यौन शोषण के आरोपों की जांच शुरू की थी।
- उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए 1995 में शुरुआत की।
- पाकिस्तान ने 1999 में कारगिल ऑपरेशन के दौरान भारत द्वारा पकड़े गये 08 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया।
- बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद इरशाद को 2000 में 5 वर्ष की सजा।
- संयुक्त राज्य अमेरिका के उप-विदेशमंत्री रिचर्ड आर्मिटेज ने 2002 में भारतझपाकिस्तान से बातचीत शुरू करने का अनुरोध किया।
- फि लिस्तीनियों को 2004 में अहिंसा का पाठ पढ़ाने अरुण गांधी रामल्ला पहुंचे।
- अंतर्राष्ट्रीय खगोलीय संघ ने 2006 में प्लूटो (यम) का ग्रह का दर्जा समाप्त किया।

## अंकजाल - 8368

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.



अंकजाल 8367 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## इच्छाओं को समर्पित करते जाओ

**सभी** इच्छाएं खुशी के लिए होती हैं। इच्छाओं का लक्ष्य ही यही है। किंतु इच्छा आपको कितनी बार लक्ष्य तक पहुंचाती है? इच्छा तुम्हें आनंद की ओर ले जाने का आभास देती है, वास्तव में वह ऐसा कर ही नहीं सकती। इसीलिए इसे माया कहते हैं। इच्छा कैसे पैदा होती है? किसी सुखद अनुभव की स्मृति या भूत के प्रभाव से इच्छा पैदा होती है। कुछ सुनने से भी इच्छा जागृत हो सकती है या किसी विशेष स्थान या व्यक्ति के संपर्क से। किसी और व्यक्ति की जरूरत या इच्छा भी तुम्हारी अपनी इच्छा के रूप में पैदा हो सकती है। मान लो कोई भूखा है, तो तुम्हें उसे खिलाने की इच्छा हो सकती है, या कोई तुमसे बात करना चाहता हो तो तुम्हारी भी उससे बात करने की इच्छा हो सकती है। कभी-कभी नियति या कोई घटना जिसमें तुम्हें भाग लेना है, तुममें इच्छा जाग्रत करती है, पर तुम अपने कृत्यों का कारण नहीं जानते। इच्छाएं अपने आप उत्पन्न होती हैं, वे तुमसे पूछकर नहीं आतीं। जब इच्छाएं उत्पन्न होती हैं, तुम उनका क्या करते हो? यदि तुम सोचते हो कि तुम इच्छाहीन हो जाओ, तो यह भी एक और इच्छा है। मैं एक उपाय बताता हूं- सिनेमा देखने के लिए टिकट खरीदनी पड़ती है और यह टिकट प्रवेश द्वार पर देनी पड़ती है। यदि तुम उस टिकट को पकड़े रखोगे तो अंदर कैसे जाओगे? उसी प्रकार, यदि तुम किसी कॉलेज में दाखिल होना चाहते हो तो आवेदन पत्र की जरूरत है।

## सुविचार

सत्य से प्यार करें और गलती को क्षमा कर दें।
**वाल्टेयर**

बुद्धिमत्ता की पुस्तक में ईमानदारी सबसे पहला अध्याय है।
**अज्ञात**

# कांग्रेस को कभी भी रास नहीं आया वन्देमातरम्



आचार्य संजय तिवारी

**कांग्रेस** की वर्किंग कमेटी कुछ नया नहीं कर रही। जन्म से अब तक कांग्रेस तुष्टिकरण करती रही है। भारत और भारतीयता इसकी नस में नहीं। वंदेमातरम् इसको कभी भी रास नहीं आया। यह अलग बात है कि भारत की संसद से राष्ट्रगान घोषित किए जाने के बाद भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ सोनिया गांधी समेत कांग्रेस पार्टी ने फिर से इसे सम्पूर्णता से गाने से इनकार कर दिया। स्वाधीन भारत की संसद का यह अपमान देश जरूर देख रहा है। तथ्यों को समझने के लिए इतिहास में झाँकना जरूरी है ताकि प्रमाणित हो सके कि भारत और भारतीयता के तत्व कांग्रेस के लिए कितने महत्वहीन रहे हैं।

बंकिम बाबू का आनंद मठ 1882 में प्रकाशित हो गया। इसके दसवें वर्ष जब इस उपन्यास से लेकर वन्देमातरम गीत को कांग्रेस के मंच पर 1892 में कलकत्ता अधिवेशन में गाने की बात आई उसी समय इसका विरोध शुरू हो गया। यद्यपि वन्देमातरम उसी समय बंगाल में जन गीत बन चुका था किंतु कांग्रेस के कुछ नेताओं और मुस्लिम प्रतिनिधियों को यह पसंद नहीं था। फिर 1905 से 1908 में बंगाल आंदोलन का दौर आया। वन्देमातरम इस आंदोलन का आधार गीत बन गया। अंग्रेजी हुकूमत ने इसका प्रभाव कम करने के लिए मुसलमानों को खूब उकसाया। बावजूद इसके 1906 में कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में इसे गाया गया। इसके बाद तो वंन्देमातरम गीत भारत ही भारत की स्वाधीनता का गान बन गया। इस गीत ने क्रांतिकारियों को अपार ऊर्जा दी। फांसी पर झूलने वाले हर बलिदानी ने इसे ही गाया।

भारत की स्वाधीनता के बाद अब जबकि भारत की संसद ने इसे राष्ट्रगान का दर्जा देकर इसके लिए प्रोटोकॉल निर्धारित कर दिए हैं तब भारत के मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस की आज की वर्किंग कमेटी ने इसके संपूर्ण भाग को गाने से मना कर दिया है। समझ आता है, बात साफ है, मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए कांग्रेस ऐसा कर रही है। 1947 से पहले 'वंदे मातरम्' गीत का मुख्य विरोध ब्रिटिश शासन द्वारा और बाद में 1930 के दशक में मुस्लिम लीग व मोहम्मद अली जिन्ना द्वारा किया गया था। अंग्रेजों ने इसे गाने पर प्रतिबंध लगाया था, वहीं राजनीतिक मंचों पर इस पर विवाद 1937 में सबसे प्रमुख रूप से उभरा था। औपनिवेशिक शासन के दौरान इस गीत को गाने या 'आनंदमठ' उपन्यास को रखने पर अंग्रेजों द्वारा जेल भेजने की धमकी दी जाती थी, जो निरंतर जारी रहा। 1937 के कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में मुस्लिम लीग ने इस आधार पर इसका विरोध किया कि इसमें भारत को देवी के रूप में देखा गया है। इस विवाद के समाधान के लिए जवाहरलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक समिति बनी, जिसने बीच का रास्ता निकालते हुए इसके शुरूआती दो छंदों को ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए स्वीकार किया। 1940 में मुस्लिम लीग के तीखे विरोध और जिन्ना के बयानों के बाद, राजनीतिक और सामाजिक मेल-मिलाप के मंचों पर इस पूरे गीत को न गाने के निर्देश तय किए गए, ताकि बढ़ते सांप्रदायिक तनाव को रोका जा सके। सबसे महत्वपूर्ण घटना 1923 में घटी। यह संयोग है कि आज ही विष्णु दिगम्बर पलुस्कर की जयंती है। आपने इस महान देशभक्त शास्त्रीय संगीतकार का नाम कम ही सुना होगा।

## राशिफल

**मेष** आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी।

**तुला** ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।

**वृष** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक** विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**मिथुन** पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ायेंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**धनु** अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कर्क** मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी।

**मकर** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**सिंह** निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जायेगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे।

**कुंभ** हरि करे सो खरी। अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें।

**कन्या** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**मीन** मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानी इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी।

# लोकतंत्र और आन्दोलन में अनुशासन की जरूरत

गौरतलब | हृदयनारायण दीक्षित



इस विचारधारा में हिंसा और हत्या जैसे कृत्य निन्दनीय नहीं हैं। लेनिन ने लिखा था, 'उत्पीड़ित वर्गों द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ, भूदासों द्वारा भूस्वामियों पर चलाये जानेवाले अभियान को पूर्णतः प्रगतिशील मानते हैं।' प्रगति प्रकाशन, मास्को द्वारा प्रकाशित पुस्तक में सबकुछ जायज माना गया है। इस विचारधारा से पैदा संगठनों का काम सुव्यवस्थित रूप में चलता है। पढ़-लिख सकनेवाले लोग शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा करते हैं।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने स्वाधीनता दिवस के अवसर पर लाल किले से विघटनकारी शक्तियों से सावधान रहने की अपील की है। मोदी का भाषण बार-बार पठनीय है। उन्होंने नक्सली हिंसा की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है। बताया है कि देश की धरती पर सक्रिय भारत विरोधी नक्सलियों का हमने सफाया कर दिया है। सब जानते हैं कि नक्सलपंथ संविधान, परम्परा, संस्कृति और कानून को नहीं मानते। उनका विचार हिंसा और सिर्फ हिंसा है। उनसे लड़ते हुए सुरक्षा बलों के हजारों नौजवान मारे गए हैं। वे राष्ट्रतोड़क हिंसावादी विचारधारा की मजबूती के लिए छद्म नामों से संगठन चलाते हैं। संविधान में उनकी आस्था नहीं है। देश को तोड़ने के लिए वे किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। वे स्वयं को विद्वान कहते हैं। उनकी दृष्टि में शेष भारतीय सांप्रदायिक और संस्कृतिविहीन हैं।

नक्सली विचारधारा मार्क्सवाद का विस्तार है। इस विचारधारा में हिंसा और हत्या जैसे कृत्य निंदनीय नहीं हैं। लेनिन ने लिखा था, 'उत्पीड़ित वर्गों द्वारा उत्पीड़न के खिलाफ, भूदासों द्वारा भूस्वामियों पर चलाए जाने वाले अभियान को पूर्णतः प्रगतिशील मानते हैं।' प्रगति प्रकाशन, मास्को द्वारा प्रकाशित पुस्तक में सबकुछ जायज माना गया है। इस विचारधारा से पैदा संगठनों का काम सुव्यवस्थित रूप में चलता है। पढ़-लिख सकने वाले लोग शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा करते हैं। ये यत्र-तत्र सर्वत्र हिंसक गतिविधियों का मनमाना विश्लेषण करते हैं। उन्हें समर्थन देते हैं। इनकी तुलना स्पेन के गृहयुद्ध (1938) में प्रचलित फिफ्थ कॉलमिस्ट (पांचवां स्तंभ) से की जा सकती है। फ्रेंको के जनरल ने कहा था, 'हमारे चार दस्ते मैड्रिड पर हमलावर हैं। पांचवां कॉलम पहले से ही शहर के भीतर मौजूद और सक्रिय है।' तभी एक विशेष प्रकार की पत्रकारिता को पांचवां स्तंभ कहा गया।

भारत में पांचवें स्तंभकार (फिफ्थ कॉलमिस्ट) सक्रिय हैं। वे हिंसक गतिविधियों का औचित्य सिद्ध करने में लगे रहते हैं। जंतर मंतर की अराजकता वाले अंश का समर्थन करने वाले कथित बुद्धिजीवियों के लेख और विश्लेषण ऐसे ही थे। नक्सलपंथी अपने मिशन में सक्रिय हैं। आईएसआई जैसी संस्थाओं से उनके रिश्ते हैं। कम्युनिस्ट विचारधारा के अनुसार संसदीय राजनीति में गरीबों मजदूरों और सर्वहारा वर्ग का कोई हितसाधन संभव नहीं है। जनसंग्राम और जनयुद्ध में ही सर्वहारा वर्ग का हित है। मार्क्स ऐंगल्स ने कम्युनिस्ट घोषणापत्र में सर्वहारा की लड़ाई का तत्व बताया था। इस लड़ाई में, 'सर्वहारा वर्ग केवल अपने को ही पुनर्जीवित नहीं करता। वह अपने साथ पूरी कौम और पूरे समाज को भी पुनर्जीवित करता है।

प्रधानमंत्री ने ऐसी विचारधारा के लिए 'दिमागी नक्सल' शब्द का प्रयोग किया है। स्वयं को सर्वाधिक शिक्षित और विद्वान मानने वाले पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी. चिदम्बरम ने फौरन प्रतिक्रिया दी और कहा कि उन्हें दिमागी नक्सल होने पर गर्व है। तमाम अन्य लोगों ने भी प्रतिक्रियाएं दी हैं।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423**, **प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## गुमला के सभी 12 प्रखंडों में विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर आयोजित

# 9,523 लाभुकों को मिला योजनाओं का लाभ

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : माननीय झालसा के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), गुमला अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी 12 प्रखंड कार्यालयों में विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में न्यायिक पदाधिकारियों, एलएडीसी, पैनल अधिवक्ताओं एवं पीएलवी ने उपस्थित होकर आम लोगों को विधिक सेवाओं के साथ-साथ विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। शिविरों के माध्यम से जिले में कुल 9,523 लाभुकों के बीच लगभग 39 करोड़ 19 लाख 49 हजार रुपये की परिसंपत्तियों एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, आवास योजना के स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, पेंशन स्वीकृति पत्र सहित कई सरकारी योजनाओं से संबंधित लाभ वितरित किए गए। दिव्यांगजनों के बीच व्हीलचेयर का भी वितरण किया गया।



**डालसा को बताया प्रशासन और जनता के बीच सेतु**

**पालकोट** प्रखंड में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय ओम प्रकाश मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जिला प्रशासन एवं आम जनता के बीच सेतु का कार्य करता है। डालसा लोगों को कानून संबंधी सहायता उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में भी सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर आमजन डालसा से संपर्क कर सकते हैं। चैनपुर, भरनो, कामडारा, रायडीह, सिसई एवं बसिया प्रखंडों में भी न्यायिक पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। वहीं घाघरा एवं बिशुनपुर प्रखंड में डालसा के सचिव राम कुमार गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### मुख्य शिविर का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन

**गुमला** प्रखंड में आयोजित मुख्य शिविर का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, डालसा अजीत कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त अनिमेष कुमार, अंचल अधिकारी हरिष कुमार एवं इंदु पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मौके पर मुख्य अतिथि अजीत कुमार सिंह ने कहा कि विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं विधिक सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में गरीब एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग कई बार सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए झालसा एवं नालसा के निर्देश पर डालसा द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनने तथा नशे के खिलाफ अभियान चलाने का आह्वान किया। साथ ही अभिभावकों से बच्चों को नशे से दूर रखते हुए शिक्षा की ओर अग्रसर करने की अपील की, ताकि वे भविष्य में अच्छे नागरिक बनकर परिवार एवं समाज का सहारा बन सकें।

## चैनपुर थाना में 117 पूर्व आरोपितों की थाना में परेड, एसपी ने अपराध से दूर रहने की दी चेतावनी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू पुलिस के निर्देशानुसार चैनपुर थाना परिसर में आपराधिक मामलों में आरोपित रहे एवं जेल से छूटे व्यक्तियों की थाना परेड कराई गई। परेड में कुल 117 व्यक्ति शामिल हुए। इनमें हत्या के 26, लूट के 15, चोरी के 15, आर्म्स एक्ट के 33 तथा अन्य आपराधिक मामलों के 28 व्यक्ति शामिल थे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पलामू कपिल चौधरी ने थाना परेड में शामिल सभी व्यक्तियों से बातचीत कर उनकी वर्तमान गतिविधियों एवं जीवन-यापन के संबंध में जानकारी ली। एसपी ने सभी से अपराध की दुनिया से दूरी बनाकर समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपराध का रास्ता व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार के भविष्य को भी प्रभावित करता है। इसलिए सभी कानून का पालन करें, आपराधिक गतिविधियों से



दूर रहें और शांतिपूर्ण जीवन व्यतीत करें। उन्होंने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद व्यक्ति को अपनी जिंदगी को नई दिशा देने का प्रयास करना चाहिए। एसपी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति दोबारा किसी आपराधिक गतिविधि में संलिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की ओर से ऐसे लोगों की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना परेड का मुख्य उद्देश्य जेल से छूटे व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों पर नजर रखना तथा उन्हें अपराध से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है।

## एक झलक

### दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ कर 45 हजार नकद समेत जेवर चोरी

**गुमला** : गुमला शहर के खड़ियापाड़ा निवासी कमलेश गोप के घर में रविवार की दोपहर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर में रखे बक्से का ताला तोड़कर 45 हजार रुपये नकद, सोने का कंगन और चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना के संबंध में कमलेश गोप ने गुमला थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि रविवार की सुबह वह पड़ोसी के घर आयोजित सत्यनारायण पूजा में शामिल होने गया था। दोपहर में जब वह वापस घर लौटा तो घर का सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। इसके बाद उसने बक्से की जांच की तो उसका ताला टूटा हुआ मिला। सामान मिलाने पर बक्से में रखे 45 हजार रुपये नकद, सोने का कंगन और चांदी के जेवर गायब मिले। पीड़ित ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरी में शामिल आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### छात्र का शव तीसरे दिन रोरो नदी से बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम** : पश्चिमी सिंहभूम जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित पाताहातू डैम में शुक्रवार को डूबे 12 वर्षीय छात्र गणेश सोय का शव रविवार सुबह तीसरे दिन रोरो नदी से बरामद कर लिया गया। शव करणी मंदिर घाट के समीप नदी में मिला। लगातार बारिश के कारण रोरो नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ था और तेज बहाव के चलते पिछले दो दिनों से पुलिस व परिजन छात्र की तलाश में जुटे थे। रविवार को पानी का स्तर कुछ कम होने के बाद नदी में शव दिखाई दिया। गणेश सोय हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र के सोसोपी गांव निवासी जमादार सोय का पुत्र था। वह चाईबासा के संत जेवियर स्कूल में कक्षा पांच में पढ़ाई करता था और सुफलसाई में अपनी फूफू के घर रहकर पढ़ रहा था। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे गणेश स्कूल बैग लेकर घर से निकला था। देर शाम तक उसके वापस नहीं लौटने पर परिवार के लोगों ने उसकी तलाश शुरू की। रात करीब नौ बजे जानकारी मिली कि वह पाताहातू डैम के नीचे रोरो नदी के तेज बहाव में डूब गया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**पूर्वी सिंहभूम** : गोलमुरी थाना क्षेत्र के पानी टंकी के समीप शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में 37 वर्षीय सुशील शाह की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सुशील बाइक से तेज रफ्तार में जा रहे थे। इसी दौरान अचानक वाहन पर से उनका नियंत्रण हट गया और बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुशील गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। पास से गुजर रहे एक ऑटो चालक और गोलमुरी थाना प्रभारी संजय सुमन मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की मदद से घायल सुशील शाह को तत्काल इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एमजीएम अस्पताल के मोर्चरी में रखवा दिया।

## जरूरतमंद परिवार की मदद में आगे आया सर्व ब्राह्मण समाज, आर्थिक सहयोग किया प्रदान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : चतरा जिले के सिमरिया प्रखंड के बड़गांव निवासी स्व. शिवसागर उपाध्याय के निधन के बाद उनके परिवार पर आए संकट की घड़ी में सर्व ब्राह्मण समाज टंडवा ने मानवीय पहल करते हुए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बड़गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और दिवंगत की पत्नी एवं बच्चों को आर्थिक सहायता राशि भेंट की। ज्ञात हो कि शिवसागर उपाध्याय की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। वह परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके निधन के बाद पत्नी, चार छोटे बच्चों और वृद्ध मां के समक्ष भरण-पोषण एवं धार्मिक कर्मकांड को लेकर गंभीर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया। इससे पूर्व रांची के एक अस्पताल में बकाया राशि के कारण शव रोके जाने का मामला भी सामने आया था। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और समाज के लोगों के सहयोग से शव परिजनों को मिल सका था। सर्व ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधियों ने परिवार को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य को लेकर समाज आगे भी सहयोग करेगा। उन्होंने समाज के सक्षम लोगों से भी पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आने की अपील की।

## एनएलसी परियोजना की जनसुनवाई के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध

# 27 अगस्त की सुनवाई रद्द करने की मांग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : एनएलसी कंपनी की प्रस्तावित नॉर्थ धाधू (वेस्टर्न पार्ट) कोयला परियोजना को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। आगामी 27 अगस्त को होनेवाली जनसुनवाई के विरोध में रविवार को परियोजना प्रभावित गांवों में बैठक आयोजित की गयी। खरठिया और भैंसादोन में हुई बड़ी सभाओं में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण जुटे। कार्यक्रम में लातेहार जिला परिषद की उपाध्यक्ष अनीता देवी भी शामिल हुईं। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि परियोजना को लेकर कंपनी ने अब तक प्रभावित गांवों के लोगों से सीधा संवाद नहीं किया है। ग्रामीणों को विश्वास में लिए बिना जनसुनवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाना उचित नहीं है। अनीता देवी ने




कहा कि प्रभावित गांवों की ग्राम सभाओं में ग्रामीणों के बीच जाकर परियोजना की जानकारी रखी जानी चाहिए थी। इसके बजाय प्रखंड स्तर पर जनसुनवाई कराए जाने की तैयारी से ग्रामीणों में नाराजगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनी की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता की कमी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के विरोधी नहीं हैं। यदि कम्पनी और प्रशासन अपनी बात स्पष्ट तरीके से गांवों में रखेंगे और ग्रामीणों की आपत्तियों व सवालों का जवाब देंगे, तो बातचीत का रास्ता खुला रहेगा। उन्होंने मांग की कि पहले ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों को पूरी जानकारी दी जाये। सभा के दौरान ग्रामीणों ने 27 अगस्त को प्रस्तावित जनसुनवाई को रद्द करने का प्रस्ताव पारित किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो आन्दोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। लोगों ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि परियोजना से जुड़े फैसलों में प्रभावित गांवों की राय को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

## सड़क टूटी, तो खाट पर अस्पताल जाने को मजबूर हुए मुरु के ग्रामीण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : बरवाडीह प्रखंड के हुकामांड़ पंचायत के मुरु गांव में बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 13 अगस्त की रात हुई भारी बारिश के बाद गांव की मुख्य सड़क का एक हिस्सा पूरी तरह बह गया। सड़क टूटने से गांव में वाहनों की आवाजाही प्रभावित है। स्थिति यह है कि बीमार लोगों को खाट पर उठाकर क्षतिग्रस्त हिस्से तक लाना पड़ रहा है। इसके बाद ही टेंपो या एंबुलेंस से उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि जिस सड़क का हिस्सा बहा है, उसका निर्माण कुछ समय पहले ही कराया गया था। ग्रामीणों ने निर्माण के दौरान ही वहां पुलिया बनाने की जरूरत बताई थी, लेकिन पुलिया नहीं बनाई गई। ग्रामीणों के



मुताबिक, सड़क के नीचे खेत है और बरसात में पूरब की ओर से आने वाला पानी इसी रास्ते से पश्चिम की तरफ निकलता है। सड़क का निर्माण ऊंचाई पर किए जाने के कारण पानी के बहाव का रास्ता प्रभावित हो गया। बारिश बढ़ने पर पानी जमा होता गया और दबाव बढ़ने के बाद पानी सड़क को तोड़ते हुए निकल गया।

**पानी की निकासी का रास्ता नहीं, सड़क पर बढ़ा दबाव**

**ग्रामीणों** का कहना है कि निर्माण के समय अगर उनकी मांग पर पुलिया बना दी जाती तो पानी की निकासी बनी रहती।

## संवेदकों ने लातेहार विधायक प्रकाश राम से लगायी गुहार

# सात सूत्री मांगों पर कार्रवाई की मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : लातेहार संवेदक संघ का प्रतिनिधिमंडल रविवार को रांची स्थित विधानसभा आवास में विधायक प्रकाश राम से मिला। संघ के अध्यक्ष राजन तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संवेदकों की समस्याओं को लेकर विधायक को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा।राजन तिवारी ने कहा कि जिले के संवेदक लंबे समय से आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। काम पूरा कराने के बाद भी भुगतान में देरी, विभिन्न मदों की राशि लंबित रहने और निविदा प्रक्रिया से जुड़ी परेशानियों के कारण संवेदकों पर कर्ज बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन मांगों पर जल्द पहल करे, अन्यथा संघ आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा। विधायक प्रकाश राम ने संवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरे मामले को लातेहार के उपायुक्त और मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से रखा जाएगा तथा संवेदकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी। संघ ने स्थानीय संवेदकों को निविदा में प्राथमिकता देने की मांग की है। इसके लिए तत्कालीन उपायुक्त गरिमा सिंह द्वारा 29 अगस्त 2024 को जारी पत्रांक 906 के आदेश को सख्ती से लागू करने की बात कही गई है। संघ चाहता है कि लातेहार जिले की निविदाओं में स्थानीय संवेदकों को ही भाग लेने का अवसर मिले। संवेदकों ने जिला खनिज फाउंडेशन न्यास मद में काटी गई दस प्रतिशत राशि का भुगतान करने की मांग भी उठाई। उनका कहना है कि यह

## शहीद एएसआई शुक्रा उरांव की स्मृति में फुटबॉल मुकाबला

**लातेहार** : चंदवा थाना क्षेत्र के लुकैया फुटबॉल मैदान में रविवार को शहीद एएसआई शुक्रा उरांव की स्मृति में फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। शहीद पुलिसकर्मी की याद में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के साथ स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद उन्होंने मैदान में फुटबॉल को किक मारकर मुकाबले का औपचारिक उद्घाटन किया। मैदान पर उतरकर उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनका उत्साह बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने युवाओं से खेलों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाने का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। युवा खेल के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## पलामू के स्कूलों से गूंजा संदेश

# 'हेलमेट-सीटबेल्ट अपनायें सड़क हादसों से बचें'

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : सड़क सुरक्षा को लेकर पलामू जिले के सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आम लोगों को यातायात नियमों का पालन करने तथा हेलमेट और सीटबेल्ट का नियमित उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के तहत विद्यालयों में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने तख्तियों और नारों के साथ जागरूकता रैली निकाली। रैली के माध्यम से लोगों से यातायात नियमों का पालन करने और सुरक्षित वाहन चलाने की अपील की गई। इसके अलावा सभी विद्यालयों में सामूहिक सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई, जिसमें हेलमेट और सीटबेल्ट के इस्तेमाल तथा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया गया। विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति बौद्धिक एवं रचनात्मक जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध प्रतियोगिता और पेंटिंग-पोस्टर प्रतियोगिता का भी



आयोजन किया गया। बच्चों ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव, ट्रैफिक सिग्नल, ओवरस्पीडिंग के खतरे और सुरक्षित यात्रा से जुड़े संदेशों को चित्रों एवं लेखों के माध्यम से प्रस्तुत किया। अभियान का मूल संदेश 'दुर्घटना से देर भली' रहा। विद्यार्थियों को बताया गया कि कुछ मिनट की देरी सड़क हादसे से कहीं बेहतर है। विद्यालयों ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई। विद्यालयों में नियमित प्रार्थना सभा के दौरान सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाने, अभिभावकों, शिक्षकों एवं पात्र विद्यार्थियों के लिए हेलमेट-सीटबेल्ट को अनिवार्य करने तथा सड़क सुरक्षा क्लब गठित करने पर जोर दिया गया। साथ ही नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली एवं प्रतियोगिताओं के आयोजन की योजना बनाई गई। यातायात पुलिस के सहयोग से विशेष जागरूकता सत्र आयोजित करने तथा स्कूलों के आसपास सुरक्षित आवागमन क्षेत्र विकसित करने पर भी बल दिया गया।

## निशान यात्रा में गूंजे खाटू श्याम के जयकारे 57वीं बार निकला महिला मंडल का निशान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : निशान महिला मंडल की ओर से 55वीं निशान यात्रा श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ निकाली गई। निशान की पूजा-अर्चना नैंसी वर्मा ने कराई। इसके बाद दुर्गा कॉम्प्लेक्स, झंडा चौक से निशान यात्रा शुरू हुई, जो स्टेशन रोड, अड्डी बंगला होते हुए भालोटिया मोहल्ला स्थित पोद्दार निवास श्याम मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ श्याम बाबा को निशान अर्पित किया।यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में जलती रहे खाटू वाले जोत तेरी जलती रहे, मेरी गाड़ी, मेरा बंगला, मेरा पैसा सब तेरा, मेरा तो कुछ भी नहीं तथा दिलदार कन्हैया ने मुझको अपनाया है, रास्ते से उठाकर सीने से लगाया है जैसे भजनों की गूंज सुनाई देती रही। श्रद्धालुओं ने हाथों में निशान लेकर श्याम बाबा के जयकारे लगाए। निशान यात्रा में कृतिका मोदी, मुरली शर्मा, पूजा शर्मा, सारिका केडिया, अंजना केडिया, शालिनी सेट, रेखा केसरी, जूही और अंजू देवी सहित महिला मंडल की सदस्य शामिल रहीं। जजमान के रूप में नैंसी वर्मा ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

## ईद उल मिलादुन्नबी को लेकर शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : ईद उल मिलादुन्नबी पर्व को लेकर गुमला सदर थाना परिसर में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरेश प्रसाद यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान सुरक्षा, यातायात, बिजली, पानी एवं साफ-सफाई सहित विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने बताया कि 26 अगस्त, बुधवार को अंजुमन इस्लामिया एवं उलमाए कराम की अगुवाई में जुलूस-ए-मोहम्मदी



निकाला जाएगा। जुलूस मोती मस्जिद, बाजार टांड़ से शुरू होकर पारंपरिक मार्ग से गुजरते हुए करीब दोपहर 1:30 बजे जामा मस्जिद के समीप समाप्त होगा। उन्होंने बताया कि जुलूस की तैयारी को लेकर मस्जिदों, मदरसों, घरों एवं दुकानों में सजावट का कार्य चल रहा है। जुलूस का रूट चार्ट प्रशासन को उपलब्ध कराया जा चुका है। उन्होंने मुस्लिम मोहल्लों, मस्जिदों एवं मदरसों के आसपास विशेष साफ-सफाई, नियमित बिजली-पानी आपूर्ति तथा जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था दुरुस्त रखने की मांग की। साथ ही मदरसा इस्लामिया, जामा मस्जिद थाना रोड एवं मोती मस्जिद बाजार टांड़ में पानी के टैंकर की व्यवस्था कराने का आग्रह किया।

## हेरुआ श्मशान घाट में नगर परिषद टीम ने चलाया स्वच्छता अभियान

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चतरा** : नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में आज हेरुआ श्मशान घाट परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान श्मशान घाट परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने का कार्य किया गया। स्वच्छता अभियान में वार्ड पार्षद-8 कृष्ण यादव, सुशील कुमार उर्फ शेर, दीपक वर्मा, मनोज ठाकुर, पूर्व मुखिया विवेक सिंह एवं सौरभ अग्रवाल सहित नगर परिषद की टीम ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रेमचंद साहू ने कहा कि शहर के सार्वजनिक एवं



महत्वपूर्ण स्थलों की स्वच्छता नगर परिषद की प्राथमिकता है। श्मशान घाट जैसे संवेदनशील स्थल पर नियमित साफ-सफाई एवं बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अभियान में शामिल सभी लोगों ने शहरवासियों से भी अपील की कि सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने में नगर परिषद का सहयोग करें और कूड़ा-कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें।

# एससी छात्रावास परिसर में पसरी गन्दगी, सांपों के खौफ में छात्रावास की बेटियां

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिला मुख्यालय में समाहरणालय के पीछे संचालित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की स्थिति इन दिनों छात्राओं के लिए चिंता का कारण बनी हुई है। परिसर में सफाई व्यवस्था चरमराने से चारों तरफ झाड़ियां उग आई हैं और कई हिस्सों में बारिश का पानी जमा है। ऐसे माहौल में जहरीले सांपों के निकलने का खतरा बना हुआ है। छात्राओं का कहना है कि सांपों के डर के कारण वे खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। छात्राओं के मुताबिक बारिश के दौरान परेशानी कई गुना बढ़ जाती है। परिसर में पानी जमा होने के साथ मच्छरों की संख्या भी बढ़ जाती है। उनका कहना है कि जलजमाव के कारण बीमारियों का खतरा बना रहता है। दूसरी ओर, बारिश




के समय छात्रावास की छत से पानी रिसने की शिकायत भी है।

**मैदान और ओपन जिम का नहीं मिल रहा लाभ**

**छात्रावास** में छात्राओं की सुविधा के लिए मैदान और ओपन जिम बनाया गया है, लेकिन दोनों की हालत खराब है। मैदान के कई हिस्सों में गड्ढे हैं और बरसात में वहां पानी भर जाता है। झाड़ियों के कारण छात्राओं के लिए परिसर में घूमना या खेलना तक मुश्किल हो गया है। छात्राओं ने बताया कि पढ़ाई के बाद उन्हें मनोरंजन या खेलकूद के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती। उनका कहना है कि यदि मैदान को समतल कराकर परिसर की सफाई नियमित रूप से करायी जाये तो छात्रावास का माहौल काफी बेहतर हो सकता है।

**वार्डन ने भी मानी समस्या**

**वार्डन** एस बाड़ा ने बताया कि छात्रावास में बरसात के दिनों में सांपों की आवाजाही बढ़ जाती है। परिसर में पानी और झाड़ियों के कारण विषैले सांप कई बार छात्रावास की ओर आ जाते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रावास में सफाई कर्मी है, लेकिन बाहरी हिस्से की नियमित सफाई नहीं हो पाने के कारण झाड़ियों की समस्या बनी हुई है।

**निरीक्षण कर जिला परिषद सदस्य ने उठायी आवाज**

**छात्रावास** की स्थिति की जानकारी मिलने के बाद जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव ने वहां पहुंचकर जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी परेशानियां सुनीं। उन्होंने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा के लिहाज से स्थिति गंभीर है। प्रशासन को बिना देर किए झाड़ियों की सफाई, जलजमाव की निकासी और मैदान को दुरुस्त कराने की कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष भी रखा गया है।

**डीसी ने दिया कार्रवाई का भरोसा**

**डीसी** संदीप कुमार ने कहा कि नगर पंचायत लातेहार को हॉस्टल में सफाई अभियान चलाकर झाड़ियां की सफाई करने का निर्देश दे दिया है। सोमवार को सफाई कर्मियों की एक टीम हॉस्टल पहुंचेगी और झाड़ियां की सफाई करेगी।

## गुमला जिला की तीनों विधानसभा सीटें जीतने की हो तैयारी : सागर उरांव



**गुमला** : रविवार को भाजपा जिला कार्यालय डूमरडीह में भाजपा जिला अध्यक्ष सागर उरांव के अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में संगठन को और अधिक धार कैसे मिले तथा नवीन और पुरातन कार्यकर्ता कैसे एक मंच पर आकर संगठन को मजबूत करें इस विषय पर चर्चा करना था। बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. दिनेश उरांव ने कहा सर्वप्रथम सभी कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति ईमानदार होना होगा तथा अनुभवी और समर्पित कार्यकर्ताओं का आज के युवाओं को अनुभव प्राप्त कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। जिलाध्यक्ष सागर उरांव ने कहा इस तरह की बैठक की आयोजन अब प्रत्येक माह की जाएगी ताकि वैसे कार्यकर्ता जिन्हें संगठन के प्रति किसी तरह की शिकवा शिकायत है तो इस बैठक में आकर अपने विचार अवश्य दें तथा संगठन के मजबूती में अपनी भी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## एक झलक

### असामाजिक तत्वों ने बाबा साहब की प्रतिमा को किया क्षतिग्रस्त

**देवघर** : मोहनपुर क्षेत्र अंतर्गत कुंडा थाना क्षेत्र के कुमरडीह भदवारी गांव में शनिवार की देर रात असामाजिक तत्वों की ओर से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किए जाने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गये। प्रतिमा क्षतिग्रस्त किए जाने की घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों ने पुलिस-प्रशासन से घटना में शामिल लोगों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी एवं कड़ी कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर पंचायत के पूर्व मुखिया एवं जिला बीस सूत्री सदस्य सह कांग्रेस नेता दिनेश कुमार मंडल भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही कुंडा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने ग्रामीणों से घटना के संबंध में जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### उलीडीह में दिनदहाड़े महिला से दो लाख की चेन झपटी

**पूर्वी सिंहभूम** : उलीडीह थाना क्षेत्र के शर्मा लाइन के समीप रविवार को बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन झपट ली और फरार हो गए। वारदात में छीनी गई चेन की कीमत करीब दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, उलीडीह निवासी कांति देवी रविवार को पूजा-अर्चना कर पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान शर्मा लाइन के पास पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश पहुंचे और मौका मिलते ही उनके गले से सोने की चेन झपट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों तेज गति से बाइक चलाते हुए फरार हो गए। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही उलीडीह थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से घटना की जानकारी लेने के साथ आसपास के इलाके में जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। जांच के दौरान कुछ संदिग्धों की तस्वीरें कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। इसके अलावा बदमाशों के भागने के संभावित रास्तों पर लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग भी खंगाली जा रही है, ताकि उनकी गतिविधियों और भागने की दिशा का पता लगाया जा सके।

## पांकी में व्यापारी से लूट की साजिश नाकाम

# अवैध हथियार के साथ 03 गिरफ्तार

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार चलाए जा रहे ऑपरेशन सफाया के तहत पांकी थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ तीन अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी लेस्लीगंज (पांकी) प्रशांत कुमार-02 के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधकर्मी हथियार के बल पर एक व्यापारी से लूटपाट करने की फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। टीम ने पांकी थाना क्षेत्र के बराज से उत्तर, बनखेता जाने वाली ग्रामीण सड़क के किनारे स्थित टोला कोलवा में छापामारी कर तीन संदिग्ध अपराधकर्मियों को पकड़ा। तलाशी के दौरान उनके पास से अवैध हथियार एवं अन्य सामान बरामद किए गए। इसके बाद तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों गिरफ्तार आरोपी चतरा के रहने वाले हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुभन गंझू (38), पिता बासुदेव गंझू, सर्किंद्र गंझू (22), पिता बिशु गंझू तथा सुमन यादव (23), पिता सुधीर यादव के रूप में हुई है। तीनों चतरा जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के सिकनी गांव के निवासी बताए गए हैं। इस मामले में पांकी थाना कांड संख्या 138/2026, दिनांक 22 अगस्त 2026 के तहत बीएनएस की धारा 310(4)/310(5) एवं आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए/26/35 के तहत मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपितों का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। चतरा एवं हजारीबाग जिले के विभिन्न थानों में उनके खिलाफ लूट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं। छापामारी दल में एसडीपीओ प्रशांत कुमार-02 के नेतृत्व में पु०अ०नि० रविन्द्र राहुल साय, पु०अ०नि० रंजीत कुमार, स०अ०नि० अमित कुमार उपाध्याय सहित पांकी थाना के सशस्त्र बल एवं पलामू पुलिस के जवान शामिल थे।

**बरामद सामान**
- एक अवैध देशी कारबाइन
- लोहे का एक मैगजीन
- सात जिन्दा गोलियां एवं एक खोखा
- दो मोटरसाइकिल
- तीन मोबाइल फोन



## 30 घंटे के आन्दोलन के बाद बनी सहमति, मृतक के परिजनों को 08 लाख मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चास** : मृतक दुर्गा चरण महतो के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग को लेकर करीब 30 घंटे तक चले आंदोलन और वार्ता के बाद देर रात लगभग 3 बजे सकारात्मक सहमति बनी। मृतक के परिजनों, इलेक्ट्रो स्टील कंपनी (वेदांता) प्रबंधन और सियालजोरी थाना प्रभारी रंजीत यादव की मध्यस्थता में हुई लंबी वार्ता के बाद प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को 8 लाख रुपये मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को नियोजन देने पर सहमति जताई। प्रबंधन की ओर से दिए गए प्रस्ताव पर मृतक के परिजनों ने अपनी सहमति व्यक्त की। इसके साथ ही करीब 30 घंटे से जारी आंदोलन एवं वार्ता का आपसी सहमति के आधार पर समाधान हो गया। देर रात वार्ता सफल होने के बाद आंदोलन समाप्त कर दिया गया। वार्ता के दौरान सभी पक्षों ने संवेदनशीलता, धैर्य और आपसी संवाद के माध्यम से मामले का समाधान निकालने का प्रयास किया। आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने कहा कि तय सहमति के अनुसार मुआवजा और नियोजन की प्रक्रिया जल्द पूरी कराई जाएगी। वहीं, सूत्रों के अनुसार कंपनी प्रबंधन द्वारा मुआवजा एवं नियोजन देने को लेकर काफी देर तक सहमति नहीं बन पा रही थी। हालांकि, लंबी वार्ता के बाद प्रबंधन ने दोनों मांगों पर सहमति जताई। स्थानीय लोगों ने कहा कि कंपनी प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच इस तरह के विवाद पहले भी सामने आते रहे हैं। उनका आरोप है कि इस मामले में भी प्रबंधन द्वारा शुरुआत में टालमटोल की गई, लेकिन लगातार आंदोलन और वार्ता के बाद आखिरकार मृतक के परिजनों की मांगों पर सहमति बनी।

## ब्रह्माकुमारीज ने विश्व बंधुत्व दिवस पर आयोजित किया रक्तदान महाअभियान, 10 लोगों ने किया रक्तदान

# रक्तदान से बचती है जरूरतमंदों की जान : उमेश वर्मा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : विश्व बंधुत्व दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज (डोमचांच ढाब रोड एवं सहाना रोड) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार (23 अगस्त) को सदर अस्पताल, कोडरमा में रक्तदान महाअभियान का आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान 10 लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 10 यूनिट रक्तदान किया। यह विशेष अभियान 21 से 25 अगस्त तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए डोमचांच नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर का लाभ गरीबों, जरूरतमंदों और असहाय लोगों को मिलेगा। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस संस्थान से प्रेरणा लेकर बढ़-चढ़कर रक्तदान करने की अपील की,ब्रह्माकुमारी अनीता दीदी ने शिविर के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य मरीजों के लिए समय पर रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाना है। आयोजकों ने बताया कि पिछले वर्ष (2025 में) ब्रह्माकुमारीज के देशव्यापी अभियान के तहत 88,378 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया था, और इस वर्ष भी रिकॉर्ड रक्तदान की उम्मीद है। रक्तदाता में मनीष कुमार, राम प्रसाद, विनोद कुमार, सौरव कुमार, गुड्डू कुमार, पप्पू कुमार, अजीत कुमार, संजय कुमार, बिनोद यादव एवं रंजीत दास। संस्थान प्रतिनिधि बीके अनीता दीदी, बीके पूर्णिमा दीदी, बीके संजय भाई एवं बीके ललिता बहन। तकनीकी एवं चिकित्सा टीम प्रयोगशाला आयुर्वेद कोडरमा से जफर इकबाल, अमित और प्रिय रंजन।




## ई-20 पेट्रोल के खिलाफ आम आदमी पार्टी का जनसंवाद कार्यक्रम, वाहन चालकों ने साझा कीं चिन्ताएं

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : ई20 पेट्रोल से जुड़े जनहित के मुद्दों को लेकर आम आदमी पार्टी, पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी की ओर से झारखंड टाउन हॉल कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय निर्मल भवन में किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में वाहन चालक और जागरूक नागरिक शामिल हुए। जमशेदपुर से बाहर रहने वाले लोगों ने भी ऑनलाइन माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान ई20 पेट्रोल से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वाहन चालकों और आम नागरिकों ने अपने अनुभव, समस्याएं, सवाल और सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों ने ई20 पेट्रोल को लेकर अपनी चिंताओं को सामने रखते हुए सरकार से वाहन चालकों के हितों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाने की मांग की। आप के प्रदेश प्रभारी शिवचरण गोयल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने देश की जनता पर ई20 पेट्रोल थोप दिया है, जिससे बड़ी संख्या में वाहनों को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ पार्टी देशभर में अभियान चला रही है। प्रदेश सह प्रभारी सुशील सिंह ने कहा कि कई विकसित देशों में ई10 तक पेट्रोल का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार ई20 को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने इसे लेकर जनता के हितों पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम का संचालन पूर्वी सिंहभूम जिला संयोजक अभिषेक कुमार ने किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता भाष्कर सुमन, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, शंभु सिंह गांधी, विनीता मिश्रा, विधान चंद्र राय, राजेश लिंडा, संगीता तिर्की सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखे। जिला कमेटी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, मीडिया प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकताओं, वाहन चालकों एवं आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया। पार्टी ने ई20 पेट्रोल से जुड़े जनहित के मुद्दों पर जनजागरूकता अभियान आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

## विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में कैलाश राय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित हजारीबाग विभाग का विभाग स्तरीय संस्कृति महोत्सव और प्रश्न मंच प्रतियोगिता गिरिडीह में आयोजित थी जिसमें कोडरमा, हजारीबाग और गिरिडीह में चलने वाले सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के संकुल स्तर पर चयनित भैया - बहनों ने प्रतिभागिता की। संस्कृति बोध परियोजना में किशोर वर्ग के भैया ने सरस्वती विद्या मंदिर बरगंडा गिरिडीह को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया और बाल वर्ग में कैलाश राय विद्यालय के भैया को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ । वैदिक गणित की प्रतियोगिता में अपने विद्यालय के शिशु वर्ग के भैया बहनों ने सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली हजारीबाग को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किये वहीं बाल वर्ग को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ । विज्ञान प्रश्न मंच में भी शिशु वर्ग वर्ग के भैया बहनों ने सरस्वती विद्या मंदिर बरगंडा गिरिडीह को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किये वहीं बाल वर्ग दूसरे स्थान पर रहा। बाल वर्ग कथा कथन में बहन आलिया शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया और शिशु वर्ग मे बहन आराध्या को तृतीय प्राप्त हुआ जबकि मूर्ति कला में भी अपने विद्यालय की बहन ने दूसरे स्थान को प्राप्त किया तथा लोकनृत्य प्रदर्शनी मे अपने विद्यालय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, प्रांतीय नियमानुसार प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले समूह प्रांत स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

## सावन की अंतिम सोमवारी पर शिवमय हुआ कोडरमा

# 27वीं कांवर पदयात्रा में जुटेंगे दो लाख श्रद्धालु

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरीतिलैया** : सावन की अंतिम सोमवारी को लेकर झुमरीतिलैया और कोडरमा का माहौल पूरी तरह शिवमय हो गया है। श्री राम संकीर्तन मंडल की ओर से आयोजित 27वीं कांवर पदयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। रविवार को यात्रा के प्रति जागरूकता को लेकर शहर में बाइक रैली निकाली गई, जबकि सोमवार को इंदरवा मध्य विद्यालय से भव्य झांकी के साथ कांवर पदयात्रा निकाली जाएगी। आयोजकों ने इस वर्ष करीब दो लाख कांवड़ियों के शामिल होने की उम्मीद जताई है। रविवार को अड्डी बंगला रोड स्थित देवी मंडप से मंडल के पदाधिकारियों ने झंडी दिखाकर बाइक रैली को रवाना किया। रैली झंडा चौक, महाराणा प्रताप चौक और दर्जी मोहल्ला होते हुए पुनः अड्डी बंगला पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयकारों से शहर गूंज उठा। बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने बाइक रैली में शामिल होकर लोगों को कांवर पदयात्रा में भाग लेने के लिए जागरूक किया। मंडल के अध्यक्ष बसंत गुप्ता और सचिव बबलू सिंह ने बताया कि कांवर पदयात्रा लगातार 27 वर्षों से आयोजित की जा रही है। इस बार श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।



**इंदरवा से निकलेगी भव्य कांवर पदयात्रा**

**24 अगस्त** की सुबह सात बजे इंदरवा मध्य विद्यालय से भव्य झांकी के साथ कांवर पदयात्रा निकलेगी। यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए ध्वजाधारी धाम पहुंचेगी। श्रद्धालु झरनाकुंड से ध्वजाधारी धाम तक करीब 15 से 17 किलोमीटर की दूरी तय कर बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के दौरान 'बोल बम' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा मार्ग भक्तिमय रहेगा।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर चार दिवसीय महोत्सव, 08 अक्टूबर को निकलेगी शोभायात्रा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झुमरी तिलैया** : श्री अग्रवाल समाज की आमसभा का आयोजन श्री अग्रसेन भवन में किया गया। बैठक में समाज के कुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती के अवसर पर चार दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं 8 अक्टूबर को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में कला, संस्कृति एवं खेलकूद से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। चार दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मनोज पिलानिया एवं विक्की चौधरी को संयोजक बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कैलाश चौधरी ने की। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का स्वागत किया। सचिव संजीव खेतान ने समाज की सामाजिक गतिविधियों पर विचार रखते हुए आगामी 25 अगस्त को श्री राणी सती सेवा सदन, पानी टंकी रोड में आयोजित श्री राणी सती दादी जी के झूलन उत्सव सह मंगल पाठ में समाज के सदस्यों से शामिल होने की अपील की। कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने समाज के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से पारित कर दिया। बैठक में समाज की नई कमेटी का चुनाव कराने का भी निर्णय लिया गया। चुनावी प्रक्रिया 10 सितंबर से पहले पूरी करने पर सहमति बनी। चुनाव पदाधिकारी के रूप में महेश दारूका को जिम्मेदारी दी गई। नामांकन, नाम वापसी एवं स्क्रूटनी की तिथियों की घोषणा चुनाव पदाधिकारी द्वारा एक-दो दिनों में की जाएगी।

## विश्व आदिवासी दिवस पर खुटिया में पखवारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

# संस्कृति और अधिकारों पर हुई चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर** : धुरकी प्रखंड क्षेत्र के खुटिया पंचायत स्थित खेल मैदान में रविवार को विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर पखवारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपरा, ऐतिहासिक विरासत एवं अधिकारों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। आयोजन में क्षेत्र के युवा समाजसेवी एवं भवनाथपुर विधानसभा प्रत्याशी दीपक प्रताप देव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत आदिवासी महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान वक्ताओं ने आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक वेशभूषा एवं जीवनशैली की सराहना करते हुए समाज के अधिकारों और विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार रखे। मौके पर युवा समाजसेवी दीपक प्रताप देव ने आदिवासी समाज को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज सदियों से प्रकृति का सच्चा संरक्षक रहा है। जल, जंगल और जमीन के संरक्षण में आदिवासी समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के साथ-साथ संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से अपनी संस्कृति और मूल जड़ों से जुड़े रहने का आह्वान किया। कहा कि आधुनिकता के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी परंपरा, भाषा, संस्कृति और विरासत को संरक्षित रखना समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समाज की एकता, सांस्कृतिक पहचान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।



## फसल सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी-लव कुमार के आदेशानुसार दुमका जिला अंतर्गत सरैयाहाट प्रखंड अंतर्गत कर्णपुरा पंचायत में फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत कृषकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान कृषकों को फसलों में लगने वाले विभिन्न कीट एवं व्याधियों की पहचान, पौधों की सुरक्षा, बीजोपचार, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा फसल सुरक्षा से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। 2 दिनों के प्रशिक्षण में कृषकों को फसल में कीट एवं रोग के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर समय पर उचित प्रबंधन अपनाने, गुणवत्तापूर्ण बीज के उपयोग एवं वैज्ञानिक तरीके से बीजोपचार करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बीटीएम एवं पौधा संरक्षण केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे तथा कृषकों की समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें वैज्ञानिक एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कृषकों को फसल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना तथा कीट एवं रोग से होने वाले फसल नुकसान को कम कर उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना रहा। कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया की उक्त कार्यक्रम सभी प्रखंडो में आयोजित किया जा रहा है, इससे कृषकों को समय पर कीट-व्याधि की पहचान एवं उचित नियंत्रण उपाय अपनाने में सहायता मिलेगी तथा फसल की गुणवत्ता, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि और कृषि लागत में कमी लाने में लाभ होगा।

## जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति की कोर कमिटी की बैठक सम्पन्न

# आन्दोलन को गति देने का निर्णय

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोडरमा** : शिक्षा व शैक्षणिक संस्थान बचाओ, बेटे-बेटियों का भविष्य बचाओ, कोडरमा बचाओ आंदोलन को गति देने के उद्देश्य से जेजे कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति, कोडरमा की कोर कमिटी की बैठक समिति के सदस्य शिल्पी सिंह के विद्यालय एम आर ग्लोबल स्कूल चारडीह,कोडरमा में मुख्य रूप से संरक्षक राम रतन अवध्या, मो. सईद नसीम एवं विजय यादव की उपस्थिति समिति के अध्यक्ष धरतीपुत्र महेश भारती की अध्यक्षता एवं सचिव देवेंद्र कुमार के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में पिछले तीन माह से चल रहे चरणबद्ध आंदोलन तथा जेजे कॉलेज में आयोजित अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन एवं तालाबंदी आंदोलन की सफलता की विस्तार से समीक्षा की गई। आंदोलन के दौरान छात्रों, अभिभावकों एवं आम लोगों से मिले समर्थन पर भी चर्चा की गई तथा आगे की रणनीति तैयार की गई। बैठक में जेजे कॉलेज सहित कोडरमा जिले के तमाम डिग्री कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय (VBU), हजारीबाग मात्र 55km से हटाकर गिरिडीह 130 km विश्वविद्यालय से जोड़ने के सरकार के अव्यवहारिक निर्णय एवं जिले के जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया से कोडरमा के हजारों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा से वांछित रखने एवं अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ थोपने पर चिंता जाहिर किया गया। बैठक में यह भी कहा गया कि कोडरमा जैसे पिछड़े जिले में उच्च शिक्षा के संस्थानों को मजबूत करने की आवश्यकता है, न कि उन्हें विद्यार्थियों से दूर किया जाए।



**पंचायत से प्रखंड स्तर तक कमिटी गठन कर चलाया जायेगा जनजागरूकता अभियान, नवम्बर में जिला मुख्यालय पर होगा विशाल धरना**

## डंडई पंचायत में वित्त रहित किसान उच्च विद्यालय बना परेशानी का सबब

# ग्रामीणों ने विद्यालय की स्थिति पर उठाये सवाल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**डंडई (गढ़वा)** : डंडई प्रखंड का वित्त रहित किसान उच्च विद्यालय, खासकर डंडई पंचायत के लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय न तो बंद हो रहा है और न ही उसके स्थान पर किसी नए उच्च विद्यालय की स्थापना हो पा रही है। इसके कारण पंचायत के बच्चों को पढ़ाई के लिए दूसरे पंचायतों के उच्च विद्यालयों में नामांकन कराना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय कागजों पर ही संचालित हो रहा है। उनका कहना है कि विद्यालय में न तो बच्चे पढ़ने आते हैं और न ही शिक्षक एवं कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित होते हैं। इसके बावजूद बच्चों की कथित फर्जी उपस्थिति दर्ज कर सरकारी सहायता राशि की निकासी किए जाने का आरोप लगाया गया है। मुखिया पति महेश राम, भोला राम, दिनेश राम, सकलदीप राम, रामचंद्र सिंह, मिथिलेश प्रसाद, राजेश मेहता, दीनानाथ पांडेय, दिलबर कुमार, लाल मोहम्मद अंसारी, सुभाष चंद्र मेहता, रामप्यारे सिंह, सनी कुमार, प्रमोद राम, हसन अंसारी, मनीष ठाकुर, सुनील सोनी, संजय राम और रामप्रवेश राम सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति पर नाराजगी जताई है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय की स्थिति लंबे समय से खराब है। उनका दावा है कि विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई नहीं होती और शिक्षक भी विद्यालय नहीं आते। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव के औचक निरीक्षण के दौरान भी विद्यालय की स्थिति सामने आ चुकी है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने कहा कि यह विद्यालय डंडई पंचायत के लिए अभिशाप बनकर रह गया है। विद्यालय के कारण न तो पंचायत में नया उच्च विद्यालय खुल पा रहा है और न ही बच्चों को स्थानीय स्तर पर बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल पा रही है। इसका सीधा असर पंचायत के बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है।




**विधायक के निर्देश पर ग्रामसभा की तैयारी**

**ग्रामीणों** ने बताया कि पंचायत के नौनिहाल बच्चों के भविष्य को देखते हुए विधायक अनंत प्रताप देव ने ग्रामसभा आयोजित कर मामले पर ग्रामीणों का मत एवं प्रस्ताव लेने का निर्देश दिया है। विधायक के निर्देश के बाद ग्रामीण ग्रामसभा आयोजित करने की तैयारी में जुट गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, मौसम अनुकूल रहा तो आगामी 30 अगस्त को मामले को लेकर ग्रामसभा आयोजित की जा सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्रामसभा में पंचायत के लोगों की राय लेकर प्रस्ताव विधायक को सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक की पहल से ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। यदि विधायक के प्रयास से डंडई पंचायत में उच्च विद्यालय अथवा प्लस टू विद्यालय की स्थापना होती है, तो यह पंचायत के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

**डंडई पंचायत में विद्यालय की मांग**

**ग्रामीणों** के अनुसार, डंडई प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में उच्च विद्यालय अथवा प्लस टू विद्यालय की सुविधा उपलब्ध है, लेकिन प्रखंड मुख्यालय का पंचायत होने के बावजूद डंडई पंचायत अब तक इस सुविधा से वंचित है।

## झामुमो की बैठक में संगठन मजबूती पर जोर

**दुमका** : प्लस-2 हाई स्कूल, रामगढ़ में झामुमो प्रखंड समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल मुर्मू ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जामा विधायक डॉ. लुईस मरांडी शामिल हुईं। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती एवं जनहित के मुद्दों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक-2026 के खिलाफ जन-जागरूकता अभियान को बूथ स्तर तक पहुंचाने पर चर्चा हुई। साथ ही आगामी 7 सितंबर 2026 को प्रखंड स्तर पर प्रस्तावित एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की तैयारियों एवं रणनीति पर भी विचार-विमर्श किया गया।

## मिलाद-उल-नबी को लेकर पुलिस प्रशासन ने की बैठक, शांतिपूर्ण आयोजन की अपील

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो** : मिलाद-उल-नबी पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं प्रशासनिक गाइडलाइन के अनुरूप मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन ने माराफारी थाना परिसर में संयुक्त बैठक आयोजित की। बोकारो पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने बालीडीह एवं माराफारी थाना प्रभारी, दोनों थाना क्षेत्रों के शांति समिति सदस्यों तथा समाज के गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में आगामी मिलाद-उल-नबी पर्व के आयोजन को लेकर उपस्थित लोगों से सुझाव लिए गए। साथ ही प्रशासन की ओर से की जा रही तैयारियों, निर्धारित रूटलाइन, ट्रैफिक व्यवस्था और पार्किंग आदि की जानकारी साझा की गई। मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार ने संवेदनशील स्थानों और सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जुलूस के दौरान बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने, प्रत्येक जुलूस में पर्याप्त संख्या में वॉलंटियर नियुक्त करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह से बचने की अपील की। उन्होंने डीजे के इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करने तथा नशामुक्त जुलूस निकालने की शपथ भी दिलाई। पुलिस प्रशासन ने सभी से पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने और प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

## एक झलक

### संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 से 31 अगस्त तक संस्कृत सप्ताह समारोह

**दरभंगा :** कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में 25 से 31 अगस्त तक कुलपति प्रो. लक्ष्मी निवास पाण्डेय की अध्यक्षता में संस्कृत सप्ताह समारोह-2026 आयोजित होगा। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कौशल कुमार होंगे। समारोह के दौरान शास्त्र चर्चा, शैक्षिक प्रतियोगिताएं, संस्कृत शोभायात्रा, उपाकर्म, संगोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 27 अगस्त को विद्यालयी छात्र-छात्राओं के लिए श्लोक वाचन, भाषण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। 28 अगस्त को संस्कृत दिवस पर शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### रौनियार महासभा का हुआ सफल आयोजन

**सुपौल :** जिला के तत्वावधान में रविवार को कौशल्या वैंक्विट हॉल, सुपौल में महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से रौनियार समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महासभा का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना, आपसी एकजुटता को मजबूत करना तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास को आगे बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंगी गुप्ता, युवा प्रदेश संगठन मंत्री रवि गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष विजय गुप्ता तथा जिला अध्यक्ष सहरसा विजय गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों का उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरे राम गुप्ता ने की। महासभा के दौरान रौनियार समाज की एकजुटता, संगठन के विस्तार और समाज के हित में किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसके संगठन और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। इसलिए समाज के सभी लोगों को एक मंच पर आकर सामाजिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। बैठक में विशेष रूप से युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई।

### पिपरा में संत रविदास जयंती पर निकली कलश यात्रा

**सुपौल :** जिले के पिपरा प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को श्री गुरु संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र पंडित एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। कलश यात्रा प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुरू होकर एनएच-106 के रास्ते गुजरते हुए पुनः प्रखंड परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान संत रविदास जी के विचारों, सामाजिक समानता, भाईचारे और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।

# पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती पर राजकीय समारोह का होगा आयोजन : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज चंपारण सत्याग्रह के सूत्रधार पंडित राजकुमार शुक्ल जी की 151वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान परिषद के एनेक्सी सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ किया। समारोह का आयोजन पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान द्वारा किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल जी की जयंती के अवसर पर राजकीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। पंडित राजकुमार शुक्ल के योगदान और चंपारण सत्याग्रह के ऐतिहासिक महत्व से नई पीढ़ी को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पंडित राजकुमार शुक्ल के अथक प्रयासों से मोहनदास करमचंद गांधी बिहार की चंपारण की धरती पर आए और किसानों को अंग्रेजों के अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए ऐतिहासिक सत्याग्रह का नेतृत्व किया। चंपारण सत्याग्रह ने देश के स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा दी और अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राज्य में सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा हुई है। राज्य सरकार ने किसानों के हित में कृषि कार्य के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी एवं पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 'सहयोग कार्यक्रम' सुशासन का प्रतीक है। इस कार्यक्रम के माध्यम से अब तक 6 लाख 42 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 96 प्रतिशत आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। जनता और समाज के प्रति समर्पित सरकार का उद्देश्य सुशासन के माध्यम से आम लोगों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। पिछले तीन दिनों में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 16 हजार लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार और झारखंड एक राज्य था, तब बिहार का बजट लगभग 6 हजार करोड़ रुपये हुआ करता था। पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी और श्रद्धेय श्री सुशील कुमार मोदी जी के वित्तीय प्रबंधन के कारण बिहार की अर्थव्यवस्था काफी सुदृढ़ हुई है। वर्ष 2024 में बिहार का बजट 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपये था, जबकि झारखंड का बजट 1 लाख 39 हजार करोड़ रुपये ही था। समारोह के दौरान पंडित राजकुमार शुक्ल स्मृति संस्थान की ओर से मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

### प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने व न्याय दिलाने के लिए हम खड़े हैं : सम्राट चौधरी

**पटना :** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में बिहार कुम्हार (प्रजापति) समन्वय समिति द्वारा आयोजित अमर शहीद रामचन्द्र विद्यार्थी जी का शहादत दिवस तथा नवनिर्वाचित विधान पार्षदों के अभिनंदन समारोह का शुभारंभ किया। इस मौके पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने तथा न्याय दिलाने के लिये हम खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी का जीवन और उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान को याद करना और उनके आदर्शों को नयी पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। आज तीन वीर शहीदों को याद करने का दिन है। पंडित राजकुमार शुक्ल जी और अमर शहीद रामफल मंडल जी को भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रजापति समाज कैसे आगे बढ़े, इसकी चिंता हमलोग कर रहे हैं। प्रजापति समाज वह समाज है जो साधारण मिट्टी को भी गढ़कर मूर्ति का रूप देता है। कुम्हार (प्रजापति) समाज ने अपनी कला, श्रम और हुनर के माध्यम से सदियों से हमारी संस्कृति और परंपरा को समृद्ध किया है। बिहार को सजाने संवारने तथा विकास की नई रूपरेखा तैयार कर आगे बढ़ाने के लिये हम सबको मिलकर काम करना होगा।

## अमर शहीद रामफल मंडल जी के शहादत दिवस समारोह में नीतीश कुमार ने अर्पित की श्रद्धांजलि

एजेंसी



**पटना :** भारत छोड़ो आंदोलन, 1942 के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रामफल मंडल जी की पुण्य स्मृति में आयोजित भव्य शहादत दिवस समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार शामिल हुए। इस अवसर पर नीतीश कुमार ने अमर शहीद रामफल मंडल जी के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों का बलिदान हमारी अमूल्य राष्ट्रीय विरासत है। रामफल मंडल जी जैसे अमर बलिदानियों की गौरवगाथा सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के लिए प्रेरित करती रहेगी। कार्यक्रम का आयोजन अमर शहीद रामफल मंडल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष हे शैलेन्द्र कुमार एवं मंत्री शीला मंडल ने किया। समारोह में मुख्य रूप से बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार, बिहार विधान परिषद् के सत्तारूढ़ दल के उप-नेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधी जी, विधान पार्षद संजय सिंह सहित पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय एवं पार्टी नेता पंकज पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों के अधिकार व कानूनी सहायता को लेकर विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**दरभंगा :** दरभंगा जिले के बेनीपुर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर बेनीपुर प्रखंड के सझुआर पंचायत स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 283 पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पैनल अधिवक्ता विनोद कुमार मिश्र ने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नालसा की ओर से संचालित बाल हितैषी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बालश्रम, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के भरण-पोषण सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया। प्राधिकार सहायक कुमार गौरव ने विवादों के निपटारे के लिए स्थायी लोक अदालत, राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-3.0 तथा आगामी 12 सितंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका रितु कुमारी, सहायिका रेनू देवी, आशा कार्यकर्ता आभा कुमारी, जीविका सुधीरा कुमारी, पीएलवी नितीश कुमार राम सहित अन्य मौजूद थे।

## रात में हुई पत्नी के साथ कहासुनी सुबह रेल पटरी पर मिला शव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**गोला (रामगढ़) :** शनिवार की रात घर में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। बात इतनी बढ़ी कि हुप्पु निवासी सिकंदर कुमार महतो उर्फ छाया गुस्से में घर से निकल गया। उसने पत्नी सरीता देवी को घर के अंदर बंद कर बाहर से ताला लगाया और फिर चला गया। परिवार को लगा कि गुस्सा शांत होने के बाद वह लौट आएगा, लेकिन सुबह जो खबर आई, उसने पूरे परिवार को हिलाकर रख दिया। बरकाकाना-मुरी रेलखंड पर कमता बरवाटांड़ के पास पोल संख्या 385 के नजदीक सिकंदर की लाश मिली थी। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो चुकी थी। रात में घर से निकला एक आदमी सुबह रेल पटरी पर मृत मिला। आखिर वह वहां तक कैसे पहुंचा? क्या वह खुद रेल पटरी पर गया था या फिर यह एक दर्दनाक हादसा था? फिलहाल इन सवालों का जवाब साफ नहीं है। गोला पुलिस ने मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब घटना से पहले की पूरी कहानी जोड़ने में जुटी है। पत्नी से विवाद के बाद निकला था घर से परिजनों के मुताबिक शनिवार रात सिकंदर और उसकी पत्नी सरीता देवी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। घर में कहासुनी के बाद सिकंदर काफी नाराज था। बताया गया कि उसने पत्नी को कमरे के अंदर बंद कर दिया और बाहर से ताला लगा दिया। इसके बाद वह घर से निकल गया। यह आखिरी बार था, जब परिवार वालों ने सिकंदर को जिंदा देखा था।

## प्रिंस हत्याकांड में 16 नामजद, एक गिरफ्तार

एजेंसी

**नवादा :** नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के बढ़ीबीघा और नाद गांव के बीच झाड़ी के बाद आहर में डूबने से हुई 16 वर्षीय हिमांशु कुमार उर्फ प्रिंस की मौत मामले ने रविवार को नया मोड़ ले लिया है। मृतक के पिता रामविलास प्रसाद, भाई और बड़ी संख्या में ग्रामीण सिरदला थाना पहुंचे। पिता ने अपने पुत्र की मारपीट कर हत्या करने और शव को आहर के गहरे पानी में फेंकने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर पुलिस ने सिरदला थाना कांड संख्या 251/26 दर्ज किया है। मामले में 16 लोगों को नामजद करते हुए 20 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि नाद गांव से पूछताछ के लिए तीन लोगों को थाना लाया गया था। पूछताछ के बाद दो लोगों को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। वहीं नामजद आरोपी नाद गांव निवासी हरिश्चंद्र राजवंशी के पुत्र सुनील राजवंशी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। मृतक के पिता रामविलास प्रसाद ने आवेदन में बताया है कि उनका पुत्र हिमांशु कुमार उर्फ प्रिंस शौच के लिए गांव से पश्चिम दिशा स्थित आहर की ओर गया था। इसी दौरान सूचना मिली कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलने पर वे घटनास्थल पर पहुंचे तो कथित रूप से करीब छह लोगों को लोहे की रॉड, लाठी और डंडे से प्रिंस के साथ मारपीट करते देखा। आवेदन के अनुसार, हमलावर पहले से घात लगाए हुए थे। पिता ने आरोप लगाया कि दो लोगों ने प्रिंस का गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद छह लोगों ने शव को आहर के गहरे पानी में फेंक दिया और पश्चिम दिशा की ओर भाग गए। इसी दौरान उन्होंने गांव के संजय प्रसाद और शिवकुमार प्रसाद को भी जमीन पर लहूलुहान अवस्था में पड़ा देखा। आवेदन में कहा गया है कि संजय प्रसाद से पूछने पर उसने बताया कि नाद गांव के करीब 40 से 50 लोग वहां आए थे और मारपीट करने के बाद भाग गए। मृतक के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के दो दिन पहले गांव के ही एक व्यक्ति ने गांव में आकर जान से मारने की धमकी दी थी। इस धमकी के कई ग्रामीणों के गवाह होने की बात भी आवेदन में कही गई है।

## मनईटांड़ बैंक कॉलोनी में गणेश पूजा की तैयारी शुरू, नयी कमेटी गठित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



**धनबाद :** मनईटांड़ बैंक कॉलोनी स्थित हरि मंदिर में श्री श्री गणेश पूजा के आयोजन को लेकर पूजा समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता रवि सोनी ने की। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। साथ ही पिछले वर्ष पूजा आयोजन का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया।बैठक में इस वर्ष गणेश पूजा धूमधाम से मनाने की रूपरेखा तैयार की गई। पंडाल एवं मूर्ति निर्माण, पूजा खर्च, महाप्रसाद वितरण और विसर्जन सहित विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की गई।सर्वसम्मति से राकेश सिंह को पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी बृजेश सिंह, अरुण चंद्र महतो, आरएन सिन्हा और रणजीत सिंह को दी गई। सचिव सुनील सिंह, सप्पू महतो, रिंकू सोनी, विवेक गुप्ता और अजीत तिवारी बनाए गए। सह सचिव के रूप में प्रदीप सिंह और राकेश महतो को जिम्मेदारी मिली।रवि सोनी और सनी प्रसाद को कोषाध्यक्ष बनाया गया। पूजा इंचार्ज सोनू सिंह, विकेश भगत और दीपक प्रमाणिक होंगे। पंडाल इंचार्ज धनंजय कर्मकार, कौशिक राय चौधरी, टिंकू सोनी, शुभम साव और पीयूष गुप्ता बनाए गए।भोग इंचार्ज की जिम्मेदारी सनी सिंह, रिपोन शाहा, रितिक कुमार, मुकेश महतो और रितेश साव को दी गई।

## डिगवाडीह गणेश महोत्सव पर संकट गहराया दोनों पक्षों के 34 लोगों पर 107 की कार्रवाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** डिगवाडीह में इस वर्ष प्रस्तावित 38वें गणेश महोत्सव और मेले को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पूजा समिति और विरोधी पक्ष के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए जोड़ापोखर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों के कुल 34 लोगों के खिलाफ धारा 107 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई की है। इनमें पूजा समिति के 22 और विरोधी पक्ष के 12 लोग शामिल हैं। बताया जाता है कि विरोधी पक्ष की ओर से पूजा समिति पर वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाते हुए इस वर्ष मेले के आयोजन का विरोध किया जा रहा है। वहीं पूजा समिति का दावा है कि भूमि पूजन के बाद भी विरोधी पक्ष द्वारा दोबारा भूमि पूजन कर मेला सामग्री गिराए जाने से कई बार टकराव की स्थिति उत्पन्न हुई। हालांकि पुलिस की तत्परता से स्थिति को बिगड़ने से रोका गया। मेला स्थल की जमीन को लेकर भी विवाद बना हुआ है। रैयत की ओर से कई लोगों को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिए जाने से मेला संचालन को लेकर स्थिति और जटिल हो गई है। इसी बीच झरिया अंचलाधिकारी ने पूजा स्थल और सरकारी जमीन पर बिना बंदोबस्ती बांस-बल्ला से पंडाल निर्माण पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। पूजा समिति का कहना है कि इसके बावजूद पंडाल का बांस का ढांचा तैयार कर लिया गया है। तनाव को देखते हुए पुलिस ने पूर्व मेला संचालक पवन प्रजापति, झामुमो नेता मदन राम, शैलेंद्र खरवार, पूजा समिति अध्यक्ष जगजीवन राम, मनोज कुमार ठाकुर, दिनेश यादव, भाजपा नेता उज्जवल मंडल, रैयत विनोद मरांडी और अशोक दत्ता समेत दोनों पक्षों के करीब तीन दर्जन लोगों पर निरोधात्मक कार्रवाई की है। महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रशासन के रुख को लेकर भी असमंजस बना हुआ है, जिससे श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार



**कोडरमा :** तिलैया थाना क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टेबाजी और कथित धोखाधड़ी के जरिए लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने के मामले में कोडरमा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। तिलैया थाना के पुलिस अवर निरीक्षक महादेव पाण्डेय के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज कर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। दर्ज प्राथमिकी (कांड संख्या 245/26, दिनांक 23 अगस्त 2026) के अनुसार, आरोपियों पर आपराधिक षड्यंत्र रचकर मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से लोगों से संपर्क करने तथा ऑनलाइन क्रिकेट मैच एवं अन्य गेम में सट्टेबाजी और जुए का लालच देकर कथित तौर पर धोखाधड़ी एवं जालसाजी करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, गिरोह द्वारा लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी किए जाने की बात सामने आई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तिलैया थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक विनय कुमार के नेतृत्व में विशेष छापामारी टीम गठित की गई। टीम ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी शुभम कुमार (30 वर्ष), निवासी ताराटांड़, वार्ड संख्या-14, थाना तिलैया, को गिरफ्तार कर लिया।

## एक किसान के अदम्य संकल्प से चंपारण सत्याग्रह

# रांची की ऐतिहासिक गांधी-गेट वार्ता और 1918 के किसान कानून तक की अमर गाथा



अजय राय

गतांक से आगे

**चंपारण** सत्याग्रह का अनदेखा ऐतिहासिक अध्याय

चंपारण सत्याग्रह की कहानी का एक महत्वपूर्ण अध्याय झारखंड की राजधानी रांची से भी जुड़ा है। 4 जून 1917 को गांधीजी और तत्कालीन बिहार एवं उड़ीसा के लेफ्टिनेंट गवर्नर सर एडवर्ड अल्बर्ट गेट के बीच रांची में महत्वपूर्ण वार्ता हुई। बाद में 22 सितंबर 1917 को भी दोनों के बीच चंपारण की समस्या को लेकर संवाद हुआ। रांची जिला प्रशासन की आधिकारिक ऐतिहासिक सामग्री में भी इन बैठकों का उल्लेख मिलता है। इन वार्ताओं में चंपारण के किसानों और नील बागान मालिकों के बीच चल रहे विवाद तथा किसानों पर हो रहे दमन के प्रश्न पर चर्चा हुई। रांची का ऑड्रे हाउस इस ऐतिहासिक प्रसंग का महत्वपूर्ण साक्षी है। इसे केवल चंपारण समझौता कहना ऐतिहासिक रूप से सावधानीपूर्ण नहीं होगा। अधिक उचित यह है कि इसे गांधीजी और लेफ्टिनेंट गवर्नर सर एडवर्ड गेट के बीच चंपारण समस्या पर हुई महत्वपूर्ण प्रशासनिक वार्ता के रूप में देखा जाए। इस वार्ता ने चंपारण के किसान प्रश्न को औपनिवेशिक शासन के सर्वोच्च प्रांतीय प्रशासनिक स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### जांच समिति से 1918 के कानून तक

**गांधीजी** के नेतृत्व में किसानों की शिकायतों का व्यापक दस्तावेजीकरण हुआ। सरकार के लिए इस समस्या को अनदेखा करना कठिन हो गया। चंपारण के कृषि प्रश्न की जांच के लिए समिति गठित हुई और गांधीजी भी इस प्रक्रिया का हिस्सा बने। जांच के बाद तीनकठिया व्यवस्था को समाप्त करने की दिशा में निर्णायक कदम उठे। अंततः 1918 में चंपारण एग्रेरियन एक्ट अस्तित्व में आया। इस कानून ने किसानों और जमींदारों के बीच कृषि संबंधी विवादों के समाधान का रास्ता खोला और उन व्यवस्थाओं के विरुद्ध कदम उठाए, जिनके माध्यम से किसानों को उनकी जमीन पर किसी विशेष फसल की खेती के लिए बाध्य किया जाता था। इस पूरी ऐतिहासिक यात्रा को एक सूत्र में देखा जाए तो तस्वीर स्पष्ट होती है-चंपारण के खेतों से किसान की आवाज उठी,

### पंडित राजकुमार शुक्ल की जयंती पर विशेष



राजकुमार शुक्ल ने उसे गांधीजी तक पहुंचाया, गांधीजी ने उसे राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा, रांची में प्रशासनिक स्तर पर संवाद हुआ, जांच हुई और अंततः कानून बना।

#### यह विजय केवल गांधी की नहीं, किसान की भी थी

**चंपारण** सत्याग्रह को गांधीजी के भारत में सत्याग्रह के महत्वपूर्ण प्रयोग के रूप में याद किया जाता है। लेकिन इस आंदोलन की आत्मा किसान था। उस किसान ने अन्याय सहा, फिर आवाज उठाई। उसने भय की दीवार तोड़ी और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष किया। राजकुमार शुक्ल इसी किसान चेतना के प्रतिनिधि थे। इसलिए चंपारण की विजय को केवल एक नेता की विजय मानना इतिहास को अधूरा देखना होगा। यह किसान की विजय थी, सत्याग्रह की विजय थी और जनशक्ति की विजय थी। राजकुमार शुक्ल : केवल द्वागांधी को चंपारण लाने वाले किसान नहीं

राजकुमार शुक्ल को केवल इस रूप में याद करना कि उन्होंने गांधीजी को चंपारण बुलाया, उनके व्यापक योगदान को सीमित करना होगा। उन्होंने किसानों की पीड़ा को स्वयं महसूस किया। किसानों को संगठित करने का प्रयास किया। उनके मुकदमों में सहायता के लिए वकीलों से संपर्क किया। राष्ट्रीय नेताओं तक अपनी बात पहुंचाई। गांधीजी से संपर्क स्थापित किया और लगातार आग्रह करते हुए उन्हें चंपारण लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारत सरकार ने भी उनके योगदान को स्वीकार किया है। 2018 में उनके सम्मान में स्मारक डाक टिकट जारी किया गया और उनके योगदान को 1917 के चंपारण सत्याग्रह की शुरुआत से जोड़ा गया। इससे स्पष्ट है कि स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में राजकुमार शुक्ल किसी हाशिये के पात्र नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण प्रेरक शक्ति थे।

#### संघर्ष की कीमत भी चुकायी

**चंपारण** सत्याग्रह के बाद राजकुमार शुक्ल किसी बड़े राजनीतिक पद या व्यक्तिगत वैभव की ओर नहीं बढ़े। उपलब्ध सरकारी विवरणों के अनुसार आंदोलन के दौरान और उसके बाद उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा तथा उनकी जमीन और संपत्ति तक प्रभावित हुई। यही उनके जीवन की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है। उन्होंने संघर्ष को व्यक्तिगत लाभ का साधन नहीं बनाया। उन्होंने किसानों के लिए आवाज उठाई और उसकी कीमत भी चुकाई। 20 मई 1929 को उनका निधन हुआ। उनका जीवन भले ही लगभग 54 वर्षों का रहा, लेकिन उनका ऐतिहासिक प्रभाव उनके जीवनकाल से कहीं अधिक बड़ा है।

#### आज की पीढ़ी के लिए राजकुमार शुक्ल का संदेश

**राजकुमार** शुक्ल की विरासत आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने सिद्ध किया कि इतिहास बदलने के लिए हमेशा सत्ता, पद और बड़े संसाधनों की आवश्यकता नहीं होती। यदि किसी व्यक्ति के भीतर सत्य, साहस और निरंतर संघर्ष की क्षमता हो तो वह सामान्य जीवन से उठकर राष्ट्रीय परिवर्तन का सूत्रधार बन सकता है। उनका जीवन यह भी बताता है कि किसान केवल उत्पादन करने वाला व्यक्ति नहीं है। वह राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक संरचना का महत्वपूर्ण आधार है और उसके अधिकारों की रक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था की जिम्मेदारी है। आज आवश्यकता है कि विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में राजकुमार शुक्ल के जीवन पर गंभीर अध्ययन हो। उनके योगदान पर शोध हो। चंपारण और रांची के बीच उनके संघर्ष की ऐतिहासिक कड़ी पर विशेष अध्ययन किया जाए। रांची के ऑड्रे हाउस जैसे स्थलों को राष्ट्रीय इतिहास की स्मृति से जोड़ा जाए और नई पीढ़ी को बताया जाए कि स्वतंत्रता आंदोलन में गांवों और किसानों की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण थी।

#### निष्कर्ष : खेत की मेड़ से उठी आवाज ने इतिहास बदल दिया

**पंडित** राजकुमार शुक्ल की जीवनगाथा एक असाधारण संदेश देती है-एक किसान ने अन्याय देखा, उसका विरोध किया, किसानों को संगठित किया, राष्ट्रीय नेतृत्व का दरवाजा खटखटाया, गांधीजी के पीछे लगातार चलता रहा और अंततः उन्हें चंपारण की धरती तक ले आया। चंपारण में किसान की पीड़ा राष्ट्रीय प्रश्न बनी। सत्याग्रह ने जनशक्ति को संगठित किया। रांची में गांधीजी और सर एडवर्ड गेट के बीच महत्वपूर्ण संवाद हुआ। जांच की प्रक्रिया आगे बढ़ी और 1918 में चंपारण एग्रेरियन एक्ट अस्तित्व में आया। इस पूरी यात्रा में राजकुमार शुक्ल वह कड़ी थे, जिसने खेत की पीड़ा को राष्ट्रीय राजनीति से जोड़ा। उनकी सबसे बड़ी विरासत यही है कि किसान इतिहास का दर्शक नहीं, इतिहास का निर्माता भी हो सकता है। आज पंडित राजकुमार शुक्ल को स्मरण करना केवल एक स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि देना नहीं है। यह किसान चेतना, जनशक्ति और सत्य के प्रति संघर्ष को नमन करना है। चंपारण की मिट्टी से उठी वह आवाज आज भी हमें पुकारती है-अन्याय के सामने मौन मत रहिए, सत्य के साथ खड़े रहिए और समाज के अंतिम व्यक्ति के अधिकार के लिए संघर्ष कीजिए। यही पंडित राजकुमार शुक्ल की अमर विरासत है।

**(लेखक हिन्दी साहित्य भारती (अंतरराष्ट्रीय), झारखंड एवं पंडित राजकुमार शुक्ल फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं।)**

## एक झलक

### नीतीश आक्रामक पारी के बाद भी अपनी टीम वेस्ट दिल्ली को जीत नहीं दिला पाये

**नयी दिल्ली :** नीतीश राणा की आक्रमक पारी के बाद भी यहां जारी दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 के एक मुकाबले में वेस्ट दिल्ली लायंस को हार का सामना करना पड़ा है। इसे मैच में सेंट्रल दिल्ली किंग्स को 21 रनों से जीत मिली। मुकाबले में वेस्ट दिल्ली के कप्तान नीतीश राणा ने केवल 10 गेंदों में ही 31 रन बना दिये पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। मैच में सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट पर 232 रन बनाये। इसके जवाब में वेस्ट दिल्ली की टीम 20 ओवर में 08 विकेट पर 211 रन ही बना सकी और उसे हर झेलनी पड़ी। राणा ने अपनी पारी में 04 छक्के और 01 चौका लगाया, जिससे रन गति बढ़ हुआ। उनके अलावा, अंकित राजेश कुमार ने 30 गेंदों में 05 छक्कों और 04 चौकों की मदद से सर्वाधिक 61 रन बना। जो टीम के लिए सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी थी। ओपनर कृष यादव ने भी 46 रनों का बहुमूल्य योगदान दिया, जबकि तिशांत डाबला और हितेन दलाल ने भी 22-22 रन बनाये पर इसे बाद भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी।

सेंट्रल दिल्ली की जीत में उनके गेंदबाजों का भी अहम योगदान रहा, जिन्होंने वेस्ट दिल्ली के बल्लेबाजों को बड़े स्कोर बनाने से रोका। मोनी गिरेवाल, केशव डबास और तेजस बरोका ने 02-02 विकेट लेकर वेस्ट दिल्ली के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा और महत्वपूर्ण समय पर विकेट लेकर मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ा।

### सिंड्रेला का डबल धमाका, पायस जैन ने जीता पुरुष एकल खिताब

**कानपुर :** यूटीटी नेशनल रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास ने दोहरा खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम किया। उन्होंने महिला एकल के साथ अंडर-19 बालिका एकल का खिताब भी अपने नाम किया। पुरुष एकल में दिल्ली के पायस जैन ने पीएसपीबी के मानव ठक्कर को 4-1 से हराकर खिताब जीता। स्पोर्ट्स हब में हुए महिला एकल फाइनल में सिंड्रेला ने महाराष्ट्र की दिव्यांशी बोमविक को 9-11, 11-8, 11-8, 5-11, 11-7, 11-9 से हराया। दिव्यांशी ने पहला गेम जीतकर बढ़त बनाई, लेकिन सिंड्रेला ने लगातार दो गेम जीतकर वापसी की। चौथे गेम में दिव्यांशी ने 11-5 से स्कोर 2-2 किया। इसके बाद सिंड्रेला ने दबाव संभालते हुए अगले दोनों गेम जीतकर खिताब अपने नाम किया।

सेमीफाइनल में सिंड्रेला ने पीएसपीबी की स्वस्तिका घोष को 4-3 से हराया। निर्णायक गेम में 4-7 से पिछड़ने के बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 11-9 से जीत दर्ज की। दूसरी ओर, दिव्यांशी ने पीएसपीबी की यशस्विनी घोरपड़े को 4-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई।

### मध्य प्रदेश के 33 साल के ऑलराउंडर सारांश का टेस्ट डेब्यू तक का सफर

**कोलंबो :** मध्य प्रदेश के 33 वर्षीय ऑलराउंडर सारांश जैन का नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में टेस्ट डेब्यू के बाद से ही सुर्खियों में है। सारांश ने श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में दूसरे टेस्ट मैच में भारत के लिए टेस्ट डेब्यू किया है। उन्हें ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने प्रतिष्ठित डेब्यू कैप सौंपी। इस मौके के साथ ही सारांश ने एक नया इतिहास रच दिया, 21वीं सदी में भारत के लिए टेस्ट पदार्पण करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। सारांश को यह अवसर तब मिला जब टीम में वॉशिंगटन सुंदर चोटिल होकर बाहर हो गए और कुलदीप यादव संक्रमण के कारण अनुपलब्ध रहे। 33 साल और 145 दिन की उम्र में टेस्ट कैप हासिल कर, सारांश ने पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज सबा करीम का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने साल 2000 में 32 साल और 362 दिन की उम्र में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। इंदौर, मध्य प्रदेश में 31 मार्च 1993 को जन्मे सारांश बाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को 51 रन से हराया

एजेंसी

**मैके (ऑस्ट्रेलिया) :** मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरीना में खेले गए दूसरे टेस्ट में रविवार को बांग्लादेश को पारी और 51 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। बांग्लादेश ने पहला टेस्ट नौ विकेट से जीता था, लेकिन दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने पूरी तरह दबदबा बनाए रखा। मिचेल स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की जीत के सबसे बड़े नायक रहे। उन्होंने दूसरे मैच में कुल 10 विकेट चटकाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। स्टार्क को सीरीज में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी मिला। उन्होंने दो मैचों में कुल 12 विकेट अपने नाम किए। दूसरे टेस्ट का फैसला महज दो दिन में हो गया। रविवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट पर 165 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और 210 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह उसे पहली पारी में बांग्लादेश के खिलाफ 146 रन की महत्वपूर्ण बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कैमरन ग्रीन ने 105 गेंदों में सर्वाधिक 67 रन बनाए। स्टीव स्मिथ ने 42, नाथन लियोन 32 और ट्रेविस हेड ने 22 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश के लिए शोरिफुल इस्लाम ने सात विकेट झटके, जबकि तस्कीन अहमद, तैजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक विकेट हासिल किया। 146 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में



बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम एक बार फिर ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी के सामने बेबस नजर आई। पूरी टीम 38.3 ओवर में महज 95 रन पर सिमट गई और उसे पारी तथा 51 रन से हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने सर्वाधिक 31 रन बनाए, जबकि मुशफिकुर रहीम 29 रन बनाकर नाबाद रहे। इन दोनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज 10 रन के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सका। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी पारी में स्टार्क ने चार विकेट लिए, जबकि कप्तान पैट कमिंस और नाथन लियोन ने तीन-तीन बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इससे पहले बांग्लादेश की पहली पारी महज 64 रन पर सिमट गई थी। टीम की शुरूआत इतनी खराब रही कि 21 रन के स्कोर तक उसके छह विकेट गिर चुके थे। शीर्ष छह बल्लेबाजों में चार तो खाता भी नहीं खोल सके। निचले क्रम के बल्लेबाजों ने किसी तरह टीम को 64 रन तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्टार्क ने पहली पारी में छह विकेट चटकाए, जबकि पैट कमिंस ने तीन और जोश हेजलवुड ने एक विकेट लिया।

**सीरीज का परिणाम (पहला टेस्ट) :** बांग्लादेश ने नौ विकेट से जीत हासिल की।दूसरा टेस्ट: ऑस्ट्रेलिया ने पारी और 51 रन से जीत दर्ज की।

# डुरंड कप फाइनल में ईस्ट बंगाल और मोहन बागान का हाई वोल्टेज मुकाबला आज

एजेंसी

**कोलकाता :** डुरंड कप के फाइनल मुकाबले को लेकर रविवार को कोलकाता के युवभारती क्रीड़ांगन में रोमांच चरम पर होगा। फाइनल में कोलकाता की दो परंपरागत प्रतिद्वंदी टीम ईस्ट बंगाल और मोहन बागान आमने-सामने होंगी। ऐतिहासिक डुरंड कप के साथ यह मुकाबला कोलकाता डर्बी होने के कारण और भी खास हो गया है। मैदान के अंदर खिलाड़ियों के बीच मुकाबला होगा, तो वहीं गैलरी में भी हाई प्रोफाइल मेहमानों की मौजूदगी मैच की चमक बढ़ाएगी। तय कार्यक्रम के मुताबिक केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी फाइनल मुकाबला देखने युवभारती क्रीड़ांगन पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के शाम करीब 5 बजे स्टेडियम पहुंचने की बात है, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कुछ



देर बाद मैदान में पहुंच सकते हैं। इसके अलावा कई वरिष्ठ मंत्री और सेना के अधिकारी भी मैच के दौरान मौजूद रहेंगे। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद यह दूसरा बड़ा डर्बी मुकाबला है। अगर टीम संयोजन और खिलाड़ियों की बात करें तो मोहन बागान की टीम ईस्ट बंगाल से मजबूत नजर आती है। घरेलू खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों के मामले में भी मोहन बागान के पास बेहतर विकल्प हैं। मैकलारेन, अल्बर्टो और मिगुएल जैसे विदेशी खिलाड़ियों के अलावा टीम के पास भारतीय राष्ट्रीय टीम के कई खिलाड़ी भी हैं।

# शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में पूरे किये 3000 रन

एजेंसी

**कोलंबो :** भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 3000 रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम उम्र में 3000 रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। गिल ने यह उपलब्धि रविवार को श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन हासिल की। गिल को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए मुकाबले से पहले सिर्फ सात रन की जरूरत थी। पारी के 23वें ओवर में केशरा नुवान्था की गेंद पर चौका जड़ते हुए गिल ने अपने 3000 टेस्ट रन पूरे किए। गिल ने यह उपलब्धि 26 साल 349 दिन की उम्र में हासिल की और इस मामले में पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव को पीछे छोड़ दिया।



कपिल देव ने 26 साल 356 दिन की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में 3000 रन पूरे किए थे। भारत के लिए सबसे कम उम्र में 3000 टेस्ट रन पूरे करने का रिकॉर्ड महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के नाम है। तेंदुलकर ने महज 23 साल 228 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 26 साल 157 दिन की उम्र में 3000 टेस्ट रन पूरे किए थे। दिलीप वेंगसरकर ने 26 साल 263 दिन की उम्र में यह आंकड़ा छुआ था।

# स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए फिटनेस बेहद जरूरी : मांडविया

एजेंसी

**विशाखापत्तनम :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए फिटनेस बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति फिट होता है तो समाज स्वस्थ रहता है और स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में ब्रिक्स मैत्री साइकिलिंग कार्यक्रम का नेतृत्व किया। यह आयोजन फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 87वें संस्करण के तहत ब्रिक्स युवा एवं खेल मंत्रियों की बैठक के अवसर पर किया गया। इस बैठक की मेजबानी भारत कर रहा है। साइकिलिंग कार्यक्रम में मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और दक्षिण अफ्रीका के मंत्री एवं विभाग प्रमुखों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम ने ब्रिक्स देशों के बीच दोस्ती,



सहयोग और आपसी संबंधों की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। इस सप्ताह के फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल की थीम उन्नत भारत अभियान रखी गई थी। इस अवसर पर डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि आज देशभर में 18,000 से अधिक स्थानों पर युवाओं ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के तहत साइकिल चलाकर फिटनेस का संदेश दिया। साइकिल चलाने के कई फायदे हैं। यह एक बेहतरीन व्यायाम है, यातायात की भीड़ कम करने में मदद करता है और प्रदूषण घटाने में योगदान देता है। साइकिल चलाने से ईंधन की बचत होती है और विदेशी मुद्रा भी बचती है। डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हम सभी हर रविवार साइकिल चलाकर खुद को फिट रखें। दिल्ली में 1,000 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सानई दिल्ली में प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# पांच दिनी एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट-2026 01 से, टूर्नामेंट में 32 टीमें होंगी शामिल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**रांची :** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा, (मांडर) के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट - 2025 का उद्घाटन 01 सितंबर को दिन के 11 बजे से होगा। टूनार्मेंट का फाइनल पांच सितंबर को होगा। खेल प्रभारी विनोद खलखो (मोबाइल- 7667706280) और मो. राजा (मोबाइल- 8084361277) ने बताया कि रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़खुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। टूर्नामेंट में शामिल होने की अंतिम तिथि 28 अगस्त है और एंट्री फीस 5,500 रुपए रखी गई है। टूर्नामेंट के विजेता टीम को 80 हजार रुपये नकद व एक बड़ी ट्रॉफी और उपविजेता को 50 हजार रुपये नकद व बड़ी ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। वहीं तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त करनेवाली टीमों को क्रमशः 15-15 हजार रुपये नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

# हॉकी सिमडेगा के प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाड़ियों को हॉकी झारखंड ने प्रदान किया गोलकीपर किट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**सिमडेगा :** सिमडेगा जिले के विभिन्न सुदूरवर्ती क्षेत्रों से आने वाले गरीब एवं प्रतिभाशाली हॉकी खिलाड़ियों को हॉकी सिमडेगा के संरक्षण में जिला मुख्यालय स्थित कार्यालय में रहकर वर्षभर हॉकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पिछले लगभग 10 वर्षों से संचालित इस प्रशिक्षण केंद्र में वर्तमान में 20 खिलाड़ियों को रखकर उन्हें ग्रासरूट स्तर से ही तैयार किया जाता है तथा राज्य एवं देश के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में आगे के प्रशिक्षण के लिए तैयार किया जाता है। इन वर्षों में इस केंद्र के कई खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का प्रतिनिधित्व किया है। इस सेंटर से निकले कई खिलाड़ी अभी ठरवक् साई रांची,हजारीबाग ,उडए रांची,सिमडेगा, NTHA,बैंगलोर सहित कई प्रशिक्षण केंद्र में है। वर्तमान में इसी केंद्र के चार पूर्ववर्ती खिलाड़ियों की सरकारी सेवा में नियुक्ति



भी हो चुकी है। वर्ष 2021 में झारखंड की पुरुष सब-जूनियर टीम ने राष्ट्रीय सब-जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में पहली बार चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। उस ऐतिहासिक टीम में इसी प्रशिक्षण केंद्र के 9 खिलाड़ी शामिल थे। इन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हॉकी सिमडेगा द्वारा लगातार विभिन्न माध्यमों से सहयोग किया जाता रहा है। इसी क्रम में आज हॉकी झारखंड की ओर से प्रशिक्षण केंद्र के खिलाड़ियों को गोलकीपर किट प्रदान किया गया।



चीन के शंघाई में आईएसयू फिगर स्केटिंग मुकाबले में भाग लेती हुई पोलिना शेहशालेवा व इगोर कर्नोखोव।

## साउथ दिल्ली पर जीत के बाद शिवी शर्मा बोलीं...

# हर मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** महिला दिल्ली प्रीमियर लीग-2026 (डीपीएल) में दूसरे मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के खिलाफ नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली सलामी बल्लेबाज शिवी शर्मा ने कहा कि जब भी वह मैदान पर उतरती हैं, तो एक समय में एक मैच पर ध्यान देती हैं। उन्होंने कहा कि टूनार्मेंट में अभी कई मैच बाकी हैं और उनका लक्ष्य हर मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स ने महिला डीपीएल -2026 में लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को 10 रन से हरा दिया। नॉर्थ दिल्ली की जीत में शिवी शर्मा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 54 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 71 रन की शानदार पारी खेली। अपनी बल्लेबाजी को लेकर शिवी ने कहा कि इस मैच की पारी और पिछले मैच की पारी में ज्यादा अंतर नहीं था। पिछले मैच में हम लक्ष्य का पीछा कर रहे थे, इसलिए मैंने गेंद की मेरिट के हिसाब से खेला। आज हमें लक्ष्य निर्धारित करना



था, इसलिए हम जितने ज्यादा रन बना सकते थे, टीम के लिए उतना ही बेहतर था। मैं सिर्फ परिस्थितियों के अनुसार खेलना चाहती थी। पिच के बारे में शिवि ने कहा, विकेट काफी अच्छे हैं और निश्चित रूप से बल्लेबाजों की मदद करते हैं। चाहे हम लक्ष्य का पीछा कर रहे हों या लक्ष्य निर्धारित कर रहे हों, अगर मैं गेंद की मेरिट के हिसाब से खेलती हूं तो मुझे लगता है कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकती हूं।

# भारत के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने क्रिकेट को कहा... अलविदा

■ आखिरी मैच 25 अगस्त को लखनऊ में खेलेंगे

एजेंसी

**लखनऊ :** भारत के लेग स्पिनर कर्ण शर्मा ने क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। कानपुर सुपरस्टार्स की ओर से यूपीटी-20 लीग का मैच खेलने के बाद कर्ण ने शनिवार रात यह ऐलान किया। वह अपना आखिरी मैच 25 अगस्त को लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में मेरठ



मावेरिक्स के खिलाफ खेलेंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो के अनुसार 38 साल के कर्ण शर्मा ने घोषणा की कि अब मैं संन्यास लेना चाहता हूं। उन्होंने अपने परिवार, बीसीसीआई, रेलवे, उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए), आंध्र प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन, विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन और इस पूरे सफर में मेरा साथ देने वाले सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संन्यास के बाद मैं कोचिंग और क्रिकेट से संबंधित अन्य जिम्मेदारियों के लिए उपलब्ध रहूंगा। उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी कर्ण ने 2014 में सभी प्रारूपों में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। उन्होंने भारतीय टीम के लिए कुल 4 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिनमें 1 टेस्ट, 2 वनडे और 1 टी20 मुकाबला शामिल है। टेस्ट में 4 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक विकेट सहित कुल 5 विकेट अपने नाम किए। घरेलू क्रिकेट में उनका प्रदर्शन बहुत शानदार रहा। उन्होंने फर्स्ट क्लास, लिस्ट ए और टी-20 क्रिकेट मिलाकर कुल 411 मैच खेले। इसमें उन्होंने कुल 551 विकेट अपने नाम किए। कर्ण ने 97 फर्स्ट क्लास मैचों में 270 विकेट लिए। इसके अलावा उन्होंने 123 लिस्ट ए मैचों में 153 विकेट और 191 टी-20 मुकाबलों में 168 विकेट हासिल किए।

## फाजिल्का फाल्कन्स की कप्तानी को लेकर उत्साहित शुभमन गिल, बोले...

# हमारे पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का समूह

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** शेर-ए-पंजाब टी20 लीग में हिस्सा ले रही फाजिल्का फाल्कन्स की कमान संभालने को लेकर भारतीय क्रिकेटर शुभमन गिल खासे उत्साहित हैं। उन्होंने टीम में युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ खेलने को लेकर कहा कि यह टूनार्मेंट उनके लिए भी सीखने और अनुभव साझा करने का शानदार मौका होगा। शेर-ए-पंजाब टी20 लीग की शुरूआत 30 अगस्त से चंडीगढ़ के आई.एस. बिंद्रा स्टेडियम में होगी। खिताब के लिए छह टीमें आमने-सामने होंगी, जिसमें पंजाब के कई होनहार



युवा क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। फाजिल्का फाल्कन्स की कप्तानी भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट एवं वनडे कप्तान शुभमन गिल करेंगे। कप्तानी और टीम को लेकर शुभमन गिल ने एक बयान में कहा कि मैं फाजिल्का फाल्कन्स की कप्तानी करने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। हमारे पास प्रतिभाशाली और रोमांचक खिलाड़ियों का समूह है। मैं टीम के साथ काम करने और सभी के साथ मिलकर खेलने को लेकर उत्सुक हूं। यह हम सभी के लिए एक-दूसरे से सीखने और अच्छा क्रिकेट खेलने का शानदार अवसर होगा। गिल ने पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन की भी सराहना की, जिसने इस लीग का आयोजन कर युवा क्रिकेटरों को अपने करियर में आगे बढ़ने के लिए एक मंच उपलब्ध कराया है।

## हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में सांसद मनीष जायसवाल ने किया खेल क्रांति का शंखनाद

# युवाओं को खेल से जोड़ना समय की जरूरत : बाबूलाल मरांडी

■ सांसद खेल महोत्सव प्रतियोगिता नहीं, युवाओं को सही दिशा देने का है महाअभियान : मनीष जायसवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को नई पहचान और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के उद्देश्य से एक बार फिर खेलों का महाकुंभ सजने जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा लगातार दूसरी बार सांसद खेल महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस बार सांसद खेल महोत्सव-2026 का दायरा और व्यापक किया गया है और कई अन्य खेलों के साथ विलुप्त हो रहे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया जा रहा है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में विभिन्न खेल विधाओं को मिलाकर 50 हजार से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इनमें अकेले फुटबॉल में करीब 25 हजार खिलाड़ी शामिल होंगे। महोत्सव का शुभारंभ आगामी 30 अगस्त 2026 को




सदर विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड क्षेत्र से होगा। इस बार फुटबॉल तक सीमित रहने के बजाय खेलों का दायरा बढ़ाते हुए क्रिकेट, कबड्डी, तैराकी, निशानेबाजी, वॉलीबॉल, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, रस्साकशी, पिट्ठू, मैराथन और ताइक्वांडो समेत 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल किया गया है। हजारीबाग, बड़कागांव, बरही मांडू और रामगढ़ सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को इस आयोजन के माध्यम से अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिलेगा। महोत्सव की तैयारियों और आयोजन की रूपरेखा को लेकर बड़कागांव रोड स्थित एंजल्स हाई स्कूल परिसर में रविवार को एक विशेष प्रेस- वार्ता आयोजित हुई। इस प्रेस- वार्ता में झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं को खेल से जोड़कर उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का व्यापक अभियान है। उन्होंने कहा कि इसकी नींव वर्ष 2016 में ह्यनमो फुटबॉल टूनार्मेंटह्ण के रूप में रखी गई थी। तब से लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को मंच देने और उनकी प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सदर विधायक रहते हुए शुरू हुई यह खेल यात्रा आज सांसद कार्यकाल में में पूरे लोकसभा क्षेत्र तक पहुंच चुकी है। पिछले वर्ष सांसद खेल महोत्सव को व्यापक स्वरूप दिया गया और अब इस वर्ष इसे और बड़ा रूप देते हुए 12 से अधिक खेल विधाओं को शामिल किया गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि गांवों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल उन्हें उचित मंच और अवसर देने की है। इस महोत्सव का उद्देश्य ऐसे ही खिलाड़ियों को सामने लाना है, ताकि वे अपनी पहचान बना सकें और आगे चलकर जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर हजारीबाग का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि आयोजन का एक महत्वपूर्ण सामाजिक उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर कर खेल के मैदान तक लाना भी है। युवा अपना समय नशे और गलत गतिविधियों में न गंवाएं, बल्कि मैदान में पसीना बहाएं और स्वस्थ जीवन की ओर बढ़ें। गांव-गांव में खेल संस्कृति विकसित करना और युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना इस महोत्सव की बड़ी प्राथमिकता है।

# 04 कम्पनियों का मार्केट कैप 87 हजार करोड़ से अधिक गिरा

**नयी दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में पिछले कारोबारी सप्ताह के दौरान हुई खरीद-बिक्री के कारण देश की टॉप 10 मोस्ट वैल्यूड कंपनियों में शामिल चार कंपनियों के मार्केट कैप में गिरावट आ गई, जबकि छह कंपनियों के मार्केट कैप में सीमित बढ़ोतरी हो गई। देश में मार्केट कैप के मामले में शीर्ष स्थान पर मौजूद इन दस कंपनियों में से चार के मार्केट कैप में सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद 87 हजार करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट आ गई। इनमें सबसे अधिक नुकसान टेलिकॉम सेक्टर की दिग्गज कंपनी भारती एयरटेल को हुआ, जबकि मार्केट कैप में गिरावट के मामले में दूसरा स्थान टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने हासिल किया। दूसरी ओर, टॉप 10 मोस्ट



वैल्यूड कंपनियों में शामिल शेष छह कंपनियों के मार्केट कैप में पिछले सप्ताह के कारोबार के दौरान 28 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। इनमें सबसे अधिक फायदा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को हुआ, जबकि मार्केट कैप में उछाल के मामले में देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज दूसरे स्थान पर रही। सोमवार से शुक्रवार तक के कारोबार के बाद भारती एयरटेल, टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में 87,960.29 करोड़ रुपये की गिरावट आ गयी। दूसरी ओर, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), रिलायंस इंडस्ट्रीज, लार्सन एंड टूब्रो, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के मार्केट कैप में 28,791.06 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। पिछले सप्ताह के कारोबार के बाद भारती एयरटेल का मार्केट कैप 28,052.96 करोड़ रुपये कम होकर 12,14,963.15 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इसी तरह टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मार्केट कैप 22,070.34 करोड़ रुपये की कमजोरी के साथ 8,31,436.51 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) का मार्केट कैप 20,861.20 करोड़ रुपये घट कर 9,64,968.76 करोड़ रुपये के स्तर पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मार्केट कैप 16,975.79 करोड़ रुपये लुढ़क कर 4,73,912.56 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इन चार कंपनियों के रुख के विपरीत पिछले सप्ताह के कारोबार में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मार्केट कैप 12,650 करोड़ रुपये उछल कर 5,35,980.31 करोड़ रुपये के स्तर तक आ गया। इसी तरह रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 8,119.53 करोड़ रुपये की बढ़त के साथ 17,78,175.59 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसके अलावा, लार्सन एंड टूब्रो (एलएंडटी) का मार्केट कैप 3,487.83 करोड़ रुपये की तेजी के साथ 5,62,460.94 करोड़ रुपये के स्तर पर, बजाज फाइनेंस का मार्केट कैप 3,424.28 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 6,80,621.62 करोड़ रुपये के स्तर पर, आईसीआईसीआई बैंक का मार्केट कैप 752.47 करोड़ रुपये बढ़ कर 10,18,330.45 करोड़ रुपये के स्तर पर और एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 356.95 करोड़ रुपये की उछाल के साथ 11,21,159.05 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मार्केट कैप के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज 17,78,175.59 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) के साथ देश की सबसे अधिक मार्केट कैप वाली कंपनी रही। इसके बाद भारती एयरटेल (कुल मार्केट कैप 12,14,963.15 करोड़ रुपये), एचडीएफसी बैंक (कुल मार्केट कैप 11,21,159.05 करोड़ रुपये), आईसीआईसीआई बैंक (कुल मार्केट कैप 10,18,330.45 करोड़ रुपये), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (कुल मार्केट कैप 9,64,968.76 करोड़ रुपये), टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज (टीसीएस) (कुल मार्केट कैप 8,31,436.51 करोड़ रुपये), बजाज फाइनेंस (कुल मार्केट कैप 6,80,621.62 करोड़ रुपये), लार्सन एंड टूब्रो (कुल मार्केट कैप 5,62,460.94 करोड़ रुपये), भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) (कुल मार्केट कैप 5,35,980.31 करोड़ रुपये) और हिंदुस्तान यूनिलीवर (कुल मार्केट कैप 4,73,912.56 करोड़ रुपये) के नाम सबसे मूल्यवान टॉप 10 कंपनियों के लिस्ट में दूसरे से दसवें स्थान पर बने रहे।

## एक झलक

### टाटा स्टारबक्स अपने स्टोर की संख्या बढ़ाने की तैयारी में

**मुंबई :** भारत में कॉफी चेन स्टारबक्स एक बार फिर आक्रामक विस्तार रणनीति अपनाने जा रही है। टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लि. (टीसीपीएल) के एक अधिकारी ने बताया कि पिछले डेढ़-दो साल में कारोबारी मॉडल को नये सिरे से तैयार करने के बाद कंपनी को कारोबार में स्पष्ट सुधार के संकेत मिले हैं, जिसके चलते अब स्टोर खोलने की रफ्तार बढ़ाई जाएगी। टाटा स्टारबक्स ने लगातार चार तिमाहियों में समान स्टोर बिक्री में वृद्धि दर्ज की है और अब बिक्री में तेजी भी दिख रही है। वर्तमान में भारत में करीब 500 स्टारबक्स कैफे संचालित करने वाली टाटा स्टारबक्स की योजना अब मौजूदा लगभग 80 शहरों में ही स्टोर की संख्या (घनत्व) बढ़ाने पर है, न कि केवल नए शहरों में पहुंचने पर। डिसूजा ने बताया कि कंपनी ने पिछले दो वर्षों में स्टोर के आकार, प्रति स्टोर पूंजीगत खर्च और पेय पदार्थों की कीमतों सहित अपने पूरे कारोबारी मॉडल की समीक्षा की है, ताकि इसे अधिक टिकाऊ बनाया जा सके। जून तिमाही में टाटा स्टारबक्स का राजस्व 11 प्रतिशत बढ़ा और इस दौरान चार नए स्टोर भी खोले गए, जिनमें दो रिजर्व स्टोर शामिल हैं। टीसीपीएल के अ?धिकारी ने जून में कहा था कि टाटा स्टारबक्स की दीर्घावधि महत्वाकांक्षा चीन के स्तर (लगभग 8,000 स्टोर) तक पहुंचने की है। बीते वित्त वर्ष 2025-26 में संयुक्त उद्यम का राजस्व सात प्रतिशत बढ़कर 1,367 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि शुद्ध घाटा कम होकर 98.95 करोड़ रुपये रहा।

### प्राइड होटल्स दिसम्बर तक लायेगी 1000 करोड़ का आईपीओ

**इंदौर :** आतिथ्य क्षेत्र की अग्रणी कंपनी प्राइड होटल्स इस साल दिसंबर तक अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी (सीईओ) ने बताया कि यह आईपीओ करीब 1,000 करोड़ रुपये का होगा, जिसका उद्देश्य कंपनी के तेजी से हो रहे कारोबार विस्तार को गति देना है। उन्होंने बताया कि प्राइड होटल्स ने पिछले 12 महीनों में नौ नए होटल खोले हैं, जिससे कंपनी के पोर्टफोलियो में अब कुल 40 संपत्तियां हो गई हैं। इनमें 8 स्वामित्व वाले और 32 प्रबंधन अनुबंध के तहत संचालित किए जा रहे हैं। कंपनी ने अगले डेढ़ से दो साल में 32 और होटलों के लिए समझौते किए हैं, जिसके बाद उसका पोर्टफोलियो लगभग 72 संपत्तियों तक पहुंच जाएगा। कंपनी का ध्यान चार प्रमुख क्षेत्रों पर है, जिनमें नए पर्यटन स्थलों और तीर्थस्थलों में विस्तार के साथ बड़े विवाह एवं एमआईसीई (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस एंड एग्जिबिशन) होटलों को लक्षित करना शामिल है। अधिकारी के अनुसार तीर्थ पर्यटन तेजी से उभरता अवसर है, जहां बार-बार आने वाले पर्यटकों की संभावना अधिक होती है। आईपीओ से जुटाई गई राशि का उपयोग मौजूदा होटलों के नवीनीकरण, कर्ज चुकाने और सामान्य कंपनी कामकाज के लिए किया जायेगा।

## एसबीआई का कारोबार 2030 तक 200 लाख करोड़ पहुंचने का अनुमान

**नयी दिल्ली :** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का कुल कारोबार वर्ष 2030 तक 200 लाख करोड़ रुपए के विशाल आंकड़े को छू सकता है। बैंक के चेयरमैन सीएस. शेट्टी ने यह अनुमान मौजूदा वृद्धि दर और भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूत गति के आधार पर व्यक्त किया है, जो बैंक के 75वें स्थापना दिवस के करीब एक बड़ी उपलब्धि होगी। चेयरमैन शेट्टी ने एक साक्षात्कार में बताया कि यदि भारतीय अर्थव्यवस्था 7-8 प्रतिशत की दर से बढ़ती है, तो एसबीआई के बही-खाते में सालाना 11-12 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है, जिससे बैंक का कारोबार लगभग हर छह साल में दोगुना हो जाएगा। जून 2023 के अंत में एसबीआई का कुल कारोबार 110.01 लाख करोड़ रुपए था। उन्होंने स्पष्ट किया कि 200 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा कोई औपचारिक लक्ष्य नहीं, बल्कि मौजूदा रुझानों पर आधारित एक संभावित स्तर है। एसबीआई ने अपने ह्यदृष्टिकोण 2030ह्न के तहत ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों तथा सरकार और नियामकों को प्राथमिकता दी है। बैंक कृषि, सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) और ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को समर्थन देने के साथ-साथ बचत जुटाने में भी अग्रणी भूमिका निभाएगा। पूंजी के मोर्चे पर, बैंक साझा इक्विटी टियर-1 (सीईटी1) अनुपात लगभग 12 प्रतिशत और पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) लगभग 15 प्रतिशत बनाए रखने का लक्ष्य रखता है। साथ ही, बैंक अपनी दक्षता और उत्पादकता बढ़ाकर लागत-से-आय अनुपात में 2-3 प्रतिशत अंक की कमी लाने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## त्योहारों से पहले खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

**नयी दिल्ली :** आगामी त्योहारों के मद्देनजर बीते सप्ताह खाद्य तेल बाजार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। देशी तेलों के मुकाबले 20-24 रुपए प्रति किलो सस्ता होने के कारण सोयाबीन तेल, कच्चे पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन जैसे आयातित खाद्य तेलों के दाम मजबूत हुए। वहीं ऊंचे दाम के चलते घरेलू सरसों तेल-तिलहन और सोयाबीन तिलहन में गिरावट दर्ज की गई। बाजार सूत्रों के अनुसार देशी तेलों की तुलना में सस्ता होने से आगामी त्योहारों में मांग बढ़ने के कारण आयातित सोयाबीन तेल, सीपीओ और पामोलीन के दाम मजबूत रहे। विदेश में मजबूती के बावजूद आयातक इन्हें लागत से नीचे बेच रहे हैं, जिससे इनकी औद्योगिक मांग बढ़ी है। दूसरी ओर ऊंचे दाम के चलते लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम मामूली रूप से गिरे।

## आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस ने धनबाद में नयी शाखा खोल कर झारखंड में मौजूदगी बढ़ायी

**धनबाद :** आदित्य बिड़ला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एबीएचएफएल) ने झारखंड में अपनी मौजूदगी बढ़ाते हुए धनबाद में नई शाखा शुरू की है। यह विस्तार देशभर में अपना शाखा नेटवर्क बढ़ाने की कंपनी की बड़ी योजना का हिस्सा है। इसके साथ झारखंड में एबीएचएफएल की कुल शाखाओं की संख्या बढ़कर चार हो गई है। कंपनी के मुताबिक, इस विस्तार से राज्य के तेजी से बढ़ते बाजारों में उसकी पहुंच मजबूत होगी और ग्राहकों को और भी बेहतर सुविधाएं मिल पाएंगी। धनबाद झारखंड के प्रमुख आर्थिक केंद्रों में से एक है। यहां खनन, व्यापार, छोटे कारोबार और तेजी से



बढ़ते सेवा क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। शहर में बढ़ते शहरीकरण, बुनियादी ढांचे के विकास और वेतनभोगी पेशेवरों, उद्यमियों तथा स्वरोजगार करने वाले लोगों की बढ़ती आकांक्षाओं के साथ आवास की मांग भी बढ़ रही है। इसके अलावा, रिटेल क्रेडिट की बढ़ती जरूरत को देखते हुए धनबाद में होम फाइनेंस समाधानों की पहुंच बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं हैं। नई शाखा के माध्यम से एबीएचएफएल का उद्देश्य ग्राहकों को विभिन्न हाउसिंग फाइनेंस उत्पादों तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना और पूरे क्षेत्र में ग्राहकों के साथ अपनी पहुंच और जुड़ाव को मजबूत करना है। एबीएचएफएल अलग-अलग तरह के ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हाउसिंग फाइनेंस से जुड़े कई समाधान देता है। इनमें किफायती गृह ऋण, प्रीमियम गृह ऋण, निर्माण वित्त और संपत्ति के बदले ऋण जैसी सुविधाएं शामिल हैं। कंपनी की सेवाएं वेतनभोगी लोगों, खुद का काम करने वाले पेशेवरों, छोटे व्यापारियों और नई आय वर्ग वाले ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। मजबूत डिजिटल क्षमताओं के साथ एबीएचएफएल ऋण आवेदन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाता है, जिससे ग्राहकों को तेज मंजूरी और बेहतर सेवा अनुभव मिलता है। इस लॉन्च के मौके पर एबीएचएफएल ग्राहकों को एक खास ऑफर दे रहा है: जीरो लॉगिन फीस के साथ 50 लाख रुपये तक के लोन की मौके पर ही मंजूरी। यह ऑफर 19 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक मान्य रहेगा, जिससे ग्राहकों को तेज और अधिक किफायती ऋण सुविधा मिलेगी।

## अगले हफ्ते 50 से अधिक कम्पनियां निवेशकों को बांटेंगी मुनाफा

**नयी दिल्ली :** आने वाला सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों के लिए लाभांश (डिविडेंड) से कमाई का एक खास अवसर लेकर आ रहा है। 24 से 28 अगस्त के बीच कई प्रमुख कंपनियां अपने शेयरों को एक्स-डिविडेंड करेंगी, जिससे निवेशकों को इन लाभांश का लाभ उठाने के लिए सही रणनीति अपनानी होगी। यह अवधि उन निवेशकों के लिए अहम है जो लाभांश से होने वाली आय में दिलचस्पी रखते हैं। इस विशेष सूची में जिलेट इंडिया, दीपक फर्टिलाइजर्स, पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन (पीएफसी), प्रॉक्टर एंड गैंबल हेल्थ, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया, एनबीसीसी, पॉली मेडिक्योर और वर्धमान टेक्सटाइल्स जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों ने अपने निवेशकों के लिए 0.05 से लेकर 60 रुपए प्रति शेयर तक के लाभांश की घोषणा की है। लाभांश का लाभ उठाने के लिए निवेशकों को एक्स-डिविडेंड डेट और रिकॉर्ड डेट्स को समझना अत्यंत आवश्यक है। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, इन निर्धारित तारीखों के बाद खरीदे गए शेयरों पर आमतौर पर मौजूदा लाभांश का अधिकार नहीं मिलता। निवेशकों को केवल उच्च लाभांश राशि को देखकर ही निवेश नहीं करना चाहिए। इसके बजाय, कंपनी की वित्तीय स्थिति, शेयर के मौजूदा मूल्यांकन और अपनी समग्र निवेश रणनीति का भी गहन विश्लेषण करना चाहिए। अंत में, घोषित लाभांश की राशि और भुगतान की तारीख को कंपनी के आधिकारिक घोषणाओं से सत्यापित करना महत्वपूर्ण है।

## रोजमर्रा की चीजों में छिपे जवाबों का खेल, जानिए अनिल कपूर के नये गेम शो के बारे में सब कुछ



**मुंबई :** अरे, ये तो मैंने पहले ही पकड़ लिया था! हम सभी की ज़िंदगी में ऐसे पल जरूर आए हैं, जब किसी बात के सामने आने से पहले ही हमें उसका अंदाजा हो जाता है। छोटी-सी जीत होती है, लेकिन खुशी बड़ी होती है। स्टार प्लस का नया गेम शो 'इंडिया के टॉप 1%' इसी एहसास को एक मजेदार गेम के रूप में सामने लाता है। अनिल कपूर द्वारा होस्ट किया जाने वाला यह नया गेम शो मनोरंजन, सरप्राइज और रोजमर्रा की सोच को एक साथ लेकर आता है। यह गेम उन छोटी-छोटी चीजों से प्रेरित है, जिन्हें हम अपनी रोजमर्रा की ज़िंदगी में देखते, नोटिस करते और अनुभव करते हैं। खेल का मजा आपके सोचने के तरीके में है। यह गेम रोजमर्रा की स्थितियों, जाने-पहचाने पैटर्न और उन चीजों पर आधारित है, जिन्हें हम अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। कई बार जवाब हमारी आँखों के सामने ही होता है, बस उसे देखने का नजरिया थोड़ा अलग होना चाहिए।

## सोने के भाव में तेजी का रुख जारी, 01 सप्ताह में 7,960 रुपये तक बढ़ी कीमत

**नयी दिल्ली :** अमेरिकी बॉन्ड मार्केट में आई गिरावट का असर दुनिया भर में सोने के भाव में तेजी के रूप में नजर आ रहा है। सोने के भाव में आई वैश्विक तेजी का असर आज घरेलू सराफा बाजार में भी नजर आया। देश के ज्यादातर सराफा बाजार में सोना आज 2,390 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 2,600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। हालांकि चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,49,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में मामूली गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा



बाजार में 2,60,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

साप्ताहिक आधार पर देखा जाये तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगातार तेजी का रुख बनने के कारण सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में तेजी आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 7,960 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया। इसी तरह 22 कैरेट सोना साप्ताहिक आधार पर 7,300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। चांदी भी मजबूत ग्लोबल संकेतों की वजह से पिछले सप्ताह के कारोबार में महंगा हो गया। कीमत में आई तेजी के कारण आज की सांकेतिक गिरावट के बावजूद चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर दस हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,63,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,63,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,49,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,63,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,49,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,63,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,49,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,49,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,63,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,49,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,63,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,49,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेज एक के शेष

**आज अंतिम सोमवार को जलार्पण के लिए उमड़े शिवभक्त...**

इसके लिए जिला प्रशासन ने रूट लाइन में विशेष व्यवस्था की है। सुरक्षा के साथ पेयजल, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रशासनिक अधिकारी भीड़ की स्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यकतानुसार इंतजाम दुरुस्त कर रहे हैं।

हालांकि, पिछले दो दिनों से बारिश नहीं होने के कारण कांवरिया पथ पर शिवभक्तों को तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ा। गर्मी के कारण कई जगह कांवरियों के कदम रुक-रुक कर आगे बढ़ते दिखाई दिये। इसके बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं आयी।

सावन के अंतिम सोमवार के बाद कांवरियों की भीड़ में कमी आने की सम्भावना है। हालांकि, भादो माह में एक बार फिर श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। भादो में स्पर्श पूजा शुरू होने की चर्चा के बीच जानकारों का मानना है कि इससे बाबाधाम में श्रद्धालुओं की भीड़ दोबारा बढ़ सकती है। ऐसे में जिला प्रशासन की ओर से आगामी दिनों के लिए भी आवश्यक तैयारियां जारी रखने की सम्भावना है।

**बिना अनुमति रांची में अब नहीं होंगे धरना-प्रदर्शन...**

पर अनधिकृत रूप से आवागमन बाधित हो। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि किसी भी कार्यक्रम के कारण जन-सुरक्षा प्रभावित नहीं होनी चाहिए और न ही आम नागरिकों के अधिकारों में अनुचित हस्तक्षेप होना चाहिए।

जिला प्रशासन ने छात्रों और आम नागरिकों से अपील की है कि किसी धरना-प्रदर्शन, रैली या जुलूस में शामिल होने से पहले आयोजकों से कार्यक्रम की वैधानिक स्थिति और प्रशासन की ओर से निर्धारित शर्तों की जानकारी जरूर लें। प्रशासन ने अफवाह, सोशल मीडिया पोस्ट या भ्रामक सूचनाओं के आधार पर ऐसा कोई कदम नहीं उठाने की अपील की है, जिससे कानून-व्यवस्था, सुरक्षा या यातायात व्यवस्था प्रभावित हो।

प्रशासन ने राजनीतिक दलों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों, विभिन्न संस्थाओं, छात्र संगठनों और आम नागरिकों से सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करने तथा आवश्यक जानकारी समय पर उपलब्ध कराने की अपील की है, ताकि सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा सके।

**भारत में तेजी से उभर रहा निजी अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के आकर्षण का केन्द्र : मोदी...**

निवेशकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना दिया है। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर लगातार अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है और यह देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम की बढ़ती ताकत में साफ दिखाई देता है। उन्होंने नयी तकनीक विकसित कर रही जेनरेशन जेड की भी जमकर सराहना की।

उन्होंने अपने भाषणों का एक वीडियो साझा करते हुए कहा, "मैंने अयोध्या में कहा था कि यह बदलाव के एक नये चक्र की शुरुआत है। इस नये चक्र में भारत वैश्विक व्यवस्था में अपनी अंतरिक्ष उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहा है और यह हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।"

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लिया है और इस लक्ष्य को हासिल करने में अंतरिक्ष क्षेत्र की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीक में भारत की बढ़ती क्षमता देश की व्यापक विकास यात्रा का अहम हिस्सा बन रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के निजी अंतरिक्ष क्षेत्र की उपलब्धियों की भी सराहना की। उन्होंने कहा,"भारत की निजी अंतरिक्ष प्रतिभा दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रही है। आज भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है।" उन्होंने कहा कि निजी कम्पनियों और स्टार्टअप्स की बढ़ती भागीदारी से भारत के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को नयी गति मिली है। इससे देश में अंतरिक्ष से जुड़ी तकनीकों, नवाचार और निवेश के लिए नये अवसर पैदा हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इसरो की सफलता भारत की अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों को प्रेरित कर रही है। इसरो की उपलब्धियों को देख कर देश के कई बच्चे यह सपना देखने लगे हैं कि बड़े होकर वे भी वैज्ञानिक बनेंगे। अंतरिक्ष अभियानों की सफलता ने बच्चों और युवाओं के बीच विज्ञान, तकनीक और अनुसंधान के प्रति रुचि को बढ़ाने का काम किया है।

इस अवसर पर इसरो अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने भारत को अंतरिक्ष क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए नवाचार, सहयोग और महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य तय करने पर जोर दिया। अहमदाबाद में तीसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के दौरान उन्होंने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की साधारण शुरुआत से लेकर आज की उपलब्धियों तक के सफर को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'जब हमने देश का अंतरिक्ष कार्यक्रम शुरू किया था, तब रॉकेट के पुर्जों को पुराने साइकिलों पर ले जाया जाता था। हमारे पास कोई दूसरा वाहन नहीं था। उस बेहद साधारण शुरुआत से आगे बढ़ते हुए आज हम नौ क्षेत्रों में दुनिया में नम्बर एक स्थान पर पहुंच चुके हैं।'

डॉ. नारायणन ने चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक उपलब्धि का जिक्र करते हुए कहा कि मिशन ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चंद्रयान-3 की उपलब्धि केवल चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित उतरने तक सीमित नहीं है। मिशन के दौरान बड़ी मात्रा में महत्त्वपूर्ण वैज्ञानिक आंकड़े हासिल किये गये हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रयान-3 से प्राप्त पूरा डेटा दुनिया भर के वैज्ञानिक समुदाय के लिए उपलब्ध करा दिया गया है, ताकि वैज्ञानिक इन आंकड़ों का इस्तेमाल चंद्रमा से जुड़े शोध और नयी खोजों के लिए कर सकें। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि चंद्रयान-3 की प्रमुख उपलब्धियों में से एक यह भी है कि इस मिशन ने दुनिया भर में मौजूद 140 करोड़ भारतीयों को प्रेरित किया।

**स्टार्टअप को भरोसा दिलाते हुए प्रधानमंत्री बोले...'कोई मेरा हाथ नहीं छोड़ देगा, यह विश्वास पैदा कर रहे'...**

वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा, 'भारत के कुछ सबसे प्रतिभाशाली अंतरिक्ष स्टार्टअप्स से मुलाकात हुई। हमेशा की तरह, उनकी ऊर्जा और महत्वाकांक्षा से मैं बहुत प्रभावित हुआ। आपको उनकी दूरदर्शिता और आशावादिता बहुत पसंद आयेगी। मुझे बताइए... भारत की अंतरिक्ष यात्रा में आपको सबसे ज्यादा क्या उत्साहित करता है?'

वीडियो में प्रधानमंत्री स्टार्टअप से कहते हैं, 'मेरा एक मत रहा कि जो भी हम निर्णय करें, हम उसमें कंसिस्टेंट रहें। हम बार-बार उसमें बदलाव ना करें, ताकि कोई भी रिस्क लेना चाहता है, तो उसको भरोसा रहे कि मेरी गलती के कारण कुछ गड़बड़ होगा, तो ठीक है, लेकिन कोई मेरा हाथ नहीं छोड़ देगा और यह विश्वास पैदा करने का हमारा प्रयास है।

इसमें एक युवा उद्यमी प्रधानमंत्री से कहते हैं कि वैश्विक तौर पर हमें बहुत अच्छा ट्रैक्शन मिला है। इसमें बहुत प्रयास सरकार की ओर से भी है कि भारतीय कम्पनियों को अब निर्यात करने में सरकार की मदद मिल रही है।

प्रधानमंत्री ने इसपर भारत की उद्यमिता से जुड़ी विशेषता का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी कीमतें बहुत प्रतिस्पर्धी हैं। प्रतिभा में हमारा कोई समकक्ष नहीं है और जोखिम उठाने की क्षमता हमारे देश के लोगों की वैसे भी ज्यादा होती है। इसी कारण हम बहुत तेजी से हम वैश्विक पटल पर अपनी जगह बना सकते हैं।

वहीं, एक अन्य युवा नेतृत्वकर्ता ने कहा कि उनका मानना है कि अंतरिक्ष क्षेत्र के खुलने से एक बदलाव आया है। हमारे यूरोप और अमेरिका में रहे रहे भारतीय वापस हमारे साथ काम करना चाह रहे हैं।

इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें बहुत लोगों को जोड़ना है। वे समझते हैं कि हमें ऐसा एक ऑरा खड़ा कर देना चाहिए कि इस क्षेत्र में काम करने वाली दुनियाभर की प्रतिभा को लगे कि उन्हें अपना कैरियर बनाना है, तो वे भारत आयें। भारत के किसी स्टार्टअप से जुड़ जायें। भारत की कोई अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़ जायें।

उन्होंने कहा, ' मैं पक्का मानता हूं जी। पूरा टैलेंट पूल जो है एक मैग्नेट की तरह आपके कारण हम खींच सकते हैं। और वह हमारी एक बहुत बड़ी ताकत बन सकता है।'

**ब्रिक्स समिट से पहले आज चीन दौरे पर जायेंगे एनएसए डोभाल...**

देश इसे सीमा पर तनाव कम करने और शांति बनाये रखने के लिए महत्त्वपूर्ण मंच मानते हैं। डोभाल और वांग यी के बीच बातचीत चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की सम्भावित भारत यात्रा से ठीक पहले हो रही है।

ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शी जिनपिंग के शामिल होने को लेकर दोनों पक्षों के अधिकारी आशांवित बताये जा रहे हैं। सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक की सम्भावना भी बन सकती है। दोनों नेताओं की पिछली मुलाकात अगस्त 2025 में तियानजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। ऐसे में डोभाल-वांग वार्ता को आगामी शीर्ष स्तर की बातचीत के लिए माहौल तैयार करने के लिहाज से महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

**बंगाल में 3400 करोड़ की पांच रक्षा परियोजनाएं शुरू...**

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में निवेश का वातावरण बदल रहा है। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में राज्य विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। उद्देश्य सह हो तो विकास को कोई रोक नहीं सकता।

रक्षा मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से आगे चल कर कई सहायक उद्योग भी विकसित होंगे। बंगाल ने देश के नवजागरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है और अब औद्योगिक नवजागरण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में हो रहे निवेश के परिणाम दूरगामी होंगे। मुख्यमंत्री शुभेन्दु अधिकारी ने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य में रोजगार के नये अवसर पैदा होंगे और अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि बंगाल में प्रशिक्षित श्रमिकों की उपलब्धता और बेहतर सम्पर्क व्यवस्था निवेश के लिए अनुकूल वातावरण तैयार होगा। साथ ही, इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिलने की सम्भावना है।

शुभेन्दु अधिकारी ने देश की रक्षा व्यवस्था के आधुनिकीकरण में राजनाथ सिंह के भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने 'ऑपरेशन सिन्दूर' का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय सेना ने जिस तरह दुश्मनों को जवाब दिया और ब्रह्मोस मिसाइल की क्षमता से देश की रक्षा व्यवस्था को मजबूत किया, वह विश्व के सामने एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत रक्षा क्षेत्र में विश्व मंच पर नेतृत्वकर्ता के रूप में उभर रहा है। स्वामी विवेकानंद के 'चरैवेति, चरैवेति' के सिद्धांत का उल्लेख करते हुए शुभेन्दु ने कहा कि भारत आनेवाले दिनों में रक्षा क्षेत्र में नयी नेतृत्व क्षमता का उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

**2027 में दुनिया के फूड सिस्टम सप्लाई को लग सकता है झटका, भारत में भी चुनौती...**

पहले भी देखा गया है कि इस घटना के कारण उष्णकटिबंधीय इलाकों में फसल उत्पादन में औसतन 3.5फीसदी की कमी आयी है। रिपोर्ट के मुताबिक एक सुपर अल नीनो की स्थिति दुनिया भर में खाद्य महंगाई को करीब 0.7फीसदी तक बढ़ा सकती है। अगर इसके साथ ऊर्जा की बढ़ती कीमतें भी जुड़ जायें, तो खाद्य महंगाई पर इसका असर 1.3 फीसदी से 1.5 फीसदी तक पहुंच सकता है।

## एक झलक

### बांग्लादेश में हिन्दू परिवार की संदिग्ध मौत

**ढाका :** बांग्लादेश के रंगपुर शहर में एक हिंदू परिवार के चार सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक गणपति चक्रवर्ती, उनकी पत्नी प्रीतिलता, बेटी अगामी और 12 वर्षीय बेटा प्रियम शनिवार रात अपने बंद घर में मृत मिले। मां-बेटी सीढि?ों पर, पिता छत और बेटे का शव बिस्तर के नीचे मिला। परिजनों के अनुसार, गुरुवार रात से चारों के मोबाइल फोन बंद थे। पुलिस ने ताला तोडकर घर में प्रवेश किया, जहां शव अलग-अलग स्थानों पर मिले। मामले की जांच पुलिस, सीआईडी और डिटेक्टिव ब्रांच कर रही है। फिलहाल मौत की वजह, समय और घटना के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है।
शहर के दशपाड़ा (मच्छुआपाड़ा) इलाके में स्थित एक मकान से शनिवार रात करीब 11:30 बजे चारों के शव बरामद किए गए। रंगपुर मेट्रोपॉलिटन कोतवाली थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) नाजमुल कादर ने बताया कि मकान अंदर से नहीं, बल्कि बाहर से बंद था और पुलिस ने ताला तोडकर अंदर प्रवेश करने के बाद शव बरामद किए। परिजनों और स्थानीय लोगों के मुताबिक, गणपति चक्रवर्ती पिछले साल 31 दिसंबर को रंगपुर जिला स्कूल से सेवानिवृत्त हुए थे।

### ऑपरेशन सिन्दूर में तबाह जैश हेडक्वार्टर दोबारा तैयार

**बहावलपुर :** ऑपरेशन सिंदूर में इंडियन एयरफोर्स ने पाकिस्तान के बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का मरकज सुभानअल्लाह हेडक्वार्टर तबाह कर दिया था। अब यह फिर से बनकर तैयार हो गया है। इसके री-कंस्ट्रक्शन में 15 महीने लगे। रिपोर्ट में दावा किया गया कि मरकज सुभानअल्लाह के क्षतिग्रस्त गुंबद फिर बना दिए गए हैं, नया संगमरमर और प्लास्टर लगाया गया है। नया पेंट भी किया गया है। दीवारों समेत पूरी इमारत की मरम्मत कर की गई है। 2025 में 6-7 मई की रात हुए ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादी संगठन जैश के इस ठिकाने को काफी नुकसान पहुंच था। 22 अप्रैल 2025 को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई की थी। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार ने जैश को मरम्मत के लिए 25 करोड़ पाकिस्तानी रुपए दिए। मदरसा अल-सबीर और जैश कमांडरों के रहने के लिए इस्तेमाल होने वाले एरिया का भी दोबारा निर्माण भी किया जा रहा है।

### पीएम रहमान की भारत यात्रा में जल्दबाजी नहीं

**ढाका :** बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री तारिक रहमान की प्रस्तावित भारत यात्रा को लेकर कहा है कि इसमें किसी तरह की जल्दबाजी नहीं है। ढाका ने स्पष्ट किया है कि वह भारत के साथ अच्छे और कामकाजी संबंध चाहता है, लेकिन अपने राष्ट्रीय हितों से समझौता नहीं करेगा। विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत में पर्याप्त प्रगति और जरूरी तैयारियां पूरी होने के बाद ही प्रधानमंत्री की भारत यात्रा होगी। विदेश राज्य मंत्री कबीर के मुताबिक, भारत बांग्लादेश का पड़ोसी है और दोनों देशों के बीच सामान्य तथा कार्यकारी संबंध होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि दोनों देश अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर किसी समझौते पर पहुंचते हैं तो यात्रा अगले सप्ताह या उसके बाद भी हो सकती है।

### कनाडा में दो गुरुद्वारों को गिराने की मिली धमकी

**टोरंटो :** कनाडा में दो गुरुद्वारों को गिराने की धमकी मिली है। इनमें कैलगरी स्थित प्रमुख सिख धार्मिक स्थल दशमेश कल्चर सेंटर और सवाना स्थित गोबिंद सरवर गुरुद्वारा साहिब शामिल है। रहे धमकी भरे फोन कॉल्स के बाद गुरुद्वारा प्रबंधन, प्रशासन और पुलिस की चिंता बढ़ गई है। ऐहतियात के तौर पर गुरुद्वारा साहिब परिसर में अतिरिक्त सुरक्षा गार्ड तैनात कर दिए गए हैं। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# पुत्रदा एकादशी पर भस्म आरती में राजा स्वरूप में सजे भगवान महाकाल

एजेंसी

**उज्जैन :** मध्य प्रदेश के उज्जैन में विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर का रविवार सुबह श्रावण शुक्ल पक्ष की पुत्रदा एकादशी तिथि पर भस्म आरती के दौरान मस्तक पर भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर ड्रायफ्रूट, आभूषण और सुगंधित फूलों से राजा स्वरूप में आकर्षक शृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दिव्य दर्शनों का लाभ लिया। इस दौरान जय श्री महाकाल के उद्घोष से मंदिर परिसर गूंज उठा।
महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि श्रावण शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर रविवार तड़के 3 बजे भस्म आरती के लिए मंदिर के पट खोले गए। पट खुलते ही पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से अभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर बाबा को हरिओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद भगवान महाकाल के मस्तक पर भांग, चंदन और त्रिपुंड अर्पित कर विशेष श्रृंगार किया गया। श्रृंगार पूरा होने के बाद ज्योतिर्लिंग को वस्त्र से ढंककर भस्मी रमाई गई। महानिवार्णी अखाड़े की



ओर से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। इसके बाद बाबा महाकाल का भांग, ड्रायफ्रूट, चंदन, आभूषण और सुगंधित फूलों से राजा स्वरूप में श्रृंगार किया गया।
इसके बाद बाबा महाकाल को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत मुंडमाल, रुद्राक्ष की माला और सुगंधित पुष्पों की माला अर्पित की गई। बाबा को मोगरे और गुलाब के फूल भी धारण कराए गए। इसके बाद फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भस्म आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और बाबा महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मान्यता है कि भस्म अर्पित करने के बाद भगवान महाकाल निराकार से साकार स्वरूप में दर्शन देते हैं।

**पुत्रदा एकादशी का महत्व**

श्रावण महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी को श्रावण पुत्रदा एकादशी मनाई जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, यह एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित मानी जाती है। इस दिन भगवान विष्णु के साथ भगवान शिव की पूजा का भी विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र तिथि पर सच्ची श्रद्धा और नियमपूर्वक व्रत-पूजन करने से भगवान श्रीहरि विष्णु की कृपा प्राप्त होती है। पुत्रदा एकादशी का व्रत संतान सुख, संतान की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना से रखा जाता है।

### संत समागम में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' पर मंथन, शिवराज बोले

# बार-बार चुनाव विकास में बाधक

**धामी बोले** राष्ट्रहित, सुशासन और जनकल्याण से जुड़ा है 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' का विषय

एजेंसी

**हरिद्वार :** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की आवश्यकता पर जोर देते हुए इसे देशहित में आवश्यक बताते हुए संत समाज से 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के पक्ष में जनजागरण करने की अपील की।
हरिद्वार के प्राचीन अवधूत मंडल आश्रम में रविवार को आयोजित संत समागम कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में बार-बार होने वाले चुनाव विकास की निरंतर गति में बाधक बन रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया में समय, धन और प्रशासनिक संसाधनों का बड़ा हिस्सा खर्च होता है। बार-बार चुनाव होने से प्रशासनिक मशीनरी चुनावी तैयारियों में लग जाती है, जबकि शिक्षकों, पुलिस और अन्य कर्मचारियों की सेवाएं भी चुनाव ड्यूटी में लगाई जाती हैं। इससे विकास एवं जनकल्याण के कार्य प्रभावित होते हैं।
उन्होंने कहा कि यदि लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाते हैं तो संसाधनों और समय की बचत होगी तथा प्रशासन का अधिक ध्यान विकास कार्यों पर केंद्रित किया जा सकेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के संकल्प का समर्थन करते हुए कहा कि यह केवल किसी राजनीतिक दल का विषय नहीं, बल्कि पूरे देश से जुड़ा विषय है। देश पहले है और राजनीतिक दल उसके बाद हैं। केंद्रीय मंत्री ने उन्होंने कहा कि संत-महात्माओं की समाज में व्यापक स्वीकार्यता और प्रभाव है। यदि संत अपने प्रवचनों और संवाद के



- संत समाज से 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के पक्ष में जनजागरण की अपील
- बार-बार चुनाव से विकास कार्य और प्रशासनिक व्यवस्था प्रभावित होने का दावा
- लोकसभा-विधानसभा चुनाव साथ कराने से समय व संसाधनों की बचत पर जोर
- 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति का प्रतीक बताते हुए समर्थन का आह्वान

माध्यम से इस विषय पर लोगों को जागरूक करेंगे तो यह विचार जन-जन तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि देशहित में होने वाले इस संवैधानिक परिवर्तन के लिए व्यापक जनसमर्थन आवश्यक है।
केंद्रीय मंत्री ने 'वंदे मातरम' के पूर्ण स्वरूप का समर्थन करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। उन्होंने संत समाज से आग्रह किया कि वे अपने प्रवचनों के माध्यम से लोगों में राष्ट्रभाव और एकता की भावना को मजबूत करें।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' राजनीतिक विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सुशासन, जनकल्याण और देश के संसाधनों के बेहतर उपयोग से जुड़ा राष्ट्रीय विषय है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और चुनाव लोकतंत्र का महत्वपूर्ण पर्व हैं, लेकिन लगातार चलने वाली चुनावी प्रक्रिया का प्रभाव शासन और विकास कार्यों पर भी पड़ता है।
उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने पर आदर्श आचार संहिता लागू होती है और बड़ी संख्या में प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, पुलिस एवं सुरक्षा बल चुनाव संबंधी दायित्वों में जुट जाते हैं। ऐसे में यदि एक साथ चुनाव कराने से सार्वजनिक धन और संसाधनों की बचत होती है तथा प्रशासन को जनसेवा एवं विकास कार्यों के लिए अधिक समय मिलता है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के विषय को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में लाते हुए इसे आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए विकास की निरंतर गति आवश्यक है। शासन का अधिकतम समय रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत ढांचे और जनकल्याण से जुड़े कार्यों में लगाया जाना चाहिए।

# मेट्रो लाइन के नीचे जगमगाया बहादुरगढ़ सजावटी महाराजा लाइटों का शुभारम्भ

श्रीओम शर्मा

**बहादुरगढ़ :** शहर के मुख्य मार्ग को आकर्षक और रोशन बनाने की दिशा में नगर परिषद ने मेट्रो लाइन के नीचे डिवाइडर पर लगाई गई श्री श्याम चिन्ह वाली महाराजा टाइप सजावटी लाइटों का शुभारंभ कर दिया। नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी और भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने संयुक्त रूप से बटन दबाकर लाइटें चालू कीं। इसके साथ ही सेक्टर-6 की पहली पुलिया से बस स्टैंड तक पूरा मार्ग रोशनी से जगमगा उठा।
चेयरपर्सन सरोज राठी ने कहा कि शहर को सुंदर, स्वच्छ और बेहतर रोशनी वाला बनाना नगर परिषद की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से दिल्ली-रोहतक रोड पर मेट्रो लाइन के डिवाइडर का करीब 1.75 करोड़ रुपये की लागत से



- सेक्टर-6 की पहली पुलिया से बस स्टैंड तक सजावटी लाइटें शुरू
- मेट्रो लाइन के नीचे डिवाइडर का 1.75 करोड़ रुपये से सौन्दर्यीकरण

सौंदर्यीकरण किया जा रहा है, जिसमें ये सजावटी लाइटें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है।
भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने कहा कि मुख्य मार्ग पर आकर्षक लाइटें लगने से शहर की तस्वीर बदल गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि विकास और सौंदर्यीकरण के ऐसे कार्य आगे भी जारी रहेंगे।
कार्यक्रम में मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, पूर्व वाइस चेयरमैन पाले राम शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश सैनी, पार्षद राजेश तंवर, बिजेंद्र दलाल, भीम सिंह प्रणामी, अमित कौशिक समेत अनेक जनप्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अभिनेता रोहुल्लाह मेहदी गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई में कथित ड्रग्स नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करते हुए काशीमीरा पुलिस की अपराध शाखा ने बॉलीवुड अभिनेता और मॉडल रोहुल्लाह मेहदी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में 28 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5 लाख 60 हजार रुपये बताई गई है। इस कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोशल मीडिया के जरिए एमडी ड्रग्स की बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस ने कथित तस्करों तक पहुंचने के लिए फर्जी ग्राहक के जरिए जाल बिछाया। 28 ग्राम एमडी की डिलीवरी के लिए कासिफ नाम के व्यक्ति को दहिसर चेक नाका इलाके में ठाकुर मॉल के पास बुलाया गया।

### भारतीय वायु सेना ने पूरे किये बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास पिच ब्लैक व उदारा शक्ति



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारतीय वायु सेना ने दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यासों में अपनी भागीदारी पूरी की। ऑस्ट्रेलिया में 'पिच ब्लैक' और मलेशिया में 'उदारा शक्ति' अभ्यासों में वायु सेना ने परिचालन, बेहतर सामरिक तालमेल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रक्षा साझेदारियों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायु सेना (आरएएएफ) की मेजबानी में 'पिच ब्लैक' अभ्यास के दौरान भारतीय वायु सेना ने 20 से अधिक देशों की वायु सेनाओं के साथ संचालन के लिए अपने अग्रिम पंक्ति के राफेल लड़ाकू विमानों को तैनात किया। उच्च जोखिम वाले और बहु-क्षेत्रीय परिचालन वातावरण में जटिल लार्ज फोर्स एम्प्लॉयमेंट (एलएफई) मिशनों को अंजाम देते हुए इस अभ्यास ने साझेदार देशों के बीच बेहतर तालमेल, अनुभवों से सीखने और संयुक्त रूप से प्रभावी ढंग से काम करने की क्षमता को बढ़ावा दिया।

# ओड़िशा तट के पास बंगाल की खाड़ी में पनामा झंडे वाला मालवाहक जहाज डूबा, 24 क्रू मेंबर थे सवार

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ओडिशा के पारादीप तट से करीब 240 नॉटिकल मील (444 किलोमीटर) दूर बंगाल की खाड़ी में शनिवार को पनामा झंडे वाला मालवाहक जहाज एमवी ओशन विनर डूब गया। जहाज पर 24 क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें 20 चीनी नागरिक, म्यांमार के तीन नागरिक और बांग्लादेश का एक नागरिक शामिल था। भारतीय तटरक्षक बल ने अब तक दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया है, जबकि बाकी की तलाश जारी है।
जहाज पारादीप पोर्ट से 1700 टन लौह अयस्क लेकर सिंगापुर जा रहा था। 20 अगस्त की रात जहाज रवाना हुआ था और समुद्र में आगे



बढ़ते समय उसका संपर्क टूट गया। इसके बाद भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने संयुक्त खोज और बचाव अभियान शुरू किया। श्री विजयपुरम (पूर्व में पोर्ट ब्लेयर) से दो जहाज रवाना किए गए हैं। आसपास मौजूद अन्य जहाजों को भी अलर्ट किया गया है।
केंद्रीय पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सबानंद सोनोवाल ने एक्स पर लिखा कि इस घटना से वे काफी चिंतित हैं। सभी एजेंसियां मिलकर बचाव अभियान चला रही हैं। दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है और उन्हें चिकित्सकीय देखभाल दी जा रही है।
पारादीप पोर्ट अथॉरिटी के डिप्टी कंजरवेटर कैप्टन अलेखा चरण साहू ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह जहाज पर सवार सभी लोगों की सलामती की उम्मीद कर रहे हैं।

### सतलुज प्रदूषण पर पंजाब में पहली एफआईआर

**चंडीगढ़ :** पंजाब के रोपड़ में सतलुज नदी के बढ़ते प्रदूषण को लेकर प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। पंजाब पुलिस ने नदी को प्रदूषित करने के मामले में राज्य की पहली एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई रोपड़ के आम आदमी पार्टी विधायक दिनेश चड्ढा की शिकायत और पहल के बाद की गई।
एफआईआर हिमाचल प्रदेश के बद्दी और नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्रों की अज्ञात फैक्ट्रियों और उनके प्रबंधकों के खिलाफ दर्ज की गई है। बताया गया है कि हाल की भारी बारिश के बाद सतलुज नदी में बड़ी मात्रा में जहरीला औद्योगिक कचरा और रासायनिक अपशिष्ट पहुंचा। आरोप है कि बद्दी और नालागढ़ की कुछ फैक्ट्रियों से निकलने वाला प्रदूषित पानी नदी में पहुंच रहा है।

### बर्थडे पर तेजा सज्जा को मिला बड़ा तोहफा

# 'जॉम्बी रेड्डी' के सीक्वल का एलान



**मुम्बई :** अभिनेता तेजा सज्जा के जन्मदिन के खास मौके पर उनकी चर्चित फिल्म 'जॉम्बी रेड्डी' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल का आधिकारिक ऐलान कर दिया गया है। पीपल मीडिया फैक्टरी ने फिल्म का शीर्षक 'जॉम्बी रेड्डी नेक्स्ट लेवल' रखा है। पहली फिल्म की सफलता के बाद अब यह फ्रेंचाइजी बड़े पैमाने पर वापसी करने जा रही है। जारी की गई झलक में तेजा सज्जा हजारों जॉम्बीज की भीड़ के सामने अकेले खड़े नजर आते हैं, जो फिल्म के बड़े स्केल और हाई-ऑक्टेन एक्शन की झलक देती है। फिल्म में रियल स्टार उपेंद्र अहम भूमिका में नजर आएंगे, जबकि शनाया कपूर इसके जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा में पदार्पण करेंगी। 'जॉम्बी रेड्डी नेक्स्ट लेवल' का निर्देशन सुपर्ण एस. वर्मा करेंगे जबकि फिल्म की कहानी और फ्रेंचाइजी की मूल कल्पना प्रशांत वर्मा की है। स्क्रीनप्ले हुसैन दलाल, प्रशांत वर्मा और सुपर्ण एस. वर्मा ने मिलकर लिखा है। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी गौरा हरि संभाल रहे हैं, जो 'हनुमान' और 'मिराई' जैसे प्रोजेक्ट्स के संगीत के लिए जाने जाते हैं। टीजी विश्व प्रसाद और कृति प्रसाद द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित इस जॉम्बी एक्शन-कॉमेडी में एक्शन, एडवेंचर और कॉमेडी का मेल देखने को मिलेगा। फिल्म की दुनिया में जॉम्बीज का कब्जा हो चुका है और तेजा का किरदार उनके खिलाफ मोर्चा संभालता नजर आएगा। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय दर्शकों तक पहुंचाने के लिए इसे सात भाषाओं हिंदी, तेलुगु, कन्नड़, तमिल, मलयालम, नेपाली और जापानी में दुनियाभर में रिलीज करने की योजना है।

# 'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्' ईश्वर की चेतना के मूल स्वरूप : स्वामी अमरानन्द

कृष्ण बिहारी मिश्र



**रांची** स्थित योगदा सत्संग आश्रम में रविवारीय सत्संग को संबोधित करते हुए स्वामी अमरानन्द गिरि ने सत्यम् शिवम् सुन्दरम् को परिभाषित करते हुए कहा कि ये तीनों शब्द का अर्थ एक ही है, जो ईश्वर के तीन महानतम् मूल्यों को समाहित किये हुए हैं। ये तीनों शब्द ईश्वर की चेतना के मूल स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि सत्य ब्रह्मांड का आधार, शिव शुभता और सुन्दर ईश्वर के सच्चिदानन्द स्वरूप का प्रकटीकरण है।
उन्होंने कहा कि सत्य से मन पवित्र, शिव से कल्याण और सुंदरम से आत्मिक आनन्द की प्राप्ति होती है। उन्होंने तत्वमसि की व्याख्या करते हुए परमहंस योगानन्द की बातों को उल्लेखित करते हुए कहा कि इसका अर्थ ही है कि वह तुम ही हो और इसे क्रियायोग के माध्यम से और बेहतर ढंग से समझ सकते हो।
स्वामी अमरानन्द गिरि ने ऊं तत् सत् की व्याख्या करते हुए कहा कि यहां सत् को ईश्वर कहा गया है। तत् यहां पुत्र या कूटस्थ चैतन्य है। और ऊं वो पवित्र आत्मा है, जिससे भौतिक संसार का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि ईश्वर ने जब इस भौतिक संसार को आकार देना चाहा तो ब्रह्मांडीय ध्वनि उत्पन्न हुई, जिसे ओम या प्रणव ध्वनि कहा गया। यह वहीं तरंगें हैं, जिससे विचार और ऊर्जा उत्पन्न हुई।
उन्होंने कहा कि जब भी मन में नकारात्मक विचार जगे। ओम् का



उच्चारण करें। ओम् तत् सत अलग नहीं। बल्कि सभी एक ही है। उन्होंने कहा कि गुरुजी हमेशा कहा करते थे कि जिसने भी ईश्वर की प्राप्ति के लिए प्रयास किये। वे उसके साथ हो लिये और उसे ईश्वर से जोड़ने में मदद की। स्वामी अमरानन्द गिरि ने ब्रह्मा, विष्णु और महेश को भी एक ही बताया। उन्होंने कहा कि जब आप सत्य से जुड़ते हैं तो आपकी चेतना जागृत होने लगती है और फिर आप ईश्वर की ओर बढ़ने लगते हैं। उन्होंने कहा कि योगदा द्वारा बताये गये व्यायाम, हं-सः व ओम्‌तकनीक और क्रिया योग आपको ईश्वर के निकट ले जाने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि आप अपना प्रयास मत छोड़िये। उन्होंने कहा कि प्रकृति को देखिये। प्रकृति कितना सुन्दर और शांत है। एक गुलाब को देखिये और उसकी सुंदरता का एहसास कीजिये और उसके शांत स्वभाव को भी देखिये।
स्वामी अमरानन्द गिरि ने परमहंस योगानन्द जी से जुड़ी इसी दरम्यान एक कथा सुनाई। अमरीका में जब परमहंस योगानन्द जी को दो डकैतों ने घेर लिया और उनसे लूटपाट करने की कोशिश की। परमहंस योगानन्द जी ने बिना किसी प्रतिकार के उनके पास जो वैलेट था। उसे देने की कोशिश की। लेकिन जब दो डकैतों की नजर परमहंस योगानन्द जी के मुस्कुराते हुए चेहरे पर पड़ी तो उनका हृदय परिवर्तन हो चुका था। वे बिना उन्हें लूटे ही वहां से चल दिये। उन्होंने इस कहानी के माध्यम से बताया कि सत्य को प्राप्त कर लेने के बाद कैसे समस्याएं भी आकर स्वतः दम तोड़ देती है। उन्होंने कहा कि ईश्वर ही सत्य है। वहीं शिव भी है और उसके जैसा कोई सुन्दर दुनिया में नहीं। उन्होंने कहा कि आप सत्य को जान लेते हैं। जो क्रिया योग के द्वारा संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि द्रौपदी शरीर के अंदर कुण्डलिनी, पांडव रीढ़ की हड्डी में स्थित पांच चक्र हैं, जबकि भगवान कृष्ण कूटस्थ चैतन्य अर्थात् आज्ञा चक्र है।
उन्होंने यह भी कहा कि आप जो ऊँ नमः शिवाय कहते हैं। दरअसल उसमें न -मूलाधार चक्र, म झ स्वाधिष्ठान चक्र, शि झ मणिपूर चक्र, वा झ अनाहत चक्र और य झ विशुद्ध चक्र है, जबकि ऊँ झ आज्ञा चक्र अर्थात कूटस्थ केन्द्र है। यह कूटस्थ केन्द्र दरअसल ईश्वर का द्वार है, यहीं से ऊं की ब्रह्माण्डीय ध्वनि ध्यान करने पर सुनाई देती है।
उन्होंने कहा कि हम जो भजन गाते है झ कौन है मेरे मंदिर में, द्वार खुले सब अपने आप, दीप जले सब अपने आप, अंधेरा काले पंछी समान, दूर उड़े औ दूर उड़े... दरअसल जैसे ही हम अपने योगदा परम्पराओं के गुरुओं के सम्पर्क में आते हैं और उनके बताये गये व्यायाम, हं-सः, ओम्‌तकनीक व क्रिया योग के संपर्क में आते हैं, तो उसके बाद शरीर के अंदर की कुण्डलिनियां जागने और चक्र खुलने लगते हैं। दरअसल ये ही द्वार है, जो हमें ईश्वर की ओर एकाकार कराने के लिए स्वतः खुलने लगते हैं। जो भाव उक्त भजन में निहित है।

**(लेखक बिहार-झारखण्ड के वरिष्ठ पत्रकार एवं विद्रोही24 के सम्पादक हैं।)**